रांची का तापमान
कांके: अधिक. 34.0° न्यून. 28.7°
रांची: अधिक. 33.9° न्यून. 23.9°
रांची, बुधवार
21 मई 2025
वर्ष-26, अंक-108, पृष्ठ-12
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 09, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com
ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
₹3.00
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




## शराब घोटाले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने की बड़ी कार्रवाई

# विनय कुमार चौबे और गजेंद्र सिंह किए गए गिरफ्तार

**नवीन मेल डेस्क**

- चौबे उत्पाद विभाग के तत्कालीन सचिव हैं
- उत्पाद विभाग के संयुक्त आयुक्त हैं गजेंद्र सिंह

**रांची।** शराब घोटाले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की। घोटाले में आरोपित आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे और उत्पाद विभाग के संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह को मंगलवार को जेल भेज दिया। इससे पहले, उन दोनों से भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने लंबी पूछताछ की और मंगलवार की शाम को उन्हें गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद दोनों को एसीबी के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार सिंह की अदालत में पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने का फैसला सुनाया। अगली सुनवाई अब 3 जून 2025 को होगी। इससे पहले, एसीबी ने करीब छह घंटे तक दोनों अधिकारियों से पूछताछ की थी। पूछताछ के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच दोनों को एसीबी की कोर्ट में पेश किया गया था। कोर्ट में पेशी से पहले दोनों की मेडिकल जांच भी करवाई गई। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ आर्थिक अपराध शाखा में प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद झारखंड एसीबी ने राज्य में कथित शराब घोटाले के सिलसिले में सरकार की अनुमति के बाद प्रीलिमिनरी एनक्वायरी (पीई) दर्ज की थी। प्रारंभिक जांच के बाद एसीबी ने सरकार से अनुमति लेकर शराब घोटाले के सिलसिले में नियमित प्राथमिकी दर्ज की है। विनय चौबे उत्पाद विभाग के तत्कालीन सचिव हैं। उनके ही कार्यकाल में कथित तौर पर शराब घोटाला हुआ था। पूरा मामला झारखंड में 31 मार्च 2022 से लागू नई उत्पाद नीति से संबंधित है। आरोप है कि इसके लिए जनवरी 2022 में झारखंड में उत्पाद नीति को बदलने के लिए छत्तीसगढ़ के अधिकारियों के साथ तत्कालीन उत्पाद सचिव और अन्य अधिकारियों ने योजना बनाई और रायपुर में बैठक की थी।

यह भी आरोप है कि उत्पाद नीति लागू होने के बाद दो वर्षों तक झारखंड उत्पाद नीति में छत्तीसगढ़ की एजेंसियां कार्यरत रहीं। नकली होलोग्राम, अवैध शराब की सप्लाई कर झारखंड सरकार को करोड़ों रुपये की क्षति पहुंचाई गई। छत्तीसगढ़ के रायपुर में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी इनफोर्समेंट केस इनफॉरमेशन रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज किया था।

शेष पेज 11 पर

**न्यायिक हिरासत में भेजे गए दोनों अधिकारी**



## विनय चौबे ने पद का दुरुपयोग कर 38 करोड़ का पहुंचाया नुकसान : एसीबी

रांची। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने शराब घोटाले के सिलसिले में दर्ज प्राथमिकी (9/25) में अधिकारियों पर पद का दुरुपयोग कर सरकार को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है। दर्ज प्राथमिकी में एसीबी ने तत्कालीन उत्पाद सचिव विनय कुमार चौबे और संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह को नामजद अभियुक्त बनाया है। प्राथमिकी में कहा गया है कि इन अधिकारियों ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए प्लेसमेंट एजेंसियों के चयन में निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं किया। आपराधिक साजिश रच कर व जालसाजी कर प्लेसमेंट एजेंसी को अनैतिक लाभ पहुंचाया, जिससे सरकार को लगभग 38 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। एसीबी के अनुसार, जांच के दौरान मिले साक्ष्य के आधार पर मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग से अनुमति मिलने के बाद इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसमें अभियुक्तों को आईपीसी की धारा 120बी, 420, 467, 468, 471, 409, 407, 109, (बीएनएस की धारा 61(2), 318, 336, 340, 316, 45) और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 7(सी)/12, 13 (2) सह पठित धारा 13(1)(ए) के तहत आरोपी बनाया गया है।

## चैंबर खान व्यवसायियों की समस्याओं को ले पहुंचा पॉल्यूशन बोर्ड

**रांची।** पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के निर्देश पर पत्थर खदानों और क्रशर के लिए 10 हजार सीएफटी क्षमता 400 टीडीपी उत्पादन से अधिक क्रशर और खदानों खानों पीएम-10 विश्लेषक स्थापित करने को लेकर मंगलवार को फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) के प्रतिनिधिमंडल ने पॉल्यूशन बोर्ड के सदस्य सचिव से मुलाकात की। मुलाकात के क्रम में प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि परिवेशी वायु के लिए प्रयोगशाला परीक्षण रिपोर्ट भी मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं से हर छह महीने की अवधि में अनिवार्य है। मौके पर प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि पीएम-10 विश्लेषक चौबीसों घंटे परिवेशी वायु का विश्लेषणात्मक डाटा जेएसपीसीबी को भेज रहा है। इसलिए छह मासिक विश्लेषण प्रस्तुत करने की आवश्यकता अनुचित और अनावश्यक प्रतीत होती है, क्योंकि इसमें क्रशर और खान मालिकों को अतिरिक्त लागत आती है। इसलिए प्रतिनिधिमंडल ने उन क्रशर इकाइयों के लिए छह मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने से छूट देने का अनुरोध किया। सदस्य सचिव राजीव लोचन बक्शी ने सभी बिंदुओं पर विचार करने आश्वासन दिया।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**
सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी
भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
+91 82923 73444
कार्यकारी संपादक।

### बीबीएमकेयू धनबाद में राज्यपाल व सीएम ने किया बिनोद बिहारी महतो की प्रतिमा का अनावरण

# शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि का प्रयास निरंतर जारी : मुख्यमंत्री

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची/धनबाद।** राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद के परिसर में झारखंड राज्य के अगुवा, पुरोधा और मार्गदर्शक बिनोद बिहारी महतो की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने बिनोद बिहारी महतो की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री सोरेन ने प्रतिमा अनावरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि बिनोद बिहारी महतो के नाम से स्थापित यह विश्वविद्यालय बहुत कम समय में ही कई नए आयाम गढ़ रहा है। विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के क्षेत्र में यह विश्वविद्यालय तेजी से आगे बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की भौगोलिक संरचना के मद्देनजर यहां के लोगों को अधिक से अधिक सुविधा मुहैया करने के लिए हमारी सरकार कई कदम उठा रही है। इसी कड़ी में बिनोद बिहारी महतो विश्वविद्यालय की स्थापना धनबाद जिले में की गई, ताकि यहां के विद्यार्थियों को अपने ही क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा मिल सके। आज यह विश्वविद्यालय पूरे राज्य की शोभा बढ़ा रहा है। यहां के विद्यार्थियों का भविष्य संवारने का काम यह विश्वविद्यालय बखूबी निभा रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड आंदोलन की उपज है। इसी वजह से यह राज्य शहीदों के नाम से जाना जाता है। इस राज्य के निर्माण में हमारे पूर्वजों का अहम योगदान रहा है। ऐसे में अपने शहीदों और आंदोलनकारियों को सम्मान देने की परंपरा हम निभाते आ रहे हैं।

शेष पेज 11 पर



### सीएम हेमंत सोरेन ने कहा

- यह राज्य आंदोलन की उपज, शहीदों के नाम से जाना जाता है झारखंड
- आदिवासियों-मूलवासियों को उनका अधिकार देना हमारी प्रतिबद्धता
- राज्य की उन्नति के लिए व्यवस्था को बेहतर बनाने की कोशिश जारी

### राज्य में शिक्षा क्षेत्र में किए गए बदलाव का दिख रहा परिणाम

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि चाहे प्राथमिक शिक्षा हो या माध्यमिक अथवा उच्च शिक्षा, हमारी सरकार ने काफी कम समय में शिक्षा के क्षेत्र में जो बदलाव किए हैं, उसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे है। सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सीमित संसाधनों के बीच इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे ही कई और बदलाव करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि और उसकी कमियों को दूर करने का प्रयास निरंतर जारी है।



### झारखंड की सामाजिक चेतना के अग्रदूत थे बिनोद बिहारी महतो : राज्यपाल

- कहा, विश्वविद्यालयों को सामाजिक सरोकार से जुड़ी शोध परियोजनाएं प्रोत्साहित करनी चाहिए

**रांची/धनबाद।** राज्यपाल सह झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद परिसर में स्व. बिनोद बिहारी महतो की प्रतिमा के अनावरण समारोह को संबोधित करते उनके योगदान का उल्लेख किया और उन्हें 'झारखंड की सामाजिक चेतना का अग्रदूत' बताया। राज्यपाल ने कहा कि यह प्रतिमा मात्र एक शिल्प नहीं, बल्कि संघर्ष, आत्मबल, और शिक्षा के माध्यम से समाज में बदलाव लाने वाले एक युगपुरुष के विचारों का प्रतीक है।

शेष पेज 11 पर

### 8वीं बोर्ड की परीक्षा में रांची जिला का शानदार प्रदर्शन

## उपलब्धि : रांची ने झारखंड में हासिल किया द्वितीय स्थान



प्रतीकात्मक फोटो

**नवीन मेल डेस्क**

- आठवीं बोर्ड में रांची जिला के 97.71 प्रतिशत छात्र प्रोन्नत
- प्री-बोर्ड परीक्षा का आयोजन बना छात्रों के बेहतर प्रदर्शन का आधार

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा राज्य के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के संकल्प से प्रेरणा लेते हुए राज्य में आठवीं प्री-बोर्ड परीक्षा आयोजित करने वाला एक मात्र जिला बनने के बाद रांची ने एक और शानदार उपलब्धि हासिल की है। इस वर्ष 8वीं बोर्ड की परीक्षा में लंबी छलांग लगाते हुए रांची जिला ने राज्य में द्वितीय स्थान हासिल किया है। पिछले वर्ष राज्य के सभी जिलों के बीच रांची जिला का 21वां स्थान था। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, रांची मजूनाथ भजन्त्री ने बच्चों को बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं, उन्होंने कहा कि बच्चे इसी तरह परिश्रम करते हुए आगे बढ़ें और देश का नाम रौशन करें। इस वर्ष आठवीं बोर्ड में रांची जिला के 35,828 छात्रों ने भाग लिया, इनमें 97.71 प्रतिशत बच्चे प्रमोट हुए। प्रोन्नत होने वाले छात्रों की संख्या 34,442 है। 97.76 प्रतिशत के साथ पहले स्थान पर रहने वाले कोडरमा जिला से रांची सिर्फ 0.05 प्रतिशत पीछे है। कोडरमा के 09 और रांची के 45 छात्रों का रिजल्ट इंकम्प्लीट है, जिस कारण आंकड़ों में बदलाव संभव है। रांची में आठवीं प्री-बोर्ड के आयोजन का उद्देश्य छात्रों को बोर्ड परीक्षा के लिए तैयार करना रहा। जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज ने बताया कि प्री-बोर्ड के रिजल्ट की घोषणा के बाद मार्जिनल पीछे रहने वाले छात्रों पर विशेष ध्यान दिया गया। उनके लिए स्पेशल क्लासेस की व्यवस्था गई, छात्र ज्यादा से ज्यादा अंक अर्जित कर सकें, इसे ध्यान में रखते हुए उनकी तैयारी करवाई गई।

शेष पेज 11 पर

### युद्ध में सिद्धहस्तता है शौर्य

## जिनकी गर्जना से कांपता है रिपुदल

युद्ध ठान लेना ही शौर्य एवं पराक्रम नहीं, शौर्य एवं पराक्रम का प्रतीक तो है, युद्ध में सिद्धहस्तता। जल, थल, नभ (त्रिलोक) में प्रतिद्वंदी की विनाश बेला में, शौर्य, पराक्रम के साथ अभयदान देना ही पहचान है, तिरंगे की आन, बान और शान रखने वाली भारतीय सेना की। राष्ट्रकवि 'दिनकर' की यह कविता आज भी प्रासंगिक हैं।

क्षमा शोभती उस भुजंग को,
जिसके पास गरल हो।
उसको क्या, जो दंतहीन,
विषरहित, विनीत सरल हो।




मिथिलेश कुमार मिश्र, संयुक्त सचिव (सेवानिवृत्त), झारखंड विधानसभा।

### तेज बारिश से राजधानी में मौसम हुआ सुहाना



## कुछ देर की बारिश में ही रांची में कई जगहों पर जमा पानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में मंगलवार को दोपहर में तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश से मौसम का मिजाज बदल गया। वहीं, मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार, बुधवार को भी झारखंड के कई जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश हो सकती है। वहीं, मंगलवार को तेज बारिश और हवाओं के कारण राजधानी के कुछ हिस्सों में पेड़ गिरे, जिससे कुछ समय के लिए जाम की स्थिति बन गई। वहीं, कुछ देर की ही बारिश से जिले के कई सड़कों पर पानी का भी जमाव हो गया। वैसे, भारी बारिश होने से तापमान में कमी दर्ज की गई और मौसम भी सुहाना हो गया। बारिश होने से लोगों को गर्मी राहत मिली।


**इंडिया**

# टीवी और फिल्मों से संस्कृति नष्ट करने की साजिश या बाजारवाद



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

रांची में पहली बार जब दूरदर्शन की शुरुआत हुई और टीवी पर चित्रहार दिखाया जाने लगा तब रामगढ़ के गोला के एक मुस्लिम परिवार ने सामने पर्दा लगा दिया कि इतनी बेशर्मी परिवार के बीच उचित नहीं यह समाचार एक दैनिक में प्रमुखता से छपा था । ये वो दौर था जब आकाशवाणी और दूरदर्शन में भारतीय संस्कृति की मर्यादा विज्ञापनों तक में झलकती थी पर गैट समझौते के बाद के उदारीकरण और निजी चैनलों की आंधी ने हमें इतना बेशर्म बना दिया है कि दिन में समाचारों या किसी अन्य कार्यक्रमों के बीच अंतरराष्ट्रीय तौर पर कुख्यात अश्लील फिल्मों की हिरोइन सन्नी लियोनी अभिनीत कंडोम का अश्लील विज्ञापन पूरा परिवार देख रहा है पर कोई कुछ बोल नहीं रहा कि कहीं उसे पिछड़ा या देहाती न समझ लिया जाए । इस आधुनिकता और बेशर्मी के साथ अश्लीलता की स्वीकार्यता एक दिन में नहीं बढ़ी बल्कि बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने बहुत ही चालाकी से हमारे अंदर उसकी स्वीकार्यता को धीमे जहर की तरह बढ़ाया । आकाशवाणी दूरदर्शन के शालीन और भारतीय मूल्यों पर आधारित मध्यमवर्गीय समाज की कहानियों पर आधारित कार्यक्रमों की तुलना में नवअभिजात्य वर्ग को पश्चिमी सभ्यता में रंगे सास बहू के षड्यंत्र और अनैतिक संबंधों को जायज ठहराते प्रसंग वर्जित फल की तरह आकर्षित करने लगे । इनकी काल्पनिक कहानियां पश्चिमी देशों के लोकप्रिय पर कुत्सित सॉप ओपेरा से प्रेरित थीं जिन्हें भारतीय वस्त्रों और चरित्रों से बहुत ही चालाकी से सजाया गया था । इन्हें डिजाइन और प्रायोजित करने के पीछे बहुराष्ट्रीय कंपनियां थीं जिन्हें भारत में अपने उत्पादों के लिए बाजार और कृत्रिम मांग पैदा करनी थी । ऐसे धारावाहिकों की सबसे बड़ी निर्माता एक भारतीय महिला ही थी जिन्होंने सन्नी लियोनी को मुंबई के सिद्धि विनायक मंदिर में पूजा कराकर लॉन्च किया था ताकि परंपरागत भारतीय परिवारों में उसकी ग्राह्यता हो । यह अलग बात है कि कई अंग प्रदर्शन वाली फिल्मों में लीड रोल के बाद भी सन्नी को भारतीय दर्शकों ने लगभग अस्वीकार कर दिया । यहां ध्यान देने की बात है कि पोर्नोग्राफी की मोटी कमाई की तुलना में सभी फ्लॉप फिल्मों के बाद भी सन्नी ने भारत छोड़ा नहीं । हिंदी फिल्मों से धीरे-धीरे गांव, भारतीय संस्कृति और आदर्श चरित्र गायब होते गए और अश्लीलता को




संस्कृति, माफिया, अपराधी को नायक या ख़ास विचारधारा को श्रेष्ठ और भारत को गंवारू या नेगेटिव दिखाने के आरोप लगते तब तक भारत किसिंग से लेकर लीप लॉक तक स्वीकार करते-करते बेशर्मी को स्वीकार करने लगा । बीच में फिल्मों को व्यवसाय बताने वाले अनेक फिल्मकारों सहित अमिताभ बच्चन तक ने जोरदार मांग उठाई कि फिल्म सेंसर बोर्ड को भंग कर दिया जाए और ये खुलेपन की उस पश्चिमी परकाष्ठा के अनुरूप थी जहां ब्लू फ़िल्में सिनेमा के थियेटर में नियमित रूप से दिखाई जाती हैं । इससे ऐसा लगता है कि जैसे भारत की संस्कृति को नष्ट कर भारत को ही बर्बाद करने की साजिश थी। पर भारत कितना भी इंडिया कहलाए पर इसके कण-कण में बसी भारतीयता और इसकी महान संस्कृति ने इसे सदियों से बचा कर रखा हुआ है इसीलिए अल्लामा इकबाल ने कहा था सदियों रहा दुश्मन दौरे जहां हमारा पर कुछ तो बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी । इन बहुराष्ट्रीय कंपनियों के मीडिया पर बढ़ते प्रभाव से दूरदर्शन की चमक फीकी पड़ गई जिसने रामायण और महाभारत धारावाहिकों की रिकॉर्डतोड़ सफलता और सांस्कृतिक पुनर्जागरण से पूर्व हम लोग, बुनियाद, मालगुडी डेज जैसे विशुद्ध भारतीय धारावाहिकों से दर्शकों पर अमिट छाप छोड़ी थी ।भारत में फिल्मों और टीवी के प्रति दीवानगी का अध्ययन करा चुकी इन बहुराष्ट्रीय कंपनियों को अच्छी तरह मालूम था कि भारत की सबसे बड़ी पूंजी सादा जीवन उच्च विचार थी जिसे नष्ट करने के लिए कभी किसी भारतीय लड़की को मिस वर्ल्ड तो मिस यूनिवर्स बनाया जा रहा था तो आधुनिकता गढ़ी जा रही थी ताकि महिलाओं के बीच सौंदर्यबोध बढे और इसी तरह धारावाहिकों या फिल्मों में मामूली नौकरीं करने वाले को महंगी गाड़ियों, क्लब, शराब, पार्टी और गहनों से सजी महिलाओं के के बीच आधुनिक नाच गाना करते या विदेशों में घूमते दिखाया जाने लगा जिससे लग्जरी लाइफ की चाहत से भ्रष्टाचार शिष्टाचार बनता चला गया और भारत में एक नवधनाढ्य वर्ग पैदा हुआ जिसे किसी भी कीमत पर पैसा चाहिए और नैतिकता शब्द चलन में ही नहीं रहा । वैसे हाल के वर्षों में भारत के आमजन ने इस बात को समझा और छोटे पर्दे के घटिया धारावाहिकों की मांग घटी क्योंकि बहुराष्ट्रीय कंपनियों के अनाप-शनाप पैसों से बने एकाधिकार या वर्चस्व को ओटीटी और यूट्यूब ने ध्वस्त कर दिया । कथित आधुनिकता और कुछ ख़ास कलाकरों के वर्चस्व वाली हिंदी फ़िल्में बुरी तरह फ्लॉप होने लगीं और और उनके स्थान पर भारतीयता, धर्म संस्कृति और मूल्यों को छूती हिंदी में डब की गईं दक्षिण भारतीय फिल्मों ने धूम मचा दी । आज टीवी के पारंपरिक धारावाहिकों के बजाय ओटीटी के सुपरहिट धारवाहिक पंचायत, ग्रामीण चिकित्सालय ये साबित कर रहे हैं कि भारत अभी भी इंडिया नहीं बना और दूरदर्शन का स्टैंड अपनी जगह सही था कि सबकुछ व्यवसाय नहीं विशेषकर जब भारतीय मूल्यों की को बचा कर रखने की बात हो ।

## भाजपा ने लिया बहिष्कार का निर्णय, बाबूलाल ने कहा

# आदिवासी विरोधी सरकार की टीएसी बैठक में जाने का कोई औचित्य नहीं

### बोले नेता प्रतिपक्ष

- पिछले पांच वर्षों से राज्य में आदिवासी समाज लगातार पीड़ित हो रहा है
- आदिवासी समाज की अस्मिता की रक्षा के लिए संकल्पित है भाजपा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार की ओर से आहूत ट्राइबल एडवाइजरी काउंसिल (टीएसी) की बैठक में भाजपा सदस्यों के नहीं जाने की घोषणा की है। मरांडी ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर मंगलवार को कहा कि हेमंत सरकार आदिवासी विरोधी है। पिछले पांच वर्षों से झारखंड में लगातार आदिवासी समाज पीड़ित हो रहा है। लिहाजा, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होने वाली टीएसी की बैठक का भाजपा बहिष्कार करती है।

मरांडी ने कहा कि पिछले साढ़े पांच सालों के दौरान झारखंड में आदिवासी समाज के ऊपर लगातार अत्याचार हो रहे हैं। बांग्लादेशी घुसपैठिए आदिवासियों के हक और अधिकार का अतिक्रमण कर रहे हैं, खनन माफिया जल, जंगल और जमीन का दोहन कर रहे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री ने कभी इसका संज्ञान नहीं लिया। उन्होंने कहा कि हालात तो इतने बदतर हो चुके हैं कि आदिवासी महिला के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने वाले को मुख्यमंत्री की ओर से मुआवजा दिया जा रहा है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जब सरकार ही आदिवासियों के उत्पीड़न को प्रोत्साहित और पुरस्कृत कर रही है, तो ऐसी स्थिति में टीएसी की बैठक में शामिल होने का कोई औचित्य नहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा, आदिवासी समाज की अस्मिता और उनके अस्तित्व की रक्षा के लिए संकल्पित है। सड़क से लेकर सदन तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा।

## शराब घोटाले में सीबीआई जांच से बचने के लिए एसीबी की कार्रवाई : बाबूलाल

- बोले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, राज्य सरकार को पत्र लिखकर किया था आगाह
- एसीबी की कार्रवाई पर नहीं है भरोसा, सरकार सीबीआइ जांच की करे अनुशंसा



**रांची।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को शराब घोटाले में एसीबी की कार्रवाई पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि हम शुरू से कहते रहे हैं कि झारखंड में शराब घोटाला हुआ है। सरकार को हमने यह घोटाला जो आज सामने आ रहा है, के बारे में 19 अप्रैल 2022 को ही पत्र लिखकर घोटाले से पहले ही बता दिया था कि क्या होने वाला है। हम ने तो छत्तीसगढ़ शराब घोटाले के पहले ही बता दिया था कि छत्तीसगढ़ के माफियाओं के साथ मिलकर किन-किन लोगों को काम में लिया जाएगा। मरांडी ने कहा, लेकिन सरकार ने मेरी बातों को न सिर्फ बिल्कुल अनसुना कर दिया, बल्कि मजे से घोटाला किया और घोटाला होने दिया। कहा कि आज उसी मामले में छत्तीसगढ़ में कार्रवाई हो रही है। मामला ईडी और सीबीआई तक पहुंच गया है। तो यहां एसीबी जो जांच कर रही है, उस जांच और कार्रवाई पर कोई भरोसा कैसे करेगा? लगता है कि छत्तीसगढ़ में जारी सीबीआई जांच के भय से अब बड़ी मछलियों को बचाने के लिए कुछ लोगों को बली का बकरा बनाया जा रहा है। बाबूलाल ने कहा, मुख्यमंत्री जी, अगर आप सच में शराब घोटाले की सच्चाई उजागर करना चाहते हैं और आपमें हिम्मत है, तो इस मामले की सीबीआई से जांच कराने का आदेश दें।

### गुजर गए महीने, किसानों को नहीं मिली फसल की कीमत : मरांडी

मरांडी ने कहा है कि झारखंड के हजारों किसान अब भी अपने धान की कीमत का इंतजार कर रहे हैं। सरकार ने 72 घंटे में भुगतान का वादा किया था, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी किसानों को उनके फसल की कीमत नहीं मिली है। चुनाव से पहले सरकार ने प्रति क्विंटल 3100 में धान खरीदने का वादा किया था, लेकिन अब वह भी जुमला साबित हुआ है। हेमंत सरकार ने अन्नदाताओं के साथ धोखा किया है। मरांडी ने कहा कि भुगतान में विलंब के कारण किसान कर्ज के बोझ तले दबते जा रहे हैं। सीएम से कहा कि जब आप बांग्लादेशी घुसपैठियों को मंईयां योजना की राशि देने के लिए संसाधन जुटा सकते हैं, तो फिर अपने ही राज्य के किसानों के भुगतान में क्या बाधा है?

## दिल्ली में झारखंड के चुनाव अधिकारियों का क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



- दूसरे दिन प्रतिभागियों को दिल्ली भ्रमण एवं लाइव वोटिंग एक्सपेरिएंस कराया गया

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नई दिल्ली स्थित भारत अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन संस्थान (आईआईआईडीईएम) में झारखंड के चुनाव अधिकारियों के लिए आयोजित दो-दिवसीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रतिभागियों को दिल्ली भ्रमण एवं लाइव वोटिंग एक्सपेरिएंस कराया गया। 19 एवं 20 मई 2025 को नई दिल्ली में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में निर्वाचन से जुड़े अन्य झारखंड के 402 विभिन्न स्टेकहोल्डर ने भाग लिया। ज्ञात हो कि इस क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम में बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ), बीएलओ पर्यवेक्षक, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ), जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) एवं बूथ जागरूकता समूह/ बूथ स्तरीय स्वयंसेवक (बीएलवी) भाग ले रहे हैं।

दिल्ली भ्रमण के दौरान प्रतिभागियों को राष्ट्रीय संग्रहालय, राष्ट्रपति भवन, इंडिया गेट, संसद भवन आदि प्रमुख स्थलों का भ्रमण कराया गया। वहीं, प्रशिक्षण संस्थान में लाइव वोटिंग एक्सपेरिएंस भी कराए गए। इसमें सभी प्रतिभागियों को ईवीएम पर वोटिंग, लाइन मैनेजमेंट आदि की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के क्रम में बूथ लेवल अधिकारियों, वालेंटियर, बैग मेंबर्स सहित सभी प्रतिभागी उत्साहित दिखे।

## बड़ी मछली को बचाने अफसर बने बलि का बकरा : आजसू पार्टी

**रांची।** आजसू पार्टी ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे और संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह की झारखंड भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) द्वारा शराब घोटाले के मामले में गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि विनय चौबे तथा गजेंद्र सिंह को 'बलि का बकरा' बनाया गया है, ताकि शराब घोटाले के समंदर की 'बड़ी मछली' को बचाया जा सके। आजसू पार्टी ने मांग की है कि शराब घोटाले की सीबीआई जांच करवाई जाए ताकि सच्चाई सामने आ सके। आजसू पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत तथा झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने कहा है कि 2019 से 2022 के बीच अवैध शराब कारोबार और नीतिगत बदलावों के जरिए सरकारी खजाने को भारी नुकसान पहुंचाया गया था। छत्तीसगढ़ और झारखंड में एक संगठित सिंडिकेट के साथ मिलकर शराब नीति में बदलाव कर अवैध शराब कारोबार को बढ़ावा दिया गया। आजसू नेताओं ने सवाल किया है कि क्या इस घोटाले के राज्य सरकार और मुख्यमंत्री का संरक्षण हासिल नहीं था?

# संजय सेठ ने लिमा में किया भारत मंडप का उद्घाटन

### मलेशिया के लांगकावी में हो रहा है एलआईएमए 25 का आयोजन

**नवीन मेल डेस्क**



**रांची।** राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ ने मंगलवार को मलेशिया के लांगकावी में 20 से 24 मई, 2025 तक आयोजित लांगकावी अंतरराष्ट्रीय समुद्री एवं एयरोस्पेस प्रदर्शनी (एलआईएमए 25) में भारत मंडप का उद्घाटन किया। यह मंडप भारत की मजबूत, आत्मनिर्भर और विकसित होती स्वदेशी रक्षा उद्योग की क्षमताओं को दर्शाता है। इस मंडप में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल), भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (बीडीएल), भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल), बीईएमएल, आईओएल, जीआईएल, मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) और एमआईएल सहित प्रमुख रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (डीपीएसयू) के साथ-साथ कई प्रमुख निजी रक्षा कंपनियों ने भाग लिया है।

उद्घाटन समारोह में मलेशिया में भारत के उच्चायुक्त बीएन रेड्डी तथा एचएएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ डीके सुनील, एयर मार्शल इंदरपाल सिंह वालिया, एवीएसएम, वीएम सहित कई गण्यमान्य अतिथि और उद्योग जगत के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

लिमा 2025 में भारत की प्रभावशाली उपस्थिति यह दर्शाती है कि भारत वैश्विक रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में एक उभरती हुई शक्ति बन चुका है। यह उपलब्धि भारत सरकार की रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता (आत्मनिर्भर भारत) को लेकर की जा रही प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के दूरदर्शी नेतृत्व में संभव हो रहा है। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री ने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंडपों का दौरा किया और विश्वभर की निजी रक्षा कंपनियों के प्रतिनिधियों से भी संवाद किया। इन बातचीतों से भारत की रणनीतिक साझेदारियों को बढ़ावा देने, रक्षा निर्यात को प्रोत्साहित करने और रक्षा प्रौद्योगिकी में नवाचार तथा सहयोग को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है।

## सरना धर्म कोड पर कांग्रेस-झामुमो बहा रहे घड़ियाली आंसू : प्रतुल

- कहा, कांग्रेस और झामुमो की संयुक्त यूपीए सरकार ने 2014 में सरना कोड को रिजेक्ट किया था

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मंगलवार को प्रदेश मुख्यालय में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि सरना धर्म कोड के मुद्दे पर कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) घड़ियाली आंसू बहाकर आंदोलन का नाटक कर रही है। प्रतुल ने कहा, कांग्रेस और झामुमो की संयुक्त यूपीए की सरकार में तत्कालीन आदिवासी कल्याण मंत्री वी किशोर चंद्रदेव ने 11 फरवरी, 2014 को पत्रांक संख्या 16012 /19/2013 /(पीसी एंड वी) के जरिए सरना धर्म कोड को अव्यवहारिक बताते हुए इसे खारिज कर दिया था। आदिवासी कल्याण मंत्री किशोर चंद्र देव ने यह भी कहा था की ऐसी मांग को मानने से दूसरे धर्म से भी सैकड़ों मांग आ सकती हैं। इसीलिए इस मांग का विरोध है। प्रतुल ने कहा कि कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा तो सरना धर्म कोड के मुद्दे पर पूरे तरीके से एक्सपोज हो गई। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि जब वह केंद्र में सत्ता में थी, तो इन्होंने इसे खारिज किया था। आज केंद्र में सत्ता से बाहर है, तो इस पर आंदोलन करने की बात कर रहे हैं। जनता इनकी सारी चालबाजियों को समझती है। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि कांग्रेस और झामुमो ने बेशर्मी की सारी सीमाओं को तोड़ दिया है। वर्ष 2014 के अपने सरना धर्म कोड की मांग को खारिज करने वाले कुकृत्य को भूलकर फिर से एक बार आंदोलन और धरना प्रदर्शन की बातें कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम इन दोनों दलों को सरना आदिवासी समाज से अपने 2014 के कुकृत्य के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगने चाहिए। प्रतुल ने कहा कि कांग्रेस 50 वर्षों से ज्यादा समय तक देश में शासन की। झामुमो भी लंबे समय तक इनकी पिछलग्गू बनी रही। परंतु, उन्होंने आदिवासी के हितों में कोई कार्य नहीं किया। उलटे ही आदिवासी कल्याण मंत्री ने आधिकारिक रूप से सरना धर्म कोड को लिखित रूप से खारिज भी किया। अब झामुमो और कांग्रेस किस मुंह से आंदोलन की बात कर रहे है, ये समझ से परे है। प्रेस वार्ता में रांची महानगर के मंत्री अजीत भगत, एसटी मोर्चा के महानगर महामंत्री अशोक मुंडा एवं महिला मोर्चा की मीडिया सह प्रभारी सोनी हेंब्रम भी उपस्थित थीं।

### सरना धर्म कोड आदिवासी अस्मिता का सवाल

## भाजपा ने हमेशा आदिवासियों की मांगों को दरकिनार किया : झामुमो

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा द्वारा सरना धर्म कोड के मुद्दे पर झामुमो पर लगाए गए आरोपों को लेकर झामुमो ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। झामुमो के महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा को आदिवासियों के हितों से कोई सरोकार नहीं है, वह सिर्फ राजनीतिक स्वार्थ के लिए मुद्दे को उछाल रही है। उन्होंने कहा कि सरना धर्म कोड आदिवासी अस्मिता और सांस्कृतिक पहचान का सवाल है, जिसे लेकर झामुमो गंभीर रहा है। भाजपा ने हमेशा आदिवासियों की मांगों को दरकिनार किया और उनके अधिकारों को कुचलने का प्रयास किया है। श्री पांडेय ने आरोप लगाया कि भाजपा की सरकार ने न तो 2014 से पहले और न ही बाद में कभी ईमानदारी से सरना धर्म कोड के समर्थन में कोई पहल की। उल्टे उनकी सरकारों ने वनाधिकार कानून और स्थानीय नीति जैसे महत्वपूर्ण मसलों पर आदिवासियों के खिलाफ कार्य किया है। उन्होंने कहा कि सरना धर्म कोड की मांग कोई नयी नहीं है, बल्कि यह वर्षों पुरानी सामाजिक मांग है, जिसे भाजपा अब राजनीति का मुद्दा बना रही है। भाजपा को जवाब देना चाहिए कि उनकी सरकार ने इतने वर्षों में इस कोड को लागू क्यों नहीं किया। केंद्र में 10 साल से ज्यादा समय तक सत्ता में रहते हुए भी भाजपा ने इस मुद्दे पर चुप्पी साधे रखी है। भाजपा के बयान को हास्यास्पद करार देते हुए कहा कि जो पार्टी आदिवासियों की ज़मीन छीनने के लिए कॉर्पोरेटों को सौंपना चाहती है, वह आज घड़ियाली आंसू बहा रही है।

झामुमो महासचिव ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार सरना धर्म कोड को लेकर गंभीर है और इसे जल्द से जल्द लागू करने के लिए केंद्र सरकार पर दबाव बना रही है। उन्होंने भाजपा से सवाल किया कि क्या वह संसद में इस कोड के समर्थन में प्रस्ताव लाएगी या फिर सिर्फ जनभावनाओं को भड़काने का काम करेगी। जनता अब भाजपा की चालों को समझ चुकी है और आगामी चुनाव में इसका करारा जवाब देगी।

## भाजपा ने टीएसी बैठक में बहिष्कार का लिया निर्णय : चंपाई सोरेन

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची / पूर्वी सिंहभूम।** पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ नेता चंपाई सोरेन ने आदिवासी परामर्शदातृ समिति (टीएसी) की आगामी बैठक को लेकर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा है कि भाजपा ने टीएसी की बैठक का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। चंपई सोरेन ने कहा कि टीएसी का गठन राज्यपाल के संरक्षण में करने की परंपरा रही है, लेकिन वर्तमान सरकार ने इस लोकतांत्रिक परंपरा को तोड़कर एक अनुचित मिसाल पेश की है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब यह संस्था आदिवासियों के हित में काम करने के लिए बनी है, तो फिर इसकी बैठकों के कोई ठोस परिणाम क्यों नहीं दिखते? पूर्व मुख्यमंत्री ने समिति की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि टीएसी में सरकार का बहुमत होते हुए भी पिछले कई वर्षों से पंचायतों (पेश) और अन्य आदिवासी मामलों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने इसे सरकार के "ढुलमुल रवैये" का परिणाम बताया। चंपई सोरेन ने यह भी बताया कि मंगलवार को होने वाली टीएसी बैठक में आदिवासी बहुल गांवों में शराब की दुकानें और बार खोलने का लाइसेंस देने का प्रस्ताव शामिल है। उन्होंने इस प्रस्ताव का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि उनके सामाजिक जीवन की शुरुआत नशा विरोधी आंदोलन से हुई थी, और वे ऐसी किसी बैठक में शामिल नहीं हो सकते जहां झारखंड की युवा पीढ़ी को नशे की ओर धकेलने वाले फैसले लिए जा रहे हों।

## आदिवासी अस्मिता का अपमान करना भाजपा की आदत : कांग्रेस

**रांची।** झारखंड सरकार की ओर से बुलाई गई टाईबल एडवाइजरी काउंसिल (टीएसी) की बैठक का भाजपा की ओर से बहिष्कार करना यह बताता है कि संविधान परंपरा और आदिवासी अस्मिता का अपमान करना भाजपा की पुरानी आदत है। प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने मंगलवार को प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जो भाजपा पत्थलगड़ी आंदोलन के दौरान निर्दोष आदिवासियों पर देशद्रोह का मुकदमा करती है। वही भाजपा सरकार पर आदिवासी हितों की उपेक्षा का आरोप लगाकर टीएसी का बैठक का बहिष्कार कर रही है। उन्होंने कहा कि अपने शासनकाल में लैंडबैंक के नाम पर आदिवासियों की जमीन कॉरपोरेट कंपनियों के हवाले करने की साजिश रचनेवाली भाजपा ने सीएनटी और एसपीटी एक्ट में भी संशोधन करने का प्रस्ताव लाई थी।

# सीसीएल के सीएसआर के तहत 'सिलाई प्रशिक्षण सह उत्पादन केंद्र' का शुभारंभ

- महिलाओं के रोजगार एवं सशक्तिकरण की दिशा में है महत्वपूर्ण पहल

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** महिलाओं को स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त बनाने के लिए कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) द्वारा कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत एक नई पहल की गई है। इसी क्रम में मंगलवार को 'सिलाई प्रशिक्षण सह उत्पादन केंद्र' का उद्घाटन किया गया। केंद्र का उद्घाटन विमला प्रसाद ने किया। इस अवसर पर अर्पिता महिला मंडल की अध्यक्षा प्रीति सिंह, क्लब की सदस्यगण एवं क्षेत्र की बड़ी संख्या में महिलाएं, सीसीएल कर्मी और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

यह केंद्र विशेष रूप से समाज की जरूरतमंद, गरीब एवं निराश्रित महिलाओं/युवतियों के कौशल विकास और रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण हेतु स्थापित किया गया है। यहां महिलाओं को राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) द्वारा मान्यता प्राप्त 'सेल्फ इंप्लॉयड टेलर' नामक पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह कोर्स पूर्णतः निःशुल्क है। प्रशिक्षण अवधि कुल 97 दिन की होगी, जिसमें प्रत्येक महिला को प्रति दिन 4 घंटे का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण इस प्रकार तैयार किया गया है कि महिलाएं अपने वर्तमान आजीविका कार्यों को बाधित किए बिना इसमें भाग ले सकें। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षुओं को आधुनिक तकनीक से युक्त उन्नत मशीनें एवं उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। केंद्र में इंडस्ट्रीयल सिलाई मशीन, आरएसएम फुट ऑपरेटेड सिलाई मशीन, फुट ऑपरेटेड ओवरलॉक मशीन जैसी मशीनें अधिष्ठापित की जा रही हैं। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक प्रशिक्षु को एक सिलाई किट भी प्रदान की जाएगी, जिससे उन्हें प्रशिक्षण में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। सीसीएल द्वारा इस केंद्र के संचालन के लिए निःशुल्क किराया आधार पर दो क्वार्टर आवंटित किए गए हैं, जो प्रशिक्षण कार्य में उपयोग किए जा रहे हैं। ज्ञात हो कि सीसीएल सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह के नेतृत्व में सीसीएल द्वारा समावेशी विकास एवं महिलाओं के उत्थान के लिए कई के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। यह परियोजना केवल एक प्रशिक्षण केंद्र नहीं, बल्कि महिलाओं को सशक्त बनाने का एक मंच है। इसका उद्देश्य महिलाओं को न सिर्फ कुशल बनाना, बल्कि उन्हें रोजगार योग्य बनाना और अंततः आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करना है।

## अहिल्याबाई की त्रिशताब्दी भाजपा करेगी सभी जिलों में गोष्ठी : विकास प्रीतम

**रांची।** पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती को भाजपा पूरे धूमधाम से मनाएगी। यह जानकारी कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम ने दी। उन्होंने कहा कि 21 से 31 मई तक सभी जिलों में गोष्ठी के अलावा अन्य कार्यक्रम जैसे शोभा यात्रा,संध्या आरती, चित्रांकन और क्विज प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि 21 मई को प्रदेश के तीन जिला ...रांची ग्रामीण, जमशेदपुर ,और गिरिडीह में गोष्ठी आयोजित है। जमशेदपुर की गोष्ठी को प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्णिमा दास, रांची ग्रामीण जिला की गोष्ठी को केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विकास प्रीतम और गिरिडीह की गोष्ठी को सांसद मनीष जायसवाल और नीरा यादव संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त अन्य जिलों के कार्यक्रम में डॉ रविंद्र कुमार राय, संजय सेठ, विधायक गण भी शामिल होंगे।

# मादक पदार्थों की रोकथाम को लेकर मास्टर ट्रेनर को दिया गया प्रशिक्षण

- रांची के शौर्य सभागार में गृह सचिव ने किया उद्घाटन
- प्रशिक्षण कार्यक्रम 23 मई तक आयोजित किया जाएगा

**नवीन मेल डेस्क**



**रांची।** राज्य सरकार राज्य में निषिद्ध मादक पदार्थों की रोकथाम को लेकर गंभीर है । इसी के मद्देनजर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विभिन्न विभागों को निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग की रोकथाम के लिए आवश्यक दिशा निदेश दिए हैं। इसी क्रम में मंगलवार को गृह,कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने और जागरूकता प्रसारित करने के निमित मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षण देने का कार्यक्रम डोरंडा स्थित शौर्य सभागार में आयोजित किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 20 मई से 23 मई 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन गृह, आपदा एवं प्रबंधन विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल ने किया। मंगलवार को दक्षिणी छोटानगपुर के मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने के लिए जागरूकता कार्यक्रम के सफल संचालन को विभिन्न विभागों / कार्यालयों के पदाधिकारियों/कर्मियों को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित करने के लिए प्रमंडलवार एक-एक दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 20 मई से 23 मई 2025 आयोजित किया जा रहा है। इसमें 20 मई को दक्षिणी छोटानागपुर, 21 मई को उत्तरी छोटानागपुर, 22 मई को संथाल परगना और 23 मई को कोल्हान एवं पलामू प्रमंडल के मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम के पहले दिन ड्रग और मादक पदार्थ के सेवन से लोगों को कैसे रोका जाय, संभावित उपचार क्या हैं, मादक द्रव्यों के सेवन से स्वास्थ्य संबंधी प्रभाव और कानून संबंधी जानकारी विशेषज्ञों द्वारा दी गई।

## जेपीएससी सिविल सेवा मुख्य परीक्षा का रिजल्ट जारी, 864 अभ्यर्थी सफल

**रांची।** जेपीएससी ने मंगलवार को सिविल सेवा मुख्य परीक्षा 2023 का परिणाम जारी कर दिया। परीक्षा में कुल 864 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए हैं। आयोग की ओर से यह परिणाम ऐसे समय में जारी किया गया है जब अभ्यर्थी लंबे समय से इसकी प्रतीक्षा कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि हाल ही में रिजल्ट की मांग को लेकर जेपीएससी कार्यालय के बाहर अभ्यर्थियों ने आमरण अनशन शुरू किया था। जेपीएससी के अभ्यर्थियों ने राज्यपाल से भी मुलाकात की थी। राज्यपाल ने प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कर उनकी बात सुनी और उसी समय जेपीएससी अध्यक्ष से भी चर्चा की। राज्यपाल ने उस दौरान ही यह भरोसा दिलाया था कि जल्द ही परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।

## वसूली करनेवालों के खिलाफ होगी कानूनी कार्रवाई : सुशील उरांव

- एसीएस के नाम पर फर्जी गतिविधियों पर केंद्रीय अध्यक्ष ने दी सख्त चेतावनी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** आदिवासी छात्र संघ (एसीएस) की बैठक करमटोली स्थित केंद्रीय कार्यालय में मंगलवार को हुई। बैठक में कहा गया कि कुछ असंवैधानिक और गैर-मान्यता प्राप्त व्यक्ति और संगठनों की ओर से आदिवासी छात्र संघ के नाम पर चंदा वसूली और अवैध धन की उगाही कर रहे हैं। वहीं, मौके पर खिजरी विधानसभा के नामकुम प्रखंड क्षेत्र से आए कई युवाओं ने एसीएस की सदस्यता ग्रहण की। बैठक में के संघ के केंद्रीय अध्यक्ष सुशील उरांव ने कहा कि ऐसे संगठनों की ओर से झूठे कार्यक्रमों के आयोजन जैसी गतिविधियां सामने आई हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग जो आदिवासी छात्र संघ के नाम का उपयोग निजी स्वार्थ के लिए कर रहे हैं, तो वे तत्काल चेत जाएं। यह संगठन किसी भी प्रकार की उगाही या गैरकानूनी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं करेगा। यदि समय रहते ऐसे लोग नहीं रुके, तो उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर रांची विश्वविद्यालय के अध्यक्ष मनोज उरांव ने मौके पर कहा कि संघ केवल एक संगठन नहीं, यह आदिवासी समाज की चेतना और संघर्ष की पहचान है। इसके नाम पर गलत गतिविधियां न सिर्फ संगठन के प्रति अपराध है, बल्कि पूरे आदिवासी समुदाय की प्रतिष्ठा पर हमला है। हम सबको मिलकर ऐसे लोगों को बेनकाब करेंगे।



कोकर साधु मैदान के पास आंधी बारिश के कारण पेड़ गिरा, दो घायल

सीएसएसडी एवं लांड्री के लंबित विपत्र भुगतान की कार्रवाई को लकर हुई बैठक

# निविदा शर्तों का अनुपालन नहीं करने पर होगी प्राथमिकी : रिम्स निदेशक

● संचिका में विलंब पर 5 दिनों में रिपोर्ट सौंपने को कहा गया

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** रिम्स निदेशक प्रो (डॉ) राज कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को सीएसएसडी तथा लांड्री के लंबित विपत्र भुगतान की कार्रवाई के लिए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अपर निदेशक सीमा सिंह, चिकित्सा अधीक्षक प्रो (डॉ) हीरेंद्र बिरुआ, उपाधीक्षक-2 डॉ राजीव रंजन, उप निदेशक (वित्त) योगेंद्र प्रसाद और आंतरिक वित्तीय सलाहकार अलोक कुमार तपस्वी उपस्थिति थे। बैठक में रिम्स निदेशक ने सीएसएसडी एवं लांड्री के भुगतान में विलंब के कारणों को जानने की कोशिश की। निदेशक डॉ राज कुमार ने रिम्स के स्तर से जहां पर संचिका में विलंब हुआ, उसे चिह्नित करते हुए 5 दिनों में रिपोर्ट समर्पित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, उन्होंने तीन दिनों में एजेंसी का लंबित भुगतान करने के आदेश दिए हैं। डॉ राज कुमार ने साथ ही कहा है कि यदि ठेकेदार की गलती है, तो उस पर अनिवार्य सेवाएं को बाधित करने एवं निविदा शर्तों का अनुपालन नहीं करने पर नियमानुसार एफआईआर भी किया जाएगा। ज्ञात हो कि रिम्स में सीएसएसडी तथा लांड्री की सेवाएं बाह्य स्त्रोतीय एजेंसी मेडीलैब द्वारा ली जाती हैं। गौरतलब है कि निविदा की शर्तों एवं उसके उपरांत किए गए समझौते के अनुसार यदि किसी कारणवश संस्थान द्वारा भुगतान में विलंब हो रहा है, तब भी एजेंसी को अपने कर्मियों को भुगतान करते रहना है। इसका साफ तौर पर एजेंसी द्वारा पालन नहीं किया जा रहा है। साथ ही, पूर्व के कुछ विपत्र एजेंसी द्वारा विलंब से प्रस्तुत किए गए थे, जिसके संबंध में एजेंसी से स्पष्टीकरण भी मांगा गया था। उसके उपरांत विपत्र ससमय प्रस्तुत किया जा रहा है। गौरतलब है कि चिकित्सा उपाधीक्षक-2 ने स्वयं एजेंसी के कर्मचारियों से वार्ता की और उनसे भुगतान के विलंब की शिकायत एजेंसी से न करने की जानकारी मांगी, जिस पर कर्मचारियों द्वारा सूचित किया गया कि ठेकेदार यहां नहीं आता है एवं सुपरवाइजर द्वारा इसका निराकरण संभव नहीं है। चिकित्सा अधीक्षक और उपाधीक्षक-2 की मध्यस्थता एवं एजेंसी द्वारा सभी लंबित वेतन का एक सप्ताह के अंदर भुगतान का लिखित आश्वासन प्राप्त होने के पश्चात कर्मचारी काम पर लौट गए एवं सभी सेवाएं पुनः शुरू की जा चुकी हैं।

## सुप्रीम कोर्ट के निर्देश से सारंडा को मिलेगा संरक्षण, सरयू राय ने जताई प्रसन्नता

**रांची/जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने सुप्रीम कोर्ट की ओर से सारंडा के 57,000 हेक्टेयर क्षेत्र को वन्य जीव अभ्यारण्य घोषित करने के निर्देश का स्वागत किया है। उन्होंने मंगलवार को कहा कि यह उनके 16 साल लंबे सारंडा संरक्षण अभियान की बड़ी सफलता है। उन्होंने बताया कि वन्य जीव अभ्यारण्य के भीतर 13,000 हेक्टेयर क्षेत्र को रिजर्व घोषित किया जाएगा। राय के अनुसार, क्षेत्र सीमांकन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और 23 जुलाई तक सुप्रीम कोर्ट में इसका प्रारूप पेश किया जाएगा। सरयू राय ने बताया कि 1970 में बने वर्किंग प्लान में ससंडा क्षेत्र को ब्रिटिश काल में सेन्चुरी घोषित किया गया था, लेकिन उस अधिसूचना का कोई रिकॉर्ड नहीं मिल पाया। लगातार प्रयासों के बावजूद जब राज्य सरकार ने कोई पहल नहीं की, तो मामला एनजीटी और फिर सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा।

## न्यू मधुकम के काशी विश्वनाथ मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की तिथि घोषित

**रांची।** मुख्य आयोजक सोनू श्रीवास्तव ने बताया कि इसकी सफलता के लिए सांसद संजय सेठ, सांसद महुआ माजी, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, विधायक सीपी सिंह, विधायक नवीन जायसवाल, पूर्व उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय, अजय नाथ शाहदेव, समाजसेवी रमेश सिंह, संदीप वर्मा, वरुण साहू, मुनचुन राय, भरत काशी, सत्यनारायण सिंह, मुकेश मुक्ता, अनिल कुमार गुप्ता, राहुल चौधरी, सुनील कुमार गुप्ता, संतोष कुमार, ओम प्रकाश जी आदि गण्यमान्य लोगों को आमंत्रित किया गया है। मीडिया प्रवक्ता शिव किशोर शर्मा ने बताया कि इस नए मंदिर में श्री गणेश भगवान, शिव लिंग, पार्वती जी, कार्तिकेय जी, नंदी जी, नाग बाबा आदि स्थापित किए जा रहे हैं। पूजन कार्यक्रम इस प्रकार हैं - 03 जून : प्रातः 07 बजे कलश यात्रा एवं वेदी पूजन, 04 जून : पुनः वेदी पूजन एवं संकीर्तन प्रारंभ, 05 जून : नगर भ्रमण, प्राण प्रतिष्ठा एवं हवन तथा 06 जून : महाभंडारा 06 बजे संध्या प्रारंभ।

## श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में श्री सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा का हुआ पाठ



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल ने हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 154वें श्री सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा के पाठ का आयोजन किया। श्री श्याम मंदिर 'रामदूत अतुलित बल धामा, अंजनि पुत्र पवनसुत नामा' के गायन व बजरंग बली के जयकारों से गूंजता रहा। माया देवी, विनय प्रसाद, रीना प्रसाद, श्रुति विनीत प्रसाद ने परिवार के साथ बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्वलित की। प्रसाद परिवार ने केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया। विनय प्रसाद ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।
पाठ वाचक मनीष सारस्वत एवं ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक-डफली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया।

### एकादशी संकीर्तन 23 मई को

हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में शुक्रवार (23 मई) को रात्रि 09:30 बजे से शाम एकादशी संकीर्तन का भव्य आयोजन किया गया है। प्रातः एवं संध्या श्रृंगार कर बाबा श्याम रजत सिंहासन पर भक्तों को दर्शन देंगे। अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने सभी श्याम प्रेमीयो को एकादशी संकीर्तन में आमंत्रित किया है।
157वां श्री श्याम भंडारा : हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में 157वां श्री श्याम भंडारे का आयोजन किया जाएगा। अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने सभी धर्म प्रेमीयो को आमंत्रित किया है। ये जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

## रांची समर्पण शाखा ने अपना घर आश्रम में कराई अन्नपूर्णा सेवा




**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने अध्यक्ष पूजा अग्रवाल के नेतृत्व में जन सेवा के कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार (20 मई) को अपना घर आश्रम में रहने वाले लोगों के बीच अन्नपूर्णा सेवा कराई। यह कार्य पूर्व अध्यक्ष मीनू अग्रवाल के सहयोग से संपन्न हुआ। मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा की मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने बताया कि शाखा निरंतर जन सेवा के कार्यक्रम करती रहेगी। कार्यक्रम में अध्यक्ष पूजा अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष मीनू अग्रवाल, कविता सोमानी, दीपिका मोतीका, पिंकी शर्मा और अन्य सदस्य मौजूद थीं।

## प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन ने दी हैदराबाद अग्निकांड के शिकार लोगों को श्रद्धांजलि

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** हैदराबाद में चारमीनार के पास गुलजार हाउस में हुई भीषण आग दुर्घटना में 'अग्रवाल मोदी परिवार' के 17 लोगों की असामयिक मृत्यु पर झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन समाज ने दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि इससे समाज का मन बेहद व्यथित है। कहा कि इस हृदय विदारक घटना में परिवार की खुशियां कुछ ही समय में जलकर राख में बदल गईं। सहारे के लिए अपनों की चीखें, परिवार की वेदनाएं और दर्द भरे आंसुओं नें आज संपूर्ण भारत देश के नागरिकों के दिलों को झकझोर कर रख दिया है। इस दुखद घटना पर झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन परिवार के मुखिया प्रांतीय अध्यक्ष बसंत मित्तल, पूर्व अध्यक्ष विनय सरावगी, प्रांतीय उपाध्यक्ष मनोज बजाज, प्रांतीय महामंत्री रवि शंकर शर्मा, राहुल मारू, सौरव सरावगी, अशोक पुरोहित, किशन शर्मा, श्याम सुंदर शर्मा, ओम रिंगासिया, दीपक पारिक आदि ने गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने कहा कि इस बेहद मुश्किल की घड़ी में झारखंड का संपूर्ण मारवाड़ी समाज शोक संतप्त परिजनों के साथ खड़ा है। इस त्रासदी की घड़ी में पूरा राष्ट्र एकजुट होकर मोदी परिवार के इस घोर दुख में सहभागी है। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय उपाध्यक्ष मनोज बजाज ने कहा, मारवाड़ी सम्मेलन समाज ईश्वर से प्रार्थना करता है कि परिवार के दिवंगत आत्माओं को चिर शांति व अपने चरणों में स्थान दें।

पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम को सशक्त करने के लिए निगम खरीदेगा 242 बसें

# जब तक निजी बस संचालकों का चयन नहीं तब तक चलेगी निगम की असुरक्षित बसें



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में कुल 41 सिटी बसों का संचालन हो रहा है। इन सभी बसों में रोजाना सैंकड़ों लोग यात्रा करते हैं। बस में भाडा 10 रूपये प्रति यात्री वसूला जाता है। वहीं, बस में कूल 35 सीट हैं लेकिन अक्सर देखा जाता है कि 35 यात्रियों के अलावा भी बस में यात्रियों को बैठाया जाता हैं। ऐसे गर्मियों में यात्रियों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। इसी के साथ बस की हालत बाहर से लेकर अन्दर तक जर्जर अवस्था में है। कई बसों में तो बाहर ना ही इंडिकेटर है और ना बैक लाइट्स है. अन्दर से सीटें फटी हुई है। वेसे ही बसे चलाई जा रही है। बीते दिनों नगर आयुक्त ने जानकारी दी थी की नगर निगम की ओर से जल्द ही शहर में पुरानी बसों को हटाकर नई एसी डबल डेकर बस और 19 एसी इलेक्ट्रिक बसों के साथ-साथ 221 नॉन एसी डीजल बसों की सुविधा शहर वासियों के लिए दी जाएगी। जिसमे बस ऑपरेटर का चयन और किराया का निर्धारण रांची निगम द्वारा ही किया जाएगा। बसों के परिचालन के लिए रूट का चयन किया जा रहा है। शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर यात्री शेड का भी निर्माण एक बार फिर किया जाएगा।

टूटे इंडिकेटर



**वहीं,** निगम अपार प्रशासक संजय कुमार ने सभी बिंदुओं पर बताते हुए कहा कुल 242 बसें खरीदी जाएंगी। इसके संचालन के लिए दो ऑपरेटर चलाए जाएंगे जिसमें ऑपरेटर वन में एजेंसी का चयन किया जाएगा वहीं दूसरे ऑपरेटर में टिकट काटने वालों का चयन किया जाएगा। उन्होंने कहा पुराने बस 15 वर्ष पुराने हो चुके हैं इसलिए जर्जर हालत में हैं। मौजूदा में चल रही 41 बसों का परिचालन निजार अंसारी के द्वारा किया जा रहा है। वहीं उनसे रखरखाव के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा बसों के मेजर परेशानियों को सही करने को जिम्मेदारी परिचालक की वहीं माइनर परेशानियां की जिम्मेदारी निगम के संबंधित की है। साथ ही उनसे यह भी पूछा गया कि नए बस आ रहे हैं इसका मतलब यह है कि पुरानी बसों को जर्जर अवस्था में चलाया जाएगा जैसा अभिनचल रहा है। जिस पर उन्होंने कहा परिचालक के द्वारा रिपोर्ट की जाएगी तभी एक्शन लिया जा सकता है। उन्होंने कहा यदि बसों में किसी तरह की दिक्कत है या यात्रियों को दिक्कत होती है तो परिचालक पर पेनल्टी लगाई जाएगी। साथ ही 242 बसों को चलाए जाने और जाम मुक्त राजधानी पर उन्होंने कहा अभी रास्ते निर्धारित किए जा रहे हैं। हालांकि जल्द ही अवैध रूप से चलाए जा रहे ऑटो पर नियंत्रण किया जाएगा। ताकि बसों के कारण सड़के जाम ना हो। अपार प्रशासक ने कहा बसे अच्छी कंपनियों की खरीदी जाएंगी इस बार।

### उठते सवाल

1. रिपोर्ट्स के अनुसार राजधानी में 2009 में करीबन 200 बसें खरीदी गई थी जो रखरखाव के आभाव में जर्जर स्थिति में है, नै बसों को भी ऐसे ही छोड़ा जायेगा?
2. बसें खरीद लेने के बाद, सभी अधिकारीयों की जिम्मेदारी ख़त्म हो जाएगी या इस बार रखरखाव पर ध्यान दिया जायेगा?
3. नई बसें खरीदी जा रही इसलिए पूरानी बसों की स्थिति जर्जर हाल में है?
4. राजधानी में अवैध रूप से चल रहे ऑटो के कारण और अतिक्रमण के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है ऐसे में राजधानी की सड़कों पर 220 बसों का संचालन कैसे हो पायेगा?
5. क्या अधिकारीयों और सरकार ने इन सभी बिन्दुओं पर विचार किया है?



फटा सीट



भीड़

रांची डीसी के निर्देश पर सभी अंचलाधिकारियों ने सुनीं जनता की समस्याएं

## कई मामलों का किया गया ऑन द स्पॉट निष्पादन

● रांची जिले के सभी अंचलों में मंगलवार का दिन रहेगा आम जनता के नाम

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** रांची जिला के सभी अंचलों में मंगलवार का दिन आम जनता के लिए रहा। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, रांची मंजूनाथ भजन्त्री के निदेशानुसार संबंधित अंचल अधिकारी जनता की समस्याओं से अवगत हुए। कई मामलों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन हुआ।
जिला के सभी अंचल अधिकारियों ने अपने कार्यालय में फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान भूमि बंटवारा, अतिक्रमण, दाखिल-खारिज, भूमि निबंधन, जमीन मापी, आवास योजना, पेंशन, सामाजिक सुरक्षा, नल-जल योजना, आंगनबाड़ी सहित लोगों की अन्य समस्याएं सामने आईं। उपायुक्त

यूपीएससी प्रारंभिक परीक्षा को लेकर पदाधिकारियों की हुई ब्रीफिंग

## सभी पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन निष्ठापूर्वक करें : प्रमंडलीय आयुक्त

● परीक्षा के दौरान यूपीएससी के नियमों का सख्ती से करें अनुपालन : उपायुक्त

● रांची के 48 परीक्षा केंद्रों पर 25 मई को होगी यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र की अध्यक्षता में संघ लोक सेवा आयोग द्वाराआयोजित सिविल सेवा (प्रा.) परीक्षा, 2025 की तैयारियों को लेकर संबंधित पदाधिकारियों के साथ डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार में मंगलवार को बैठक की गई। बैठक में निर्धारित तिथि पर होने वाली परीक्षा को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। ब्रीफिंग के दौरान आयुक्त के सचिव आलोक कुमार द्वारा सभी प्रतिनियुक्ति पदाधिकारियों को उनके दिए गए कार्यों से अवगत कराया। बताया कि परीक्षा दो पाली में आयोजित है। प्रथम पाली 9:30 बजे से 11:30 बजे तक, द्वितीय पाली अपराह्न 2:30 बजे से 4:30 बजे तक। परीक्षा के 48 उप केंद्रों पर 24 एवं 25 मई 2025 को किसी भी प्रकार के अन्य कार्यक्रम नहीं किए जाएंगे। आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र ने कहा कि यूपीएससी परीक्षा सफलतापूर्वक आयोजित कराने में राजधानी रांची का अच्छा प्रदर्शन रहा है।



# प्रखंडस्तरीय कृषि कर्मशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो**

आज दिनांक 20.05.2025 दिन - मंगलवार को चान्हो प्रखण्ड के सभागार कक्ष में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड के द्वारा एक दिवसीय प्रखण्ड स्तरीय कर्मशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कृषकों को विभागीय योजनाओं से परिचित कराने के साथ साथ आगामी खरीफ मौसम में अधिकतम फ़सल उत्पादन कैसे करें, इन विषयों को लेकर यह एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए प्रभारी प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी श्री उपेंद्र सिंह ने सबका स्वागत करते हुए कहा कि हम सभी मिलकर प्रखण्ड के सभी किसानों को जागरूक और जानकार बनाकर फसल लगाने से पुर्व से ही तैयारी शुरू करा सकते हैं। इसके लिए हर कदम पर झारखण्ड सरकार किसानों के साथ अपनी महत्वाकांक्षी योजनाओं के साथ खड़ी है। सर्वप्रथम प्रत्येक किसान अपने खेतों की मिट्टी जांच करा लें। इससे हम सभी कम रासायनिक उर्वरक के साथ भी जैविक खाद का प्रयोग कर अधिकतम उत्पादन ले पाएंगे। खेतों की तैयारी से बीज और उर्वरकों की उपलब्धता, फसल प्रबंधन से बाज़ार प्रबंधन तक विभाग हर कदम पर किसानों के साथ है। खरीफ धान के बीजों की उपलब्धता सरकार द्वारा समय पर कराने के प्रयास जारी हैं, इससे किसान समय पर बीज से बिचड़ा तैयार कर पाएंगे। कार्यक्रम में शामिल जनसेवकों और कृषक मित्रों ने अपने संबंधित पंचायतों में आगामी खरीफ मौसम की खेती की तैयारी के संबंध में अनेक विचार और सुझाव रखे। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष सभी खरीफ़ फसलों खास कर धान का उत्पादन बेहतर रहा और इस वर्ष भी किसान अधिकतम उत्पादन के लिए तैयारी कर रहे हैं। प्रशिक्षण में शामिल अगुआ किसानों ने कहा कि यदि सरकार द्वारा पिछले वर्ष की भांति मानक बीज की उपलब्धता समय पर कराया जाए ताकि समय पर हम खेत में बीज डाल बिछड़ा तैयार कर सकें। कर्मशाला सह प्रशिक्षण में विभागीय सभी योजनाओं यथा - किसान समृद्धि योजना, बिरसा फसल विस्तार योजना, KCC ऋण योजना, झारखण्ड कृषि ऋण माफ़ी योजना, मिट्टी जाँच, PDMC इत्यादि की विस्तृत जानकारी भी दिया गया। रशिक्षण में स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित, बी टी एम, चान्हो जनक सिंह, जनसेवक बिठवा उरांव, विश्वनाथ कुजूर, राकेश रोशन लकड़ा, रूपेश चरण, सभी गावों से कृषक मित्र शिवा उरांव, दुर्गा गोप, मोजीब अन्सारी, साधु उरांव, जगदीश गोप, अजय साहू, होसने उरांव, सुकरा उरांव अगुआ किसान, ग्राम रोजगार सेवक, प्रभारी पंचायत राज पदाधिकारी कलीम अंसारी, हरी हजाम प्रखण्ड सहायक जितेंद्र सिंह, सहित अन्य कई अगुआ कृषक मौजूद रहे।

## खुशी मोबाइल सेंटर का किया विस्तारीकरण, इलेक्ट्रोनिक सामान भी होंगे उपलब्ध



**चान्हो।** प्रखंड के समीप एन एच 39 पर मंगलवार को खुशी मोबाइल सेंटर का विस्तारीकरण किया गया। उद्घाटन मुख्य अतिथि अतिथि मौलाना रफीक ने किया। जानकारी देते हुए दुकान के संचालक मो इश्तियाक ने बताया कि अब इस दुकान में फ्रिज , वाशिंग मशीन , मिक्सर ग्राइंडर , कूलर समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक चीजें और सभी तरह के मोबाइल मिलेंगे। यहां पर फाइनेंस और कैश दोनों की सुविधा है। मौके पर तबरेज खान, जावेद अंसारी, समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## शिक्षकों के लिए प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**हजारीबाग।** मंगलवार को को खान बचाव केंद्र, रामगढ़ स्थित प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण केंद्र में डीएवी पब्लिक स्कूल, बरकाकाना के शिक्षकों के लिए एक निःशुल्क प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण 24 मई 2025 तक चलेगा, जिसमें दोनों पालियों (प्रातः एवं अपराह्न) में नियमित रूप से कक्षाएँ संचालित की जाएंगी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्राथमिक सहायता प्रदान करने हेतु सक्षम बनाना है। उद्घाटन सत्र में खान बचाव केंद्र के अधीक्षक (बचाव सेवा) ने सभी प्रशिक्षार्थियों का स्वागत करते हुए प्रशिक्षण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने शिक्षकों को शपथ दिलाई कि वे पूरे समर्पण के साथ प्रशिक्षण में भाग लेंगे और किसी भी व्यक्ति को सहायता प्रदान करने में संकोच नहीं करेंगे। साथ ही, उन्हें यह भी संकल्प दिलाया गया कि वे इस ज्ञान को कम से कम बीस विद्यार्थियों तक अवश्य पहुँचाएँगे, ताकि प्राथमिक चिकित्सा के प्रति जागरूकता समाज के व्यापक वर्ग तक पहुँच सके। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन सीसीएल नइसराय के अनुभवी चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ तथा सीसीएल की अन्य इकाइयों के अधिकारी व कर्मचारी करेंगे। प्रशिक्षण के दौरान घावों की मरहम-पट्टी, हृदय गति रुकने की स्थिति में सीपीआर, जलने, झटके, सांप काटने जैसी आपातकालीन स्थितियों में प्राथमिक उपचार की विधियां सिखाई जाएँगी। इस पहल को सीसीएल के सामाजिक उत्तरदायित्व एवं आपदा प्रबंधन जागरूकता के एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है।

## बेड़ो में निकाली गई तिरंगा यात्रा कार्यक्रम का भी हुआ आयोजन




**बेड़ो।** आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना की बड़ी सफलता ने पूरे देश का गौरव बढ़ा दिया है। इस निमित्त भाजपा नेत्री गंगोत्री कुजूर एवं भाजपा नेता सन्नी की उपस्थिति में प्रखण्ड परिसर से देवी मंडप होते हुए महावीर चौक तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा कार्यक्रम के प्रभारी चुड़ामणी महतो, पूर्व विधायक गंगोत्री कूजूर, भाजपा नेता सन्नी टोप्पो, भाजपा नेत्री अंजली कच्छप, बलराम सिंह, राजीव रंजन अधिकारी, आनंद साहु, अरुण प्रसाद, राजेश साहु, मनोज कुमार साहु हरि महतो लाल संजय नाथ शाहदेव, सुदर्शन महतो महादेव कुजूर, कमलेश महतो प्रेम महतो आकाश रक्षित, रविशंकर प्रसाद, तुलसी साहु, रंजन गुप्ता, जतरू उरांव, जगरनाथ उरांव, बसंती देवी, संतोष दास, सुमंत देवी ज्योति देवी, राधा देवी, रामनंदन साहु, गीता देवी, गणेश राम महथा, महादेव कुजूर आदित्य ताम्रकार, शक्ति राम, अभिषेक सिंह सुखदेव कच्छप के साथ-साथ सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं विभिन्न संगठनों के लोगों ने उपस्थित होकर भारतीय सेना का हौसला बढ़ाते हुए तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।

### मुखिया के प्रयास से राज्यसभा सांसद ने हाई मास्ट लाइट का किया उद्घाटन

# शादी विवाह में आए लोगों को भी खुशी महसूस हो रही है

**नवीन मेल संवाददाता। पिठौरिया**



मंगलवार को बोड़ेया चौक के पास मुखिया सोमा उरांव के अथक प्रयास तथा आदित्य प्रसाद साहू राज्यसभा सांसद के सौजन्य से हाई मास्ट लाइट का उद्घाटन ग्रामीणों की उपस्थिति में मुखिया सोमा उराँव के द्वारा पूजा पाठ एवं नारियल फोड़कर उद्घाटन किया गया। इस लाइट के लगने से लोगों में काफी उत्साह एवं आनंद का अनुभूति प्राप्त हुई। क्योंकि बोड़ेया चौक बोड़ेया एवं अरसंडे का नाक है या यू कहे कि में सेंटर है। लाइट लगने से लोगों के आवागमन के साथ-साथ शादी विवाह में आए हुए लोगों को भी लाइट की अनुभूति से खुशी महसूस हो रही है। राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू के सौजन्य से आने वाले दिनों में बोड़ेया चौक के पास बड़की तालाब के चारों ओर पेबर ब्लॉक, बीच-बीच में स्ट्रीट लाइट, बीच-बीच में बैठने के लिए सुविधा तथा तालाब में उतरने के लिए सीधी का निर्माण भी सांसद के सौजन्य से होगी तथा इसके लिए भी शीघ्र ही टेंडर निकलेगी। बोड़ेया एवं अरसंडे के ग्राम वासियों की ओर से सांसद का तहे दिल से धन्यवाद एवं आभार प्रकट करते हैं और आशा करते हैं कि आप इसी प्रकार हम सभी पर कृपा सदैव बनाएं रखेंगे। लाइव उद्घाटन करने के समय संदीप उरांव भदलू पहान , वीरेंद्र नारायण तिवारी, हरिवंश साहू, अमित कुमार सिंह, अमर सिंह, अनिल उरांव, संतु कुमार महतो, देवनारायण सिंह मुंडा, इंद्रदेव मुंडा, अमर नायक, रामकिशुन नायक, सोहन गाड़ी, रामप्रसाद साहू, विपुल तिवारी, रामजीवन नारायण तिवारी, मदन सिंह एवं सत्य प्रकाश साहू व अन्य उपस्थित थे।

## अड़की पुलिस की बड़ी कार्रवाईः 8.256 किलो गांजा बरामद, दो गिरफ्तार

**अड़की।** अड़की थाना प्रभारी प्रवीण कुमार तिवारी के नेतृत्व में एक छापामारी टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर एक बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने कोरवा से डोरेया जाने वाले रास्ते पर बिरसिंहडीह टोला के पास चेकिंग लगाया और एक गोल्डेन ब्राउन रंग के TVS XL 100 वाहन में एक व्यक्ति को पकड़ा।गिरफ्तार अभियुक्तों में दिनबन्धु प्रमाणिक उम्र 34 वर्ष पिता गोवर्धन प्रमाणिक निवासी दिउड़ी थाना तमाड़ जिला रांची और दुबराज मिर्धा उम्र 26 वर्ष पिता सोमा मिर्धा निवासी हेसापीड़ी थाना अड़की जिला खूंटी शामिल हैं। वही छापामारी में बरामद सामान में 8.256 किलो गांजा, 78,800 रुपये नकद, एक टीवीएस एक्सएल 100 वाहन और एक डिजिटल तराजू शामिल है।पुलिस ने दिनबन्धु प्रमाणिक के पास से 6.826 किलो गांजा बरामद किया और पूछताछ में उसने बताया कि उसने दुबराज मिर्धा से गांजा खरीदा था। इसके बाद पुलिस ने दुबराज मिर्धा के घर छापामारी की और 1.430 किलो गांजा बरामद किया। छापामारी टीम में पु०अ०नि० प्रवीण कुमार तिवारी, पु०अ०नि० रौशन कुमार, पु०अ०नि० कुन्दन कुमार, आ0/350 हफीज अंसारी, हव० संतोष कुमार और अड़की थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।इस मामले में अड़की थाना कांड संख्या 35/25 दिनांक 19.05.25 धारा 20 (a) /20 (b) (II) (B) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## सड़क दुर्घटना में ग्राम प्रधान की मौत

**अड़की।** अड़की में सड़क दुर्घटना में 60 वर्षीय ग्राम प्रधान बुधू मुंडा की मौत हो गई। घटना सोमवार को खूंटी-तमाड़ रोड पर खेसारीबेड़ा में हुई, जब बुधू मुंडा सवारी गाड़ी से उतरकर रोड के उस पार होटल की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे दो बाइक सवार युवक, लखींदर पुरान और संजय प्रमाणिक, तेज गति से खूंटी की तरफ से आ रहे थे इस दौरान अचानक बाइक से असंतुलित होकर ग्राम प्रधान को जोरदार धक्का दे मारा। दुर्घटना में तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए इलाज के लिए उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद, गंभीर रूप से घायल ग्राम प्रधान बुधू मुंडा और संजय प्रमाणिक को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां मंगलवार को इलाज के दौरान ग्राम प्रधान बुधू मुंडा की अस्पताल में मौत हो गई।पुलिस ने मृतक का पंचनामा केस दर्ज कर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

## एसपी कार्यालय में अपराध को लेकर की गई बैठक

**खूंटी।** मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में अखिलेश कुमार झा, पुलिस महानिरीक्षक, द०छो० प्रक्षेत्र (राँची) द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक महोदय के द्वारा न्यायालय से संबंधित कार्यों, संवेदनशील मामलों जैसे नक्सल संबंधी कांड, एनडीपीएस के कांड, महिला एवं पोक्सो से संबंधित कांड एवं 04 वर्ष से अधिक लंबित सभी कांडों का विशेष रुप से समीक्षा की गई। बैठक में लंबित कांडों में तेजी से अनुसंधान पूर्ण कर निष्पादित करने हेतु दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही जेल से छूटे नक्सली एवं पुराने आदतन अपराधियों का नियमित रुप से सत्यापन करने का भी निर्देश दिया गया। उक्त बैठक में पुलिस अधीक्षक, खूँटी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, तोरपा एवं खूंटी, पुलिस उपाधीक्षक (मु०) खूँटी, पुलिस उपाधीक्षक (प्रशिक्षु), खूँटी, सभी पुलिस निरीक्षक एवं संबंधित शाखा के पदाधिकारी उपस्थित थे ।

### खलारी में तेज आंधी और मूसलधार बारिश ने मचाई तबाही

# कई मकान क्षतिग्रस्त, विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप



**नवीन मेल संवाददाता। खिलाड़ी**

मंगलवार दोपहर खलारी क्षेत्र में तेज हवाओं के साथ दो घंटे तक मूसलधार बारिश हुई। इस भीषण मौसम ने पूरे क्षेत्र में भारी तबाही मचाई। आकाश में लगातार तेज गर्जना और बिजली की चमक से लोग सहमे रहे। स्थानीय लोगों ने बताया कि उन्होंने इससे पहले इतनी लगातार बिजली की गर्जना और चमक कभी नहीं देखी थी। खलारी पंचायत अंतर्गत गुलजारबाग पीपलधौड़ा में एक विशाल पीपल का पेड़ आधा फटकर गिर गया। इसके गिरने से सुनील मुंडा, लक्ष्मी मुंडा, फगुनी मुंडा और रामसुंदर उरांव के घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में एक डेढ़ माह का शिशु घायल हो गया। उसे छत गिरने से चोट लगी। खलारी प्रखंड कार्यालय की पूरी सोलर प्लेट प्रणाली टूटकर जनरेटर पर गिर गई। वहीं एसीसी उच्च विद्यालय की सोलर प्लेट उड़कर स्कूल वैन पर गिर गई, जिससे वैन को नुकसान पहुंचा। स्कूल परिसर में लगे सागवान के कई पेड़ जड़ से उखड़ गए। टीटू टाइप कालोनी में एक विशाल जामुन का पेड़ गिरने से कई घरों को आंशिक क्षति पहुंची। सड़क पर पेड़ गिरने से आवागमन बाधित हो गया। जेहलीटांड़ निवासी प्रभात सिंह के घर की एसबेस्टस छत गिरने से उनका सिर फट गया और पैर में गंभीर चोट आई। वहीं सुलेमान अली के घर, आफताब अंसारी की दुकान एवं घर, न्यू शांतिनगर निवासी फिलप कुजूर के आवास और डीएसपी खलारी के आवासीय परिसर में पेड़ गिरने से बाउंड्री वाल ध्वस्त हो गया। करकट्टा-बाजारटांड़ मुख्य मार्ग पर भी पेड़ गिरने से आवागमन प्रभावित हुआ। खलारी सीमेंट फैक्ट्री की बाउंड्री वाल भी गिर गई। अन्य क्षेत्रों से भी घरों के क्षतिग्रस्त होने की सूचनाएं हैं।

### जेबीवीएनएल ट्रांसमिशन लाइन को भारी नुकसान

बारिश और आंधी से जेबीवीएनएल (झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड) को भी भारी नुकसान हुआ है। चुरी होयर स्कूल के पास डिस्ट्रिब्यूशन पाइंट गिर गया, बड़कीटांड़ में एलटी पोल टूटकर गिर गया और तार क्षतिग्रस्त हो गया। एसीसी कालोनी, बैंक मोड़ और पत्रकार कालोनी में भी एलटी पोल और तार गिर गए हैं। एसीसी स्कूल के पीछे भी पोल और तार टूट गए हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित है। विभागीय कर्मचारी शहबाज ने बताया कि विद्युत आपूर्ति बहाल करने के लिए युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है। क्षेत्र में पिछले 24 घंटे से बिजली बाधित है, हालांकि दोपहर में कुछ समय के लिए आपूर्ति बहाल की गई थी।

## सफल विद्यार्थी हुए सम्मानित

**मांडर।** दयानंद आर्य विद्या पब्लिक में मंगलवार को बोर्ड परीक्षा में विद्यालय के टॉपर तथा पिछला सत्र के सभी कक्षाओं के टॉपर बच्चों को मोमेंटो तथा मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मांडर के पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, मांडर थाना प्रभारी राहुल, शिक्षाविद डॉक्टर डी. एन .सिंह,राजू सिंह निदेशक डॉ राजेश दत्त तथा सेक्रेटरी अर्चना मैडम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। निदेशक डॉ राजेश दत्त ने कहा कि सीबीएसई बोर्ड में विद्यालय के टॉपर बच्चे आदित्य आर्यन चौबे 12वीं में 95% तथा विवेक कुमार सिंह दसवीं में 96% लाकर विद्यालय तथा अभिभावक का सर गर्व से ऊंचा किया। सभी बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। साथ ही साथ विद्यालय के 12वीं के बच्चे आदित्य आर्यन चौबे जी मैंस परीक्षा में 99.6% लाकर रांची के टॉपर बने।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**



प्रखंड के कंदरी मोड़ मांडर स्थित ऑक्सब्रिज स्कूल में मंगलवार को सी. बी. एस. ई. बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 10वीं के विद्यार्थियों को मोमेंटो एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्राचार्य मिस ईवोन ई. एक्का ने छात्रों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य छात्रों के सकारात्मक सोच एवं उनकी अंतर्निहित क्षमता का विकास एवं प्रतिभा को उजागर करना है। समारोह में मौजूद अतिथि आई. आई. टी. रुड़की के मनीष कुमार ने बच्चों को अपने सम्बोधन में नियमित रूप से पढ़ाई करने तथा प्रश्नों को रटने के बजाय समझकर अभ्यास करने पर जोर दिया तथा अपने आत्मविश्वास को बनाए रखने को कहा।

## प्रखण्ड कांग्रेस कमेटी की बैठक

**चान्हो।** मंगलवार को प्रखण्ड कांग्रेस कमेटी की बैठक शहीद वीर बुधु भगत इंटर कॉलेज के समीप पतरा में की गई। इस बैठक में संगठन विस्तार के साथ- साथ आगमी 26 मई को राजभवन के समक्ष धरना में शामिल होने से संबंधित चर्चा की गई। सरना धर्म कोड की मांग और पेसा कानून लागू करने हेतु राजभवन के समक्ष धरना प्रस्तावित है। इस बैठक में मो० मोजीबुल्लाह , अजीत सिंह, अबदुल्ला अंसारी, इश्तियाक अंसारी, इरशाद खान, मंगलेशवर उरांव, मारवाड़ी उरांव, सुजीत शाही, सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### नगड़ी में रिम्स टू के निर्माण के लिए पिलर गाड़ने का कार्य शुरू

## ग्रामीणों की सीओ से हुई वार्ता



**नवीन मेल संवाददाता। पिठौरिया**

कांके थाना क्षेत्र के नगड़ी में रिम्स टू के निर्माण के लिए चिह्नित की गई भूमि पर चारदीवारी निर्माण के लिए पिलर गाड़ने का कार्य मंगलवार को शुरू हो गया। मौके पर डीएसपी अमर कुमार पांडेय, सीओ जय कुमार राम,कांके इंस्पेक्टर प्रकाश कुमार रजक सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। हालांकि कुछ ग्रामीण मौकेपर पहुंचे थे। किंतु उनके तेवर आक्रामक नहीं थे। वे बातचीत कर इसका समाधान चाहते थे। बताते चलें ग्रामीणों ने सोमवार को इसका जोरदार विरोध किया था। लेकिन डीसी से हुई वार्ता के उपरांत अधिसंख्य ग्रामीण मंगलवार को उनके निर्देश पर सीओ जय कुमार राम से मिलने पहुंचे थे। सीओ जय कुमार राम ने कहा कि रैयतों की पूरी सूची बनाई जाएगी तथा यदि उनके जमीन से जुड़ा कोई सुधार आदि कीआवश्यकता है, तो उसको शिविर लगाकर 10 से 15 दिनों में पूरा कर लिया जाएगा। कांके के प्रमुख सोमनाथ मुंडा और सरना समिति कांके के अध्यक्ष रंजीत टोप्पो ने कहा कि जिन ग्रामीणों की जमीन का सुधार करना है वे बुधवार से अपना आवेदन और दस्तावेज जमा करवाएंगे। सीओ से कहा कि इसको तुरंत सुधारा जाए।

## खलाड़ी में भाजपा ने निकाली तिरंगा सम्मान यात्रा, देशभक्ति के नारों से गूंजा आसमान



**खलारी।** भारतीय जनता पार्टी, खलारी मंडल ने 'आपरेशन सिंदूर' और भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा सम्मान यात्रा का आयोजन किया। इस यात्रा का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष अनिल गंझू और यात्रा प्रभारी युवा नेता कमलेश राम ने किया। यात्रा खलारी केडी हिंदूगढ़ी चौक से प्रारंभ होकर शहीद चौक होते हुए खलारी रेलवे स्टेशन स्थित बैंक मोड़ तक पहुंची। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक पैदल मार्च करते हुए शामिल हुए। पूरा वातावरण भारत माता की जय, पाकिस्तान मुर्दाबाद, पाकिस्तान होश में आओ, पीओके खाली करो जैसे नारों से गूंज उठा। यात्रा में देश के लिए बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और राष्ट्रीय एकता व अखंडता का संदेश दिया गया। तिरंगा यात्रा में भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं और समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों की सक्रिय भागीदारी रही। तिरंगा यात्रा के सफल आयोजन ने क्षेत्र में राष्ट्रभक्ति की भावना को और सशक्त किया। स्थानीय नागरिकों और युवाओं में देशप्रेम का उत्साह देखते ही बन रहा था। प्रमुख उपस्थित लोगों में अरविंद सिंह, फुलेश्वर महतो, जितेंद्र पाण्डेय, आनंद सिंह आईटी सेल सह संयोजक, रामेश्वर महतो उपाध्यक्ष, कार्तिक पाण्डेय महामंत्री, रामसूरत यादव मंडल संयोजक, सुशील अग्रवाल, रतनलाल, दिलीप गंझू, प्रताप यादव, शशि तुरी, अनिल तुरी, जफरुद्दीन अंसारी, संजीता देवी, मनोज सिंह, सुबोध रजक, हरी पहान, तलेसर महतो, संजीतकुमार महतो, दीपक बहादुर, सुरेश, मनोज निषाद, प्रदीप प्रामाणिक और बीरबल गंझू शामिल रहे।

## झामुमो प्रधान कार्यालय में बैठक आज

**सिल्ली।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रधान कार्यालय सिल्ली में आज दोपहर 2 बजे से एक आवश्यक बैठक रखी गई है जिसमें सिल्ली के वर्तमान विधायक अमित कुमार महतो मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक में 23 मई को प्रधान कार्यालय में सिल्ली विधायक अमित कुमार महतो के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया है जिसकी तैयारी से संबंधित बातें की जाएगी। इस बैठक में झामुमो के सभी जिला, प्रखंड, पंचायत पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को सम्मिलित होने का अपील की गई है ताकि बैठक का आयोजन सफल हो सके।

बैठक में पार्टी की मजबूती पर जोर दिया जाएगा। हर कार्यकर्ता अपनी पार्टी की मजबूती जुट जाएं और हेमंत का हाथ मजबूत करें।

## अल्ट्राटेक सीमेंट एवं श्री श्याम इंटरप्राइज के संयुक्त तत्वावधान में राजमिस्त्री के साथ हुई बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**



अल्ट्राटेक सीमेंट और श्री श्याम इंटरप्राइज़ के संयुक्त तत्वावधान में क्षेत्र के अनुभवी राज मिस्त्री की एक बैठक सिल्ली पॉलीटेक्निक कॉलेज में हुई। इस बैठक में निर्माण की नई टेक्नोलॉजी की जानकारी दी गई । बैठक में बताया गया कि देश की नंबर एक सीमेंट कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट व्यापार के साथ साथ सामाजिक दायित्व का भी बखूबी पालन करती है और इसी कड़ी में बैठक के दौरान सिंगपुर नर्सिंग होम के सौजन्य से सभी राज मिस्त्री की स्वास्थ्य जाँच की गई। इस मीटिंग में पॉलीटेक्निक के प्राचार्य समीर शर्मा अल्ट्राटेक सीमेंट से तकनीकी प्रबंधक अंकित श्रीवास्तव,मार्केटिंग मैनेजर राकेश प्रसाद,अल्ट्राटेक बीपीडी टीम से प्रकाश महतो, शुभम् राजकुमार वर्षा, श्री श्याम इंटरप्राइज़ से राम गोपाल केडिया सहित क्षेत्र के अनेक गण मान्य राज मिस्त्री उपस्थित थे।राज मिस्त्रीयो ने भी अपने अनुभव को साझा किए,उनके अनुसार अल्ट्राटेक सीमेंट का प्रीमियम सीमेंट देश का बेहतरीन सीमेंट माना गया।कंपनी की तरफ़ से लगातार कार्यस्थल पर तकनीकी सेवा मिलने से ग्राहक को बहुत सहूलियत होती है ।कार्यक्रम के बाद अल्ट्राटेक सीमेंट के अधिकारीगणों ने सिल्ली के वरीय राज मिस्त्री उस्मान अंसारी को उनकी हज यात्रा पूर्ण होने पर माला पहना कर और अंगबस्त्र देकर सम्मानित किया।

## विधायक ने अस्पताल में नयी एक्स-रे मशीन का किया उद्घाटन

**खूंटी।** तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया ने मंगलवार को रेफरल अस्पताल तोरपा में नयी एक्स-रे मशीन का उद्घाटन फीता काटकर किया। यह मशीन अस्पताल के नये भवन में स्थापित की गई है। मौके पर विधायक ने कहा कि यहां एक्स-रे मशीन लग जाने से लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेवारी है। उन्होंने सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी को निर्देश दिया कि अस्पताल में जो समस्या हैं, सिविल सर्जन डॉ मांझी ने कहा कि रेफरल अस्पताल में जल्द स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति की जायेगी।

## ट्रेन से कटकर महिला की हुई दर्दनाक मौत

**मुरी।** मंगलवार के दिन मुरी बरलंगा सीमा कूचू पुल के पास ट्रेन से कटकर एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। मुरी ओपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स भेज दिया है। समाचार लिखे जाने तक मृत महिला की पहचान नहीं हो पाई है।

## खूंटी में वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर आज से

**खूंटी।** खूंटी जिला वालीबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में 21 से 30 में तक खूंटी में वॉलीबॉल खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस आशय की जानकारी देते हुए एसोसिएशन के अध्यक्ष दिलीप मिश्रा ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य खूंटी जिले के बालक और बालिकाओं को बेहतर प्रशिक्षण प्रदान करना है, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के वॉलीबॉल खिलाड़ी अपनी प्रतिभा को निखार सकें और राज्य और राष्ट्र स्तर पर खूंटी का नाम रोशन कर सकें।

## डॉली ने रचा इतिहास, कॉमर्स में बनीं टॉपर, विधायक ने किया सम्मनित, कहा

# गांव की बेटियां भी देश का भविष्य बदल सकती हैं

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

हजारीबाग जिले के चुरचू गांव की छात्रा डॉली कुमारी ने मुख्यमंत्री स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की 12वीं बोर्ड परीक्षा में कॉमर्स स्ट्रीम में 93.8% अंक प्राप्त कर राज्यभर के सभी 80 सीएम स्कूलों में प्रथम स्थान हासिल किया। अपनी असाधारण उपलब्धि से डॉली ने न केवल स्कूल और जिले का, बल्कि पूरे झारखंड का नाम गौरव से ऊँचा कर दिया है। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद स्वयं डॉली के घर चुरचू पहुँचे और परिवारजनों के साथ मिलकर इस ऐतिहासिक सफलता की खुशी साझा की। उन्होंने डॉली को पुष्पगुच्छ और मिठाई भेंट कर सम्मानित किया तथा उसे उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की डॉली ने राज्य के शिक्षा क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह इस बात का प्रतीक है कि गांव की बेटियाँ भी देश की दिशा बदलने का माद्दा रखती हैं। केंद्रीय सरकार ऐसे प्रतिभावान विद्यार्थियों की हरसंभव सहायता हेतु प्रतिबद्ध है। डॉली के पिता शंकर प्रसाद मेहता एक साधारण किसान हैं, जो केवल चौथी कक्षा तक पढ़ सके। माँ पुष्पा देवी एक गृहिणी हैं, जिन्होंने नौवीं तक शिक्षा प्राप्त की। सीमित आर्थिक संसाधनों के बावजूद, परिवार ने डॉली की पढ़ाई में कोई कसर नहीं छोड़ी। डॉली ने कहां कि ,मैंने सिर्फ मेहनत और लगन पर भरोसा किया। आर्थिक परेशानियाँ थीं, लेकिन मैंने हार नहीं मानी। यह मेरी नहीं, मेरे माता-पिता और शिक्षकों की भी जीत है।



# दहेज हत्या के आरोपी पति को न्यायालय ने किया बरी

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

एक प्रतिनिधि। पतरातू थाना कांड संख्या 192/24 के आरोपी मनीष कुमार को एडीजे 1 विशाल श्रीवास्तव के न्यायालय ने आरोप मुक्त करार दिया है। मनीष कुमार पर अपनी पत्नी नेहा राय की हत्या का आरोप था। 16 जून 2024 को नेहा कुमारी का शव स्टेशन रोड के रिटायर्ड कॉलोनी में फंदे से झूलता हुआ पाया गया था। मामले में नेहा राय के पिता गंगा राय ने पतरातू थाने में मनीष कुमार के विरुद्ध दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया था। मनीष कुमार रेलवे में गुड्स गार्ड के पद पर कार्यरत थे। दहेज हत्या का मामला दर्ज होने के बाद 17 जून 2024 से मनीष कुमार रामगढ़ के मंडल कारा में न्यायिक हिरासत में था। पूर्व में रामगढ़ व्यवहार न्यायालय और झारखंड उच्च न्यायालय ने मनीष कुमार की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया था। मामले में पेश गवाहों और अन्य सबूतों के आधार पर एडीजे 1 विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने सोमवार को मनीष कुमार को आरोप मुक्त करार देते हुए बरी कर दिया है। मनीष कुमार को अदालत से आरोप मुक्त किए जाने के बाद परिजन काफी खुश नजर आए। परिजनों ने अदालत के फैसले को न्याय की जीत बताया है। उन्होने कहा कि अदालत का फैसला बेहतर हुआ है।

## न्यूज बॉक्स

### बारिश होने से लोगों को गर्मी से मिली राहत



**रामगढ़।** लोग उमस भरी गर्मी से काफी परेशान हो रहे थे. लेकिन मंगलवार की दोपहर अचानक हुई बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली. बारिश के बाद मौसम खुशनुमा हो गया. जिससे लोग सड़क पर और अपने बालकोनी पर खुशनुमा मौसम का आनंद लेते नजर आए.

### बीस सूत्री अध्यक्ष मंगलेश ने जेएससीए अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव को दी बधाई



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव से रांची में भेंट कर बुके भेंट कर उन्हें अध्यक्ष बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर सुधीर मंगलेश ने कहा कि क्रिकेट व खेलों के प्रति अजय नाथ शाहदेव जी का समर्पण, कार्यशैली और दूरदर्शिता हमेशा प्रेरणादायक रही है। उनका जेएससीए अध्यक्ष बनना निश्चित रूप से झारखंड क्रिकेट के लिए एक सकारात्मक और सशक्त दिशा में कदम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि अजय नाथ शाहदेव जी के नेतृत्व में झारखंड के उभरते खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण, अवसर और मंच मिलेगा, जिससे राज्य की प्रतिभाएं राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पटल पर अपनी पहचान बनाएंगी। सुधीर मंगलेश ने कहा कि खेलों के माध्यम से युवाओं को जोड़ने की दिशा में यह एक प्रेरक बदलाव साबित होगा।

### स्कूली बच्चों के बीच साइकिल व बैग का किया गया वितरण



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय चांदगढ़, बरकट्ठा में सत्र 2024-25 में अध्ययनरत अष्टम वर्ग के 38 छात्र-छात्राओं के बीच झारखंड सरकार द्वारा प्रदत्त साइकिल उन्नति का पहिया का वितरण किया गया ।वहीं वर्ग पहला से आठवीं तक अध्ययनरत 312 छात्र- छात्राओं के बीच बैग का वितरण किया गया। इस अवसर पर बेड़ोकला पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि देवेंद्र पांडेय ,पंसस पूर्वी रामचंद्र साव, पंसस बेड़ोकला पश्चिमी सह समिति सदस्य स्वास्थ्य एवं शिक्षा मंत्री बरकट्ठा युसूफ अंसारी, प्रधानाध्यापक मो० रियाजुद्दीन ,सहायक अध्यापक छोटेलाल राम, सिकंदर कुमार राज, मुबारक अंसारी ,वीणा कुमारी और सुनीता यादव उपस्थित थे । इस अवसर पर मुख्य प्रतिनिधि ने कहा कि राज्य एवं केंद्र सरकार की शिक्षा के प्रति विशेष ध्यान होता है और अनेक योजनाएं संचालित भी है। कहा कि इस योजना का लाभ तभी सार्थक होगा जब बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर अपने देश का नाम रोशन करेंगे।

### तंबाकू नशामुक्ति जागरूकता रथ को उपायुक्त ने किया रवाना



**रामगढ़।** उपायुक्त चंदन कुमार द्वारा मंगलवार को जिले में तंबाकू नशामुक्ति राष्ट्रीय निशुल्क नंबर 1800-11-2356 के प्रचार –प्रसार हेतु जगरुककता रथ को समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाई गई। मौके पर सिविल सर्जन रामगढ़ डॉ महालक्ष्मी प्रसाद , तंबाकू नियंत्रण पदाधिकारी डॉ तूलिका रानी एवं सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी जिला रामगढ़ मौजूद रहे। इस मौके पर नोडल पदाधिकारी ने बताया की यह जागरूकता रथ जिले के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर तक जाएगी और ग्रामीण स्तर पर तंबाकू- एवं धूम्रपान से होनेवाले हानिकारक प्रभावों को बताने के साथ तंबाकू -छोड़ने मे सहयोग करने वाले निःशुल्क न . 1800-11-2356 का प्रचार –प्रसार लगातार 05 जून 2025 करेगी ताकि लोग तंबाकू के कहर से एवं बच्चे इसके जाल से बच सके।

### आक्रोशित ग्रामीणों ने फैक्ट्री का गेट जाम कर मालिक को अंदर घुसने नहीं दिया

**गोला।** गोला थाना क्षेत्र के बरियातु पंचायत के कामता गांव स्थित ब्रह्मपुत्रा मेटालिक प्राइवेट लिमिटेड के मालिक अर्स साहू ने प्लांट को गुपचूप ढंग से बेच दिया है। जिससे स्थानीय रैयतों व फैक्ट्री के वर्करों में आक्रोश व्याप्त है। ब्रह्मपुत्रा मेटालिक प्राइवेट लिमिटेड को कथित तौर पर गिरीडीह के बालगोविंद नामक व्यक्ति ने खरीदा है और फैक्ट्री का नामकरण बाल मुकूंद प्रालि किया गया है। सोमवार को जब फैक्ट्री के खरीदार नए मालिक अपने परिजनों व पार्टनर के साथ पूजा अर्चना करने यहां पहुंचे तो ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। सैकड़ों ग्रामीणों और फैक्ट्री में कार्यरत मजदूरों ने अपने मांगों के समर्थन में फैक्ट्री गेट को जाम कर दिया और प्रदर्शन करने लगे। प्रदर्शनकारियों के फैक्ट्री गेट को जाम कर देने के कारण फैक्ट्री के अंदर आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया। फैक्ट्री के नए मालिक के साथ गिरीडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी भी मौजूद थे। ग्रामीणों के गुस्से को देखते हुए फैक्ट्री मालिक व उनके साथ आए लोगों को फैक्ट्री के बाहर से ही वापस लौटना पड़ा। इधर ग्रामीणों व मजदूरों का समर्थन करते हुए जेएलकेएम के केंद्रीय महामंत्री संतोष चौधरी भी कई समर्थकों साथ पहुंच गए। उन्होंने ग्रामीणों की मांग को जायज ठहराते हुए फैक्ट्री मालिक से रैयतों के साथ वार्ता करने की मांग की है। - क्या है ग्रामीणों की मांग फैक्ट्री गेट जाम कर रहे ग्रामीण का कहना है कि बीएमएल फैक्ट्री की स्थापना डेढ़ दशक पूर्व 2010 में हुई है।

### हजारीबाग पुलिस अधीक्षक ने गोरहर थाना का किया निरीक्षण, सुधार और सुरक्षा पर दिया जोर



**बरकट्ठा।** पुलिस अधीक्षक हजारीबाग अरविंद कुमार सिंह हजारीबाग ने गोरहर थाना का मंगलवार को निरीक्षण किया। इस दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बरही और पुलिस निरीक्षक बरकट्ठा उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाने की सुरक्षा व्यवस्था, रिकॉर्ड रख-रखाव, और पुलिसकर्मियों की कार्यशैली का जायजा लिया। उन्होंने थाने के विभिन्न विभागों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पुलिसकर्मियों को अपने कर्तव्यों का पालन करने और आम जनता के साथ मधुर संबंध बनाए रखने पर जोर दिया।

इसके अलावा, उन्होंने थाने की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने के कार्यों की सराहना की और आवश्यक सुधार के लिए सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य जनता की सुरक्षा और सेवा करना है और इसके लिए पुलिसकर्मियों को अपने कर्तव्यों का पालन करने में पूरी तरह से सक्षम होना चाहिए। इस निरीक्षण के माध्यम से थाने की कार्यशैली में सुधार और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया।

# ठेला पलटने से किशोर की मौत बरही पुलिस ने दिखाई मानवता

- बरही चौक पर ठेला लगाने जा रहे पिता-पुत्र के साथ हादसा, पुलिस ने तत्काल अस्पताल पहुंचाया, नहीं बच सका जीवन

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**



पूर्वी पंचायत बाराटांड में सोमवार को एक दर्दनाक हादसे में 14 वर्षीय किशोर विनित कुमार की मौत हो गई। मृतक अपने पिता गणेश केशरी के साथ ठेला लेकर बरही चौक की ओर जा रहा था, तभी अचानक ठेला असंतुलित होकर पलट गया और विनित उसके नीचे दब गया। घटना की जानकारी मिलते ही बरही थाना के पुलिस अवर निरीक्षक मृत्युंजय कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और मानवता का परिचय देते हुए घायल किशोर को तत्काल अपने पुलिस वाहन से बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, चिकित्सकों ने वहां विनित को मृत घोषित कर दिया। मूल रूप से रामगढ़ जिले के कुजू निवासी गणेश केशरी विगत कुछ समय से बरही चौक पर ठेला लगाकर समोसा व मालपुआ बेचकर जीवनयापन कर रहे थे। वे युवराज होटल के पास किराए के मकान में रहते थे और रोजाना अपने पुत्र के साथ ठेला लेकर बाजार जाया करते थे। स्थानीय लोगों ने पुलिस अवर निरीक्षक मृत्युंजय सिंह की तत्परता और संवेदनशीलता की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने जिस तरह बिना देर किए घायल बालक को अस्पताल पहुंचाया, वह अनुकरणीय है। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, बिरेन्द्र रविदास, पंकज केशरी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## स्कूल में कन्या भारती का हुआ गठन, करिश्मा बनी अध्यक्ष

# लड़कियों में आत्मरक्षा व नेतृत्व क्षमता का विकास मुख्य उद्देश्य : प्रधानाचार्य

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**



विद्या भारती के निर्देशानुसार भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में कन्या भारती का गठन किया गया. गठन कार्य महिला समिति के सदस्य अंजली गुप्ता की अध्यक्षता व प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडे की निगरानी में किया गया. प्रधानाचार्य ने बताया कि कन्याओं में नेतृत्व क्षमता बढ़ाने के लिए विद्या भारती प्रत्येक विद्यालयों में यह योजना चलाती है. उन्होंने कहा की महिलाओ में नेतृत्व की क्षमता विद्यालय से ही आनी चाहिए. विद्यालय परिसर सहित कक्षा की सफाई, व्यवस्था या बच्चों में अनुशासन इत्यादि की देखरेख की जिम्मेवारी बहनों में होनी चाहिए. यह चयन विद्यालय की कन्या भारती प्रमुख जुली कुमारी ने सार्वजनिक मतदान के माध्यम से अध्यक्ष, मंत्री एवं सेनापति पद का चयन किया गया. इसमें अध्यक्ष करिश्मा कुमारी, उपाध्यक्ष श्रेया कुमारी, मंत्री स्मृति कुमारी, सह मंत्री श्रद्धा कुमारी, सेनापति नेहा कुमारी, सह सेनापति राधिका कुमारी तथा वंदना प्रमुख श्रद्धा और तनवी निर्वाचित हुई. मौके पर सभी आचार्य व आचार्या उपस्थित थे. कार्यक्रम का समापन आचार्या पुष्पलता के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ. मौके पर आचार्य- आचार्या और भैया बहनें मौजूद थे.

## उपायुक्त के जनता दरबार में दर्जनों फरियादियों ने दिए आवेदन

# आमजनों की समस्याओं की त्वरित समाधान की बात कही

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**



समाहरणालय सभागार में मंगलवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। उपायुक्त नैन्सी सहाय ने आमजनों की समस्याओं को सुना तथा इसके त्वरित समाधान के निदेश संबंधित अधिकारियों को दिया। इस अवसर पर लगभग एक दर्जन फरियादियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन समर्पित किये। इस अवसर पर शहरी सहित विभिन्न प्रखंड से आये आवेदकों में मारपीट, आवास योजना का लाभ दिलाने, दाखिल खारिज, पेंशन, भूमि अतिक्रमण, दिलाने, भूमि पर अवैध कब्जा आदि से संबंधित आवेदन देकर समाधान की मांग की। रूके हुए दिव्यांगता पेंशन चालू कराने का अनुरोध किया। इस मौके पर सदर प्रखंड से तारा प्रवीण ने अपने बच्चे के विद्यालय में नामांकन हेतु उपायुक्त को आवेदन दिए, बरकट्ठा प्रखंड से भुवनेश दास ने अबुआ आवास का लाभ दिलाने को लेकर उपायुक्त को आवेदन दिए, बरही से रेणु कुमारी ने रोजगार को लेकर आवेदन दिया, ग्राम अडारा बरही से विष्णु ठाकुर ने भु-दान से प्राप्त भूमि पर अतिक्रमण करने तथा विपक्षी द्वारा जमीन का जमाबंदी अवैध तरीके से अपने नाम दर्ज करने के संबंध में उपायुक्त को आवेदन दिए, ओकनी से एनुल हक ने अपनी जमीन की रसीद किसी अन्य व्यक्ति के नाम से कटाने से रोक करने के सम्बंध में उपायुक्त को आवेदन दिए, इचाक प्रकरण से कमता देवी ने अपने आवास की स्थिति जर्जर होने पर अबुआ आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग को लेकर आवेदन दिया, पदमा थाना क्षेत्र बरही से भगवान प्रसाद साव ने जमीन पर रिश्तेदारों के द्वारा अवैध जमाबंदी करने तथा जमीन हड़पने से बचाव को लेकर उपायुक्त को आवेदन सौंपा, बड़कागांव से विनय साव ने रिस्तेदारों द्वारा जमीन पर विवाद करने एवं जबरन आवास बनाने लेकर उपायुक्त आवेदन देते हुए समाधान का अनुरोध किया। मौके पर आये सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को भेजते हुए जांचोपरांत त्वरित करने का निर्देश दिया गया।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर गोला में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**गोला।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और सेना के साहस को सम्मानित करने के लिए मंगलवार को गोला में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा गोला डाक बंगला परिसर से मेन रोड होते हुए डीवीसी चौक तक निकाली गई। इसमें भुतपूर्व सैनिक चतुर्भुज कश्यन, भाजपा के मंडल प्रभारी राजु चतुर्वेदी, पूर्व बीस सुत्री अध्यक्ष मनोज कुमार महतो, अजय ओझा, बबलु साव, जितेंद्र साहू समेत बड़ी संख्या में विभिन्न धार्मिक, सामाजिक व राजनैतिक दलों के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान प्रत्येक लोगों के हाथ में भारत की आन-बान-शान तिरंगा देखने को मिला। तिरंगा यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए डीवीसी चौक पर सभा में तब्दील हुई। इस दौरान भारतीय सेना के जयघोष के साथ भारत माता की जय, पीएम मोदी जिंदाबाद, देश की सेना जिंदाबाद के नारे गूंजते रहे। पूर्व सैनिक ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि भारतीय सेना पूरी तरह तैयार है। भारतीय सेना का मुकाबला करना किसी के बस की बात नहीं है।

### गोला में सर्पदंश से युवक की हालात बिगड़ी, रेफर

**गोला।** बरलंगा थाना क्षेत्र की उपरबरगा पंचायत के औंराडीह गांव निवासी बंधु बेदिया 40 वर्ष को सोमवार 11 बजे रात के करीब एक विषैले सांप ने डस लिया।

# स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्ष



**रामगढ़।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर मंगलवार कोउपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को स्वास्थ्य विभाग की पूर्व में हुई समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी दी गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सदर अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों आदि से मरीज को रेफर कर निजी अस्पतालों में स्वयं मरीज का इलाज करने वाले चिकित्सकों संबंधित कोई भी मामला प्रकाश में आने पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सदर अस्पताल सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में मातृ त्व स्वास्थ्य व प्रसव संबंधित सुविधाओं की जानकारी लेते हुए मरीज को लाभ पहुंचाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीजों को मिल रहे लाभ की समीक्षा के क्रम में सिविल सर्जन सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को इस पर विशेष ध्यान देने की बात कही।मातृत्व स्वास्थ्य अंतर्गत विभिन्न कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने गर्भवती महिलाओं के प्रसव पूर्व जांच स समय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। संस्थागत प्रसव संबंधित मामलों की समीक्षा में क्रम में उपायुक्त ने सदर अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों में हो रहे प्रसव आदि की जानकारी लेते हुए उपलब्ध सुविधाओं को और भी प्रभावी तरीके से संचालित करने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने प्रसव के दौरान गर्भवती महिलाओं अथवा बच्चों की मृत्यु से संबंधित मामलों की गंभीरता पूर्वक जांच सुनिश्चित करने एवं संबंधित मामलों में ऑटोप्सी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# रामगढ़ जिले के स्कूलों में राज्य स्तरीय टीम ने लिया रुआर अभियान का जायजा

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**



रुआर अभियान के तहत स्कूलों में शत प्रतिशत नामांकन के स्थिति का जायजा लेने के लिए 19-20 मई को राज्य स्तरीय टीम रामगढ़ के रामगढ़ ब्लॉक , चितरपुर ब्लॉक तथा गोला ब्लॉक पहुंची। टीम में मुकेश कुमार सिन्हा, अनुराधा रानी , एडीपीओ नलिनी रंजन, शारिक कमर और बीईओ सुलोचना कुमारी, प्रभाकर कुमार शामिल थे। इस टीम ने पहले ही दिन 6 स्कूलों का भ्रमण किया जिसमें यूएचएस गंड़के, गांधी मेमोरियल रामगढ़, यूएचएस कैथा, यूएमएस हुहुवा, बेसिक स्कूल रामगढ़, यूएमएस हेड क्वार्टर तथा दूसरे दिन 5 स्कूलों का भ्रमण किया जिसमें बारीयतु यूएचएस बारियातू, यूपीएस बरवाटांड, प्लस टू हाई स्कूल बंदा, बेसिक स्कूल चितरपुर, पीएस छोटकीलारी का अनुश्रवण किया। दो दिन के अनुश्रवण के स्थिति के संबंध जिला स्तरीय पदाधिकारियों, बीईओ, बीपीओ, बीआरपी, सीआरपी के साथ चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान स्कूलों में रुआर प्रोग्राम, एम डी एम, एनरोलमैंट, शिशु पंजी, प्रयास , टेक्स्ट बुक, आउट ऑफ स्कूल बच्चों की सूची, ड्रॉप बॉक्स और बच्चों की उपस्थिति की समीक्षा की गई साथ ही साथ शिक्षकों की स्थिति का भी जायजा लिया गया। ज्ञात हो कि जिले में 24 अप्रैल से 10 मई तक रुआर अभियान चलाया गया था । बैठक में एडीपीओ नलिनी रंजन ने सभी सीआरपी, बीआरपी, बीपीओ एवं बीईईओ को टीम भावना से काम करने और ड्राप बॉक्स से सभी स्टूडेंट्स को स्कूल में नामांकन दिखाने का निर्देश दिया। जिस क्लास की पुस्तक ब्लॉक को प्राप्त हो गए है वो गर्मी छुट्टी से पहले बच्चों को उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में एडीपीओ नलिनी रंजन, बबीता कुमारी प्राचार्य डाइट, एपीओ कुमार राज, बीपीओ मिथुन सागर रामगढ़, श्याम सुंदर गोला, इंशाअल्लाह चितरपुर एवं अन्य सभी उपस्थित थे ।

# सिमडेगा में ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक में डीसी ने दिए सख्त निर्देश

- पीएम आवास (ग्रामीण) व अबुआ आवास योजना की धीमी प्रगति पर असंतोष
- पदाधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में ग्रामीण विकास शाखा अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मनरेगा, अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, दीदी बगिया योजना, फोटो हो खेल विकास योजना, एरिया ऑफिसर एप तथा पीएम जनमन योजना सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।मनरेगा योजना की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने मानव दिवस सृजन, महिला मजदूरों की सहभागिता और समय पर मजदूरी भुगतान पर बल दिया। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) व अबुआ आवास योजना में धीमी प्रगति पर चिंता व्यक्त करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मास्टर रोल निर्गत और प्रथम किस्त भुगतान के बाद एमआर निर्गत पर विशेष ध्यान देने की बात कही।बिरसा सिंचाई कूप योजना में समय पर कूप की खुदाई और पत्थर से पटाई कराने का निर्देश दिया गया। बिरसा हरित ग्राम योजना में गड्ढा खुदाई कार्य पूर्ण कर योजना को एमआईएस पोर्टल पर ऑनगोइंग करने का निर्देश दिया गया। पौधारोपण हेतु दीदी बगिया से इमारती पौधों की गुणवत्ता जांचने को कहा गया।उपायुक्त ने एरिया ऑफिसर एप के माध्यम से पदाधिकारियों के स्थल भ्रमण की स्थिति की समीक्षा की और शत-प्रतिशत निरीक्षण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने मनरेगा व 15वें वित्त आयोग की योजनाओं में प्राप्त शिकायतों की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई तथा आवश्यकतानुसार मुखिया की शक्ति समाप्त करने के निर्देश भी दिए।बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, एलआरडीसी अरुणा कुमारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी दयानंद कार्जी, सभी बीडीओ, बीपीओ व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## नगर परिषद योजनाओं की समीक्षा, बेघरों को आवास देने पर जोर : डीसी

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में नगर परिषद अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में नागरिक सुविधा से जुड़ी योजनाओं की अद्यतन जानकारी ली गई एवं इनके बेहतर क्रियान्वयन हेतु निर्देश दिए गए।बैठक के दौरान उपायुक्त ने नगर क्षेत्र में अधिक से अधिक महिला स्वयं सहायता समूहों के गठन पर जोर दिया। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की समीक्षा के क्रम में लंबित योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली गई। इस पर नगर परिषद प्रशासक पदाधिकारी ने बताया कि फंड की अनुपलब्धता के कारण कार्य धीमा है, परंतु राशि उपलब्ध होते ही शेष कार्यों को पूर्ण कर लिया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए निर्धारित लक्ष्य के तहत लाभुकों से आवेदन प्राप्त कर ऑनलाइन प्रविष्टि की जा रही है, जिसमें कुछ लंबित आवेदनों को शीघ्र पूर्ण करने की बात कही गई।उपायुक्त ने शहरी क्षेत्र में खपरैल घरों में रहने वाले लोगों का सर्वेक्षण कराने का निर्देश देते हुए कहा कि इच्छुक लाभुकों को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) का लाभ सुनिश्चित रूप से दिया जाए, ताकि कोई भी बेघर व्यक्ति योजना से वंचित न रह सके। राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए उन्होंने होल्डिंग टैक्स के रीएसेसमेंट की आवश्यकता बताई। शहरी जलापूर्ति परियोजना की समीक्षा में जुडको एजेंसी द्वारा जानकारी दी गई कि अब तक 44 किमी तक पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है तथा दो स्थानों पर फॉरेस्ट क्लीयरेंस की आवश्यकता है। उपायुक्त ने वन प्रमंडल पदाधिकारी को पत्र भेजकर शीघ्र अनुमति प्राप्त करने तथा शेष कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने का निर्देश दिया।बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, नगर परिषद प्रशासक समीर बोदरा, सीटी मैनेजर आकाश डेविड, आवास कोऑर्डिनेटर सहित अन्य कर्मीगण उपस्थित थे।

## ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन मे कोलेबिरा मे निकला तिरंगा यात्रा



नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** सेना के शौर्य ,पराक्रम पीएम मोदी के हिम्मत और ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन मे मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में कोलेबिरा मे निकला तिरंगा यात्रा यह यात्रा रण बहादुर सिंह चौक से शुरू होकर थाना चौक तक गई वहां से पुनः वापस होते हुए रण बहादुर सिंह सिंह चौक में इसका समापन हुआ इस दौरान कार्यकर्ताओं के द्वारा पाकिस्तान मुर्दाबाद हिंदुस्तान जिंदाबाद ऑपरेशन सिंदूर जारी रहे और देश के प्रधानमंत्री मोदी के समर्थन मे जयकारे भी जमकर लगाए गए।इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक इंदवार ने सेना और पीएम मोदी कि तारीफ करते हुए कहा कि भारत के बहनो के सिंदूर मिटाने का परिणाम पाकिस्तान ने देख लियाखाने वाले खाते है।भारत का, लेकिन गुणगान अभी करते है। दुश्मन का उन्हें जनता माफ नही करने वालीं,आतंकवाद से किसी तरह का समझौता नहीं होगा देश ने सेना का पराक्रम देखा तो मोदी के हिम्मत को माना कि पाकिस्तान जैसे आतंकी देश से पीएम मोदी ही लोहा ले सकते है।मोके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक इंदवार पूर्व सांसद प्रतिनिधि चिंतामणि कुमार कृष्ण दास जनेश्वर बिल्हौर अशोक ठाकुर अमरेंद्र बड़ाइक अमरनाथ सिंह चिंतामणि पति दिलेश्वर सिंह देवनंदन खरवार लक्ष्मण राम मिस्त्री संजय मिश्रा बाबू मिश्रा राम सिंह संजय ठाकुर रविनाथ प्रधान जीतू ठाकुर, दिलेश्वर सिंह के अलावा कई भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

## जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्यों ने डीसी तथा पुलिस अधीक्षक से की शिष्टाचार भेंट

- सिमडेगा जिला प्रतिनिधि श्रीराम पुरी ने भारी बहुमत से जीत दर्ज की
- श्रीराम पुरी ने मंगलवार को उपायुक्त अजय कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक सौरभ से शिष्टाचार भेंट की



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के हाल ही में संपन्न हुए चुनाव में भारी बहुमत से विजयी हुए सिमडेगा जिला प्रतिनिधि श्रीराम पुरी ने मंगलवार को जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्यों के साथ उपायुक्त अजय कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक सौरभ से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर जिले में क्रिकेट के विकास को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।प्रतिनिधिमंडल सबसे पहले उपायुक्त के आवासीय कार्यालय पहुंचा, जहां उपायुक्त को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। चर्चा के दौरान श्रीराम पुरी ने सिमडेगा में क्रिकेट एकेडमी स्थापित करने हेतु चिन्हित जमीन को शीघ्र हस्तांतरित कराने का आग्रह किया। उपायुक्त ने इस दिशा में सकारात्मक पहल का आश्वासन देते हुए कहा कि प्रशासन क्रिकेट के विकास में हरसंभव सहयोग करेगा। साथ ही, जिले के विभिन्न प्रखंडों में क्रिकेट को बढ़ावा देने और युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने पर भी चर्चा हुई।इसके उपरांत प्रतिनिधिमंडल सिमडेगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के पदेन अध्यक्ष सह पुलिस अधीक्षक श्री सौरभ से मिला और उन्हें भी पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। एसपी से चर्चा के दौरान क्रिकेट गतिविधियों के आयोजन में पुलिस प्रशासन के सहयोग की बात रखी गई, जिस पर उन्होंने पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया।गौरतलब है कि इससे पूर्व श्रीराम पुरी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी मुलाकात कर राज्यभर में स्कूल स्तर पर क्रिकेट को प्रोत्साहित करने की मांग की थी, जिसे मुख्यमंत्री ने सकारात्मक रूप से लिया।मौके पर श्रीराम पुरी के साथ तौकीर उस्मानी, तस्सू, शशि मिश्रा, दिलीप तिर्की, सुहैब शाहिद, दीपक अग्रवाल और आशीष शास्त्री उपस्थित थे।

## श्री सर्वेश्वरी समूह सिमडेगा स्थित आश्रम स्थापना दिवस आज

**सिमडेगा।** श्री सर्वेश्वरी समूह सिमडेगा में अवस्थित परम पूज्य अघोरेश्वर महाविभूति स्थल एवं शिवलिंग स्थापना समारोह का 27 वां वार्षिकोत्सव मंगलवार शुरु हुआ । दो दिवसीय इस इस कार्यक्रम की शुरुआत आज प्रातः 5:30 बजे सफाई एवं श्रमदान से शुरु होगा। तत्पश्चात प्रातः 8:30 बजे मंदिर पूजन तथा अघोराचार्य बाबा कीनाराम जी के विग्रह का पूजन किया जाएगा इसके उपरान्त परम पूज्य अघोरेश्वर महाविभूति स्थल एवं शिवलिंग का पूजन एवं आरती होगी । तत्पश्चात अघोरान्ना परो मंत्रो नास्ति तत्वं गुरौ परम का 24 घंटे का संकीर्तन प्रारम्भ होगा । कार्यक्रम का न्समापन दिनांक 22 मई को प्रातः 9 बजे समाधिपूजन एवं कीर्तन के समापन से होगा। कार्यक्रम के अंत में सदस्यों के बीच एक पारिवारिक गोष्ठी भी रखा गया है । गौरतलब है कि श्री सर्वेश्वरी समूह एक सामाजिक एवं आध्यात्मिक संस्था है जिसका मुख्य कार्य जरूरतमंदों एवं वंचितों कि सेवा करना है।

## पीडीएस घोटाले के विरोध में गरजा पंचायत के कसाईदोहर में आमसभा

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** गरजा पंचायत अंतर्गत कसाईदोहर गांव में आज ग्रामीणों ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली की लचर व्यवस्था के खिलाफ आमसभा का आयोजन किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अप्रैल और मई माह का राशन अब तक वितरित नहीं किया गया है, जबकि डीलर को दोनों महीनों का आवंटन पहले ही किया जा चुका है।आमसभा में मुख्य रूप से कोचेडेगा के मुखिया सह भारत आदिवासी पार्टी के प्रदेश महासचिव शिशिर टोप्पो, जिलाध्यक्ष अमृत चिराग तिर्की, गरजा की मुखिया बसंती डुंगडुंग, वार्ड सदस्य क्रोबिन टोप्पो, संगीता बराला, संजय सोरेंग सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।ग्रामीणों ने बताया कि कसाईदोहर की पीडीएस दुकान का संचालन महिला स्वयं सहायता समूह के नाम पर होता है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से समूह की सचिव किस्मती तिर्की द्वारा दुकान का संचालन एकतरफा किया जा रहा है। अप्रैल और मई माह का राशन न तो वितरित किया गया और न ही गोदाम में उसका कोई स्टॉक मिला।इस संदर्भ में जिलाध्यक्ष अमृत चिराग तिर्की और मुखिया शिशिर टोप्पो जब मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया तो दुकान में केवल जून माह का राशन स्टॉक मिला। ग्रामीणों ने बताया कि दो माह से उन्हें राशन नहीं मिल रहा, जबकि विभाग से नियमित आवंटन हो रहा है। यह सीधे तौर पर गरीबों के अधिकार का हनन है।मुखिया शिशिर टोप्पो ने कहा कि यह मामला गंभीर है और खाद्य आपूर्ति विभाग के पदाधिकारियों से मिलकर जल्द ही समाधान की कोशिश की जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में गरीबों का हक भी छीना जा रहा है, जो बेहद चिंताजनक है। भारत आदिवासी पार्टी के जिलाध्यक्ष अमृत चिराग तिर्की ने इसे प्रशासनिक लापरवाही और भ्रष्टाचार का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह शर्मनाक है कि गरीबों का राशन तक लूटा जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस विषय पर उपायुक्त को एक लिखित ज्ञापन सौंपा गया है।इस मौके पर उप मुखिया मयंती तिर्की, पूनिया नागवार, रोजीलिया कुल्लू, मनोज बरवा, विजय सोरेंग, एलिसावा टोप्पो, मंजिला टोप्पो, दीप्ति बेसरा, विवियाना डुंगडुंग, संगीता देवी समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## लेटाबेड़ा स्कूल के प्रधानाध्यापक फ्रांसिस तिर्की को दी गई विदाई



नवीन मेल संवाददाता

**बोलबा।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय लेटाबेड़ा में कार्यरत प्रधानाध्यापक फ्रांसिस तिर्की को आज एक सादगीपूर्ण एवं भावभीन समारोह में विदाई दी गई। वर्षों तक विद्यालय में सेवा देने के उपरांत उनके योगदान को याद करते हुए सहकर्मियों, विद्यार्थियों और ग्रामीणों ने उन्हें सम्मानपूर्वक विदा किया।कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की सहायक शिक्षिका नूतन की अगुवाई में हुई, जहां विद्यार्थियों और अभिभावकों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अपने प्रिय प्रधानाध्यापक के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। सभी ने उन्हें फूलों का गुलदस्ता और अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विश्राम टुंडवार ने अपने संबोधन में प्रधानाध्यापक के शिक्षण कार्य और अनुशासनप्रियता की सराहना करते हुए कहा कि उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।ग्राम पंचायत समसेरा के मुखिया सुरजन बड़ाईक ने भी इस अवसर पर अपने आशीर्वचन के रूप में भावनात्मक शब्द कहे और शिक्षक को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर बड़ी संख्या में बच्चे, अभिभावक और ग्रामवासी उपस्थित थे। पूरे कार्यक्रम में भावुकता और सम्मान का माहौल छाया रहा। ग्रामीणों ने कहा कि प्रधानाध्यापक फ्रांसिस तिर्की की सेवाएं और सादगी हमेशा क्षेत्र के लिए प्रेरणा बनी रहेंगी।

## सुदूरवर्ती गांव के अकरम का नेशनल पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता के लिए चयन

नवीन मेल संवाददाता



**कोलेबिरा।** जिले के कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत सुदूरवर्ती लसिया गांव के 19 वर्षीय युवा अकरम अहमद ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन के बल पर स्टेट पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए नेशनल प्रतियोगिता में जगह बनाई है। उनकी इस सफलता पर कोलेबिरा विधायक बिक्सल कोनगाडी स्वयं उनके गांव पहुंचकर उन्हें बधाई दी और माला पहनाकर सम्मानित किया।इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि श्यामलाल प्रसाद, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुलभ नेल्सन डुंगडुंग, कांग्रेस नेता तनवीर आलम, इब्राहिम अंसारी सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विधायक कोनगाडी ने कहा कि अकरम की यह उपलब्धि न केवल कोलेबिरा बल्कि पूरे सिमडेगा जिले और राज्य के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए कई योजनाएं चला रही है, जिसका लाभ ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को भी मिल रहा है।उन्होंने आगे कहा कि सिमडेगा को भविष्य में खेल हब के रूप में विकसित किया जाएगा, उन्होंने अकरम को राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए टिप्स भी दिए।गौरतलब है कि रांची में आयोजित स्टेट पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में कोलेबिरा कसरत क्लब के पांच प्रतिभागियों ने भाग लिया था। इसमें अकरम अहमद ने 93 केजी सब-जूनियर कैटेगरी में तीन इवेंट में कुल 562.5 केजी वजन उठाकर स्वर्ण पदक हासिल किया। इसी उपलब्धि के चलते उनका चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है।इसके अलावा समीर केरकेट्टा ने 83 केजी कैटेगरी में 517.5 केजी उठाकर रजत पदक, सूरज केरकेट्टा ने 105 केजी कैटेगरी में 472.5 केजी उठाकर रजत पदक, और प्रभाकर कुमार ने जूनियर 83 केजी में 537.5 केजी वजन उठाकर रजत पदक जीता।

## ग्रामीणों ने श्रमदान से की मुरम सड़क की मरम्मती, वर्षों से लंबित है पक्की सड़क की मांग

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** कोचेडेगा पंचायत अंतर्गत टोकीडुब्बा गांव में ग्रामीणों ने आज 20 मार्च 2025 को सामूहिक श्रमदान कर चरकापथर जाने वाली मुरम सड़क की मरम्मत की। वर्षों से उपेक्षित इस सड़क को लेकर ग्रामीणों ने कई बार विधायक व प्रशासनिक अधिकारियों को लिखित आवेदन सौंपा, लेकिन अब तक सड़क का पक्कीकरण नहीं हो पाया। ग्रामीणों का कहना है कि खराब रास्ते के कारण उन्हें रोजमर्रा की आवाजाही में भारी परेशानी होती है।मरम्मती कार्य के दौरान मौके पर उपस्थित कोचेडेगा पंचायत के मुखिया सह भारत आदिवासी पार्टी के प्रदेश महासचिव शिशिर टोप्पो ने कहा कि यह सराहनीय है कि ग्रामीणों ने खुद आगे आकर श्रमदान के माध्यम से सड़क सुधार कार्य शुरू किया। उन्होंने बताया कि पार्टी की ओर से इस कार्य में सहयोग भी किया गया है और आने वाले समय में इस सड़क को पक्की बनाने के लिए पार्टी स्तर पर पहल की जाएगी।जिलाध्यक्ष अमृत चिराग तिर्की ने कहा कि पार्टी हमेशा जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध रही है और इस गांव की सड़क समस्या को लेकर भी संघर्ष जारी रहेगा।श्रमदान कार्यक्रम में सीताराम प्रधान, जॉन कुलदीप डुंगडुंग, शंकर प्रधान, राजेश लोहारा, थॉमस टोप्पो, क्रिस्टोफर टोप्पो समेत कई ग्रामीणों ने भाग लिया और क्षेत्र के विकास के लिए एकजुटता का परिचय दिया।



### कुशल गृहिणी से सफल उद्यमी तक: मालती देवी की प्रेरणादायक कहानी

## 'दीदी' बनीं आत्मनिर्भरता की मिसाल

नवीन मेल संवाददाता



- पति ऑटो चलाते हैं और गाय पालन करते हैं, लेकिन मालती ने अपने नेतृत्व कौशल को पहचानते हुए व्यवसाय की दिशा में कदम बढ़ाया

**कोलेबिरा।** लचरागढ़ की मालती देवी, जो कभी एक साधारण गृहिणी थीं, आज अपने इलाके की जानी-मानी महिला उद्यमी बन चुकी हैं। वर्ष 2017 में जब उन्होंने स्वयं सहायता समूह से जुड़कर सामूहिक बैठकों में भाग लेना शुरू किया, तब शायद ही किसी ने सोचा होगा कि वे एक दिन तीन-तीन व्यवसायों की मालकिन बनेंगी।मालती देवी के पति ऑटो चलाते हैं और गाय पालन का कार्य करते हैं। लेकिन मालती ने अपने भीतर के नेतृत्व कौशल को पहचानते हुए ग्राम संगठन की सचिव बनीं और फिर स्टार्टअप विलेज एंटरप्रेन्योरशिप प्रोग्राम के तहत उन्हें 50 हजार रुपये की सहायता मिली। इसके साथ बैंक से ढाई लाख रुपये और अपनी एक लाख की बचत से उन्होंने 2018 में आइसक्रीम पार्लर की शुरुआत की। इलाके में एकमात्र आइसक्रीम पार्लर होने के चलते कारोबार खूब चला।इसके बाद उनका चयन जेएसएलपीएस के अंतर्गत सीआरपी-ईपी के रूप में हुआ, जहाँ उन्होंने उद्यमिता से जुड़े प्रशिक्षण प्राप्त किए। उन्होंने न केवल खुद के व्यवसाय को विस्तार दिया, बल्कि क्षेत्र की अन्य महिलाओं को भी स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया।2022 सभी ऋण चुकाने के बाद उन्होंने एक लाख की सहायता और अपनी एक लाख की पूंजी से आरओ मिनरल वाटर प्लांट लगाया, जिससे कोलेबिरा क्षेत्र में शुद्ध पानी की आपूर्ति शुरू की।वही 2023 में समूह से दो लाख रुपये और डेढ़ लाख अपनी पूंजी मिलाकर कुल साढ़े तीन लाख से उन्होंने आइसक्रीम फैक्ट्री की स्थापना की। चूंकि पहले से उनका पार्लर था, इसलिए उत्पाद का बाजार पहले से ही तैयार था।वर्तमान में मालती देवी तीन व्यवसाय आइसक्रीम पार्लर, मिनरल वाटर प्लांट और आइसक्रीम फैक्ट्री की संचालिका हैं। उनका वार्षिक टर्नओवर करीब 7-8 लाख रुपये है और शुद्ध बचत करीब साढ़े तीन लाख रुपये की।मालती देवी का कहना है।समूह से जुड़ाव और जेएसएलपीएस का मार्गदर्शन मेरे जीवन में बदलाव लेकर आया। अब मैं न केवल आत्मनिर्भर हूं, बल्कि अन्य महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम कर रही हूं।उनकी यह कहानी न सिर्फ कोलेबिरा, बल्कि पूरे राज्य की महिलाओं को प्रेरणा देती है कि हौसले और सही मार्गदर्शन के साथ कोई भी महिला अपने सपनों को साकार कर सकती है।

## मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण लेकर आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ीं समूह की महिलाएं

**सिमडेगा।** जेएसएलपीएस के तत्वाधान में ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए आरसेटी द्वारा समूह की महिलाओं को 10 दिवसीय मशरूम उत्पादन पर प्रशिक्षण दिया गया। दिनांक 11 मई 2025 से आरंभ हुए इस प्रशिक्षण में सिमडेगा सदर की 35 समूह की महिलाओं ने भाग लिया।प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को मशरूम की विभिन्न किस्मों, उनके उत्पादन की विधियाँ, देखभाल, विपणन और बिक्री से जुड़े पहलुओं का प्रशिक्षण दिया गया।आरसेटी के प्रशिक्षक ने कहा कि उनका उद्देश्य महिलाओं को ऐसी आजीविका सिखाना है जो कम लागत में शुरू की जा सके और जिससे स्थायी आय प्राप्त हो सके। मशरूम उत्पादन ऐसी ही एक तकनीक है जिसमें कम स्थान और सीमित संसाधनों में भी अच्छी आमदनी की संभावना है।अब ये महिलाएं मशरूम उत्पादन कर स्थानीय बाज़ारों में अपने उत्पाद बेच सकती है।यह पहल न सिर्फ़ महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की मिसाल बन रही है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार को बढ़ावा देने का मार्ग भी प्रशस्त कर रही है।

## अपनी आस्था और परंपरा को सम्मान दें: विधायक भूषण बाड़ा



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र के बंगरू रेंगोला गांव में नव निर्मित संत जॉन चर्च गिरजाघर का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा भी अपनी धर्मपत्नी तथा जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा के साथ उपस्थित थे। कार्यक्रम में मिसा पूजा का आयोजन लौवाकेरा के पल्ली पुरोहित फादर जीतन कुजूर तथा फादर दीपक एक्का के नेतृत्व में किया गया। पूजा कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों मसीही विश्वासी और ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि आज का दिन रेंगोला गांव और पूरे क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। मुझे यह देख कर गर्व हो रहा है कि हमारे क्षेत्र के लोग अपनी आस्था और परंपरा को इस तरह सम्मान दे रहे हैं। विधायक ने कहा कि इस चर्च में ना सिर्फ धार्मिक आयोजन होंगे, बल्कि यह गांव के बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों के लिए प्रेरणा और मार्गदर्शन का केंद्र बनेगा। मैं वादा करता हूं कि विकास के हर पहलू में मैं आपके साथ खड़ा रहूंगा। चाहे वह शिक्षा हो, सड़क हो या स्वास्थ्य सेवाएं। विधायक ने कहा कि धर्म और विकास साथ-साथ चलें, यही हमारा प्रयास है। मैं इस पवित्र अवसर पर रेंगोला गांव की जनता को शुभकामनाएं देता हूं और आभार प्रकट करता हूं कि आपने मुझे इस ऐतिहासिक पल का साक्षी बनने का सौभाग्य दिया। जोशिमा खाखा ने चर्च के निर्माण में सहयोग देने वाले सभी लोगों का आभार जताया।

## विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को 21 मई तक पुस्तकों का उठाव करने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** बीआरसी कार्यालय बानो से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रखंड के कक्षा 1 से 8 तथा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं के लिए पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया जाना है। इसके लिए जिन विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों ने अब तक पुस्तकें नहीं उठाई हैं, उन्हें 21 मई को पूर्वाह्न 11 बजे तक बानो कार्यालय से संपर्क कर पुस्तकें प्राप्त करने का निर्देश दिया गया है।बीआरपी घनश्याम साहू ने जानकारी देते हुए कहा कि गर्मी की छुट्टियों को ध्यान में रखते हुए समय पर पुस्तक वितरण आवश्यक है, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो। उन्होंने सभी संबंधित प्रधानाध्यापकों से समय पर पुस्तकें उठाव कर स्कूलों में वितरण सुनिश्चित करने की अपील की है।

## पुकेदा स्कूल में घुसे हाथी ने मिड डे मील के अनाज को पहुंचाया नुकसान

**बानो।** प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय पुकेदा में मध्यान्ह भोजन के लिए रखे गए चावल और अन्य अनाज को एक जंगली हाथी ने नुकसान पहुंचाया। मिली जानकारी के अनुसार रसोईघर में रखे चावल की गंध पाकर हाथी स्कूल परिसर में घुस आया और अनाज के तीन बोरे को बाहर घसीट कर ले गया। उसने कुछ चावल खा लिया जबकि बाकी को नष्ट कर दिया।घटना की जानकारी सुबह विद्यालय के शिक्षक रंथू साहू को हुई, जिन्होंने तुरंत वन विभाग बानो को सूचना दी। बताया जा रहा है कि यह घटना रात के समय हुई, जब स्कूल परिसर में कोई मौजूद नहीं था।हाथी द्वारा स्कूल में घुसकर अनाज नष्ट करने की यह घटना ग्रामीणों और शिक्षकों के बीच दहशत का माहौल बना रही है। स्थानीय लोगों ने वन विभाग से हाथियों की लगातार हो रही आवाजाही पर रोक लगाने और सुरक्षा उपाय करने की मांग की है।

### भारतीय वीर सैनिकों के सम्मान में निकाला गया तिरंगा यात्रा

# तिरंगा यात्रा में विधायक अमित कुमार यादव मुख्य रूप से हुए शामिल

नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा



भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारतीय वीर सैनिकों के द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सैनिकों का हौसला अफजाई करने हेतु तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा निकाला। यात्रा में मुख्य रूप से विधायक अमित कुमार यादव शामिल हुए। शौर्य सम्मान यात्रा भाजपा सह विधायक आवासीय कार्यालय से निकलकर जीटी रोड होते हुए डाकडीह मोड़, बाजार रोड से वापसी करते हुए कार्यालय पहुंचकर समापन किया गया। इस दौरान लोगों ने हाथों में तिरंगा झंडा थामे हुए भारत माता की जय, वंदे मातरम्, भारतीय सेना जिंदाबाद के नारों से क्षेत्र गुंज उठा। मौके पर विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि भारतीय वीर सैनिकों की वीरता, शौर्य , पराक्रम को पूरी दुनिया ने देखा। यह नया भारत है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को नई उर्जा शक्ति प्रदान हुआ है। भारत के तरफ आंख उठाने वाले आतंकवादी संगठन को घर में घुसकर मारा जा रहा है। तिरंगा यात्रा में भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रमेश्वर साव, भोला प्रसाद, रघुवीर प्रसाद, अनिल कुमार आजाद, त्रिवेणी यादव, मुखिया सुमन कुमार, राजकुमार गिरी, अमित पांडेय, छोटेलाल मेहता, मुकेश यादव, गोपी प्रसाद, सुरेश राम, विजय यादव, जागेश्वर प्रसाद, दुर्गानंद झा, हीरालाल प्रसाद, राजेन्द्र यादव, मिथलेश भारती, अशोक कुमार गुप्ता, इंद्रदेव यादव, महेंद्र प्रसाद, संदीप साव, मिथलेश पांडेय समेत आदि लोग शामिल थे।

## हाइवा ने टेंपो को मारी टक्कर, शिक्षिका व उसके बच्चे की मौत

**दुमका।** दुमका जिले के हंसडीहा निवासी शिक्षिका सिंपल व उसके दो माह के मासूम बेटे की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी. स्कूल से टेंपो से लौटते समय एक तेज रफ्तार हाइवा ने टेंपो को टक्कर मार दी, जिसमें दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. हादसा कटिहार जिले के प्राणपुर थाना क्षेत्र के बसतोला चौक के पास हुआ. दुर्घटना में मृतका की नानी व अन्य दो शिक्षक घायल हैं, जिनका इलाज कटिहार में चल रहा है.

परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, सिंपल ने बिहार के कटिहार जिले के उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय केवाला में 15 मई को ही शिक्षिका के पद पर योगदान दिया था. स्कूल की छुट्टी के बाद वह अपने मासूम बेटे को गोद में लेकर टेंपो से डेरा लौट रही थी, तभी यह घटना हुई. सिंपल के पति सौरभ सुमन हंसडीहा में कारोबारी हैं.

## कैरो में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा यात्रा निकाली गई



**कैरो/ लोहरदगा।** मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय में भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर कैरो भाजपा के अगुवाई में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर से भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र महतो की अगुवाई मे प्रारंभ हुई,यात्रा मे शिशु मंदिर के क्षात्र, क्षत्राएँ ,भाजपा कार्यकर्ता ने हाथ मे तिरंगा लिए यात्रा प्रारंभ की जो कैरो नायरा पेट्रोल पंप होते हुए मुख्य सड़क होकर ऊतका ग्राम होकर मुख्य पथ होकर देवी मंडप प्रांगण में समाप्त हुई। मौके पर प्रखण्ड अध्यक्ष राजेंद्र महतो ने कहा कि उक्त तिरंगा यात्रा भारत सरकार के ऑपरेसन सिंदूर की सफलता और सीमा पर अभी तक डटी भारतीय सेना के उत्साह बढ़ाने के उद्देश्य से यात्रा निकाली जा रही है। यात्रा मे भारत माता की जय,बंदे मातरम,सेना तुम आगे बढ़ो, हम तुम्हारे साथ है। नारे के साथ यात्रा कैरो मुख्य पथ पर गुंजायमांन रहा।

## न्यूज बॉक्स

### पैदल हज यात्री का रसोईयाधमना मोड़ पर स्वागत, पेड़ लगाकर पर्यावरण सुरक्षा का दे रहें हैं संदेश



**बरही ।** अपनी 24 दिन की पद यात्रा तय सुन्दरवन निवासी व कोलकाता एनडीआरएफ के कार्यकर्ता हफीजुल सरदार सोमवार की देर संध्या रसोईया धमना मोड़ पहुंचे. जहां ग्राम वासियों ने स्वागत किया साथ ही रात्रि में जामा मस्जिद में मिलादुन्नबी का प्रोग्राम भीं आयोजित किया गया. रात्रि विराम रसोईया धमना छोटी मस्जिद में किया और मंगलवार की सुबह हज यात्रा पर निकल गए. हज यात्री की जानकारी देते हुए अल्प संख्यक कल्याण मोर्चा के मो तौकीर रज़ा ने बताया कि उक्त हज यात्री प्रत्येक दिन 30 किमी की यात्रा तय करते हैं. हर एक पड़ाव के दौरान वह विभिन्न पौधे लगाकर पर्यावरण सुरक्षा का संदेश भी दे रहे हैं.अब तक उनके द्वारा 800 पौधे लगाए जाने की बात बताई गई है. जो सभी समाज के धर्म स्थल पर लगाए गये हैं. इस दौरान जामा मस्जिद इमाम मौलाना मो. इनामुलहक, मौलाना अल्हाज, मो. इस्लाम मिस्बाही, सेक्रेट्री मो. गनी, मो. खलील, डॉ. मो. निजामुद्दीन अंसारी, मो. गुलाम सरवर, मो. तस्लीम, मो. बरकत, मो. शाद्दाम, गुलाम कादिर, अब्दुल वाहिद, मो. अताउल्लाह, मो. रहिस, मो. तस्लीम, मो. नाजिर, मो. तौसीफ, गुलाम मुस्तफा, मो. असफाक, केश्वर साव आदि कई लोग मौजूद थे.

### दहेज के लिए तीन बच्चों की मां की हत्या

**जमुआ।** तीन बच्चों की मां की हत्या कर देने को लेकर मृतिका अप्पु देवी के पिता जमुआ थाना क्षेत्र के जेरुआडीह निवासी रामवृक्ष यादव ने जमुआ पुलिस को आवेदन देकर कहा है कि उन्होंने अपनी बेटी अप्पु देवी की शादी दस वर्ष पूर्व इसी थाना क्षेत्र के बड़ाडीह निवासी प्रकाश यादव के साथ किया था. कुछ दिन तक रिश्ता सामान्य रहा फिर पति और उसके माता पिता और भाई दहेज की मांग करने लगे और उनकी बेटी को प्रताड़ित करने लगे. इस दौरान बेटी को तीन बच्चे भी हुए. बीते 19 मई को पति प्रकाश यादव और अन्य ने उनकी बेटी को मारपीट कर बुरी तरह जख्मी कर दिया और पति प्रकाश यादव एवं छोटेलाल यादव मोटरसाइकिल में बिठाकर उनके घर के सामने उतार कर भागने लगे. ग्रामीणों ने मोटरसाइकिल समेत दोनों को पकड़ लिया.वे अपनी जख्मी बेटी को इलाज के लिए जमुआ स्थित क्रेस्ट केयर हॉस्पिटल ले गया जहां जांच के बाद उनकी बेटी को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया.

ग्रामीणों के कब्जे में रहे उसके दामाद प्रकाश यादव को पुलिस के हवाले कर दिया गया. पुलिस ने प्रकाश को जेल भेज दिया और अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई.

### तेज आंधी से सिंचाई सोलर प्लेट हुआ बर्बाद



**गावां गिरिडीह।** पीएम कुसुम योजना के तहत गावां थाना क्षेत्र के नीमाडीह पंचायत स्थित बिश्नीटीकर गांव में सिंचाई के लिए लगाया गया था जो सोलर प्लेट तेज आंधी के वजह से टूटकर बर्बाद हो गया। बिश्नीटीकर निवासी नीतीश कुमार पिता केदार प्रसाद यादव के आवेदन पर वहां सोलर प्लेट लगाया गया था। उक्त सोलर प्लेट से आसपास के किसान सिंचाई के लिए उसी पर निर्भर थे। सोलर प्लेट के नष्ट हो जाने से किसानों में मायूसी व्याप्त हो गई है। उन्होंने विभाग से दूसरा सोलर प्लेट लगवाने का मांग किया है।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ अधिकारियों को सौंपा पत्र


**डुमरी।** झारखंड पीपुल्स पार्टी के केंद्रीय सचिव अशोक अग्रवाल आजाद ने ईमेल द्वारा प्रमंडलीय आयुक्त हजारीबाग,उपायुक्त गिरिडीह,अपर समाहर्ता गिरिडीह, आरक्षी अधीक्षक गिरिडीह को पत्र प्रेषित कर एवं पत्र की प्रतिलिपि एसडीओ डुमरी,एसडीपीओ डुमरी,सीओ डुमरी एवं थाना प्रभारी डुमरी को प्रेषित किया है।पत्र में लिखा है कि स्थानीय प्रशासन की मनमानी, लापरवाही,भ्रष्टाचार में लिप्त रहने और अपने-अपने संरक्षण में येन केन प्रकरेन खानापूर्ति करते हुए ना सिर्फ भूमाफियाओं को लाभ दिलाने का काम कर रहे हैं बल्कि उपायुक्त के भी आदेश का भी घोर उल्लंघन कर रहे हैं जिसका कई उदाहरण है जिसमें वर्तमान में तत्कालीन एसडीओ का पत्रांक 265 दिनांक 29.02. 2024 और उपायुक्त के आदेश 1638 दिनांक 5-5- 2025 शामिल हैं।

## विकास भारती बिशुनपुर में निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन संपन्न



**बिशुनपुर।** सुक्का बृजिया अस्पताल विकास भारती बिशुनपुर द्वारा निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया. शिविर का उद्घाटन विकास भारती के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत एवं डॉक्टर क़ी टीम के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वालित कर किया. शिविर में हड्डी जोड़, नस रोग विशेषज्ञ एवं अर्थोपेंडीक सर्जन डा. विजय कुमार जी,एम डी फिजिशयन डा. एस. एस.मुंडा जी,दंत रोग चिकित्सक डा. अनुभव कुमार जी, नेत्र रोग विशेष ज्ञ डा. एस के गुप्ता जी, जनरल फिजिशियन डा. जगजीवन साहू जी, फिजियोथिरेपिष्ठ रवि रंजन कुमार, सीनियर फरमाशीस्ट मनोज त्रिवेदी, कल्याण हॉस्पिटल के प्रबंधक,विकास भारती के क्षेत्रीय समन्वयक देवेंद्र मंडल जी जी प्रमुख रूप से उपस्थित रहें मौके पर चिकित्सकों के द्वारा 329 ग्रामीण क़ो मुख्य रूप से शुगर, मोतियाबिंद क़ी जांच, घुटना एवं नस रोग से सम्बंधित रोग,लिवर समस्या, कब्ज, कमर दर्द, कमजोरी एवं अन्य रोगों की जांच की गयी, साथ ही 329 लोगों क़ो निःशुल्क दवा भी सुक्का बृजिया अस्पताल द्वारा उपलब्ध करायी गयी. कैंप के आयोजन में विमला देवी, बिरसी देवी, राधा कुमारी, योगेश राय, कौशल किशोर जी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहें.

## विद्यालय की जमीन को कब्रिस्तान के नाम पर घेराबंदी कर अतिक्रमण रोकने की मांग


सेवा में
श्री अनुमंडल पदाधिकारी महोदय
डुमरी गिरिडीह
विषय :- उत्क्रमित मध्य विद्यालय दुधपनियाँ की जमीन को कब्रिस्तान के नाम पर अतिक्रमण कर घेराबंदी करने के संबंध में.
महाशय
[illegible]
आपका विश्वासी

**डुमरी।** मधगोपाली पंचायत अंतर्गत दुधपनिया गांव के ग्रामीणों ने विधायक डुमरी को आवेदन देकर उत्क्रमित मध्य विद्यालय दुधपनिया की जमीन को कब्रिस्तान के नाम पर अतिक्रमण कर घेराबन्दी कार्य को रोकने की अपील की है।आवेदन में लिखा है कि डुमरी अंचल अर्तगत मौजा दुधपनिया की खाता से 01 प्लॉट नंबर 13 रकवा 3.62 (तीन एकड बारसठ डीसमिल) जो उत्क्रमित मध्य विद्यालय दुधपनिया के अधिन है तथा विद्यालय की जमीन है।उक्त जमीन को दुधपनिया के धर्म विशेष समुदाय के एक व्यक्ति द्वारा जबरन हरवे हथियार के दम पर कब्रिस्तान घेराबन्दी के नाम पर अतिक्रमण किया जा रहा है।जिसपर रोक लगाना अति आवश्यक है।वहीं जामतारा पंचायत निवासी मंजूलता सिन्हा (पति स्व पंचानन सिन्हा) ने विधायक को आवेदन देकर कहा है कि मुझे वर्ष 2023-24 में अबुआ आवास की 2 किस्त के रुप में 80,000 रूपये प्राप्त हुई जिसमें मैंने अपना मकान बनाना शुरु किया और मैंने करीब 5 फीट के लगभग दिवार तैयार होने के बावजूद मेरे गोतिया और मुखिया के द्वारा मकान कार्य को जानबुझकर रोक लगाया जिससे 25 बोरा सिमेंट खराब हो गया वहीं छर्री,बालू ईंट में भारी नुकसान हुआ।लिखा है कि मैं सभी पदाधिकारी को काम पुनः चालू कराने के संबंध में आवेदन दिया। सरकारी विभाग द्वारा कार्रवाई नहीं किया गया।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रमुख ने विधायक व डीसे से जांच की मांग की

नवीन मेल संवाददाता। गांडेय,गिरिडीह



गांडेय अंचल एवं प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर बीते बुधवार को गांडेय प्रमुख राजकुमार पाठक ने हंगामा किया था ।प्रमुख ने मामले को लेकर गांडेय विधायक कल्पना सोरेन मुर्मू और गिरिडीह डीसी नमन प्रियेश लकड़ा को आवेदन देकर कारवाई की मांग किया है। आवेदन के माध्यम से प्रमुख ने भ्रष्टाचार में लिप्त कर्मियों में राजस्व कर्मचारी रामनरेश चौधरी, उमेश कुमार महतो, संदीप मोदी समेत प्रखंड कार्यालय में कार्यरत पीएम आवास के प्रखंड समन्वयक पवन कुमार रश्मि व सन्नी कुमार पर कार्रवाई की मांग किया था। प्रमुख के आवेदन के आलोक में गिरिडीह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा के आदेश पर जिला ग्रामीण विकास अभिकरण ( डीआरडीए) गिरिडीह के निदेशक रन्थूं महतों मामले की जांच करने मंगलवार को प्रखंड पहुंचे। जांच के क्रम में उन्होंने प्रखंड के सभी पंचायतों में अबुआ आवास और पीएम आवास योजना की समीक्षा किया । डीआरडीए निदेशक ने सभी पंचायत सेवकों से भी बातचीत किया और पंचायतों सेवकों को कार्यशैली में सुधार करने के लिए कड़ी फटकार लगाई। पुछताछ के क्रम में बरमसिया 1 पंचायत के पदनाटांड गांव की लाभुक भुनेश्वरी देवी ने कहा कि उसे अबुआ आवास में पहली किस्त की राशि मिली थी जिसमें उसे 30 हजार में मात्र 16500 रुपया ही मिला । वही समाजसेवी श्याम पाठक ने कहा कि गांडेय पंचायत में कई साधन संपन्न लोगों को योजना का लाभ दिया गया है जबकि योग्य लाभुकों की छंटनी कर दी गई है । इस पर पंचायत सेवक ने कहा कि ग्राम सभा से जो नाम पारित किया गया है उसे योजना का लाभ दिया गया है। पुछताछ के क्रम में बडकीटांड , उदयपुर , दास डीह पंचायत के भी योजनाओं पर चर्चा की गई । डीआरडीए डायरेक्टर ने गांडेय बीडीओ को अधुरे अबुआ आवास को जल्द पूर्ण करवाने का भी निर्देश दिया । इस विषय में डीआरडीए निदेशक ने कहा कि गिरिडीह उपायुक्त के निर्देश पर जांच करने पहुंचा था , कर्मियों , जनप्रतिनिधियों से बातचीत की गई है । जांच रिपोर्ट उपायुक्त को सौंपा जाएगा। मौके पर आवास योजना के जिला समन्वयक अनिल अग्रवाल , गांडेय बीडीओ निशांत अंजुम , प्रमुख राजकुमार पाठक , अब्बास अंसारी , मो अकबर , दशरथ मुर्मू,जितेंद्र मंडल,भगीरथ मंडल,श्याम पाठक,पवन अग्रवाल, सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

### लचर बिजली व्यवस्था को लेकर एकदिवसीय धरना का आयोजन

# भाकपा माले अब जोरदार आंदोलन के मूड में

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह




धनवार विधानसभा में लचर बिजली व्यवस्था के खिलाफ भाकपा माले अब जोरदार आंदोलन के मूड में आर पार की लड़ाई लड़ने की मन बना ली है। जिसमें पुरे विधानसभा क्षेत्र में 30 मेगावाट बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने गांवों में जले हुए ट्रांसफर्मर और जर्जर तारों को बदलने व ऊर्जामित्रों द्वारा दिए गए फर्जी बिल की जांच करने की मांग की गई है। मौके पर धनवार प्रखंड माले के सचिव ने कहा कि धनवार, तिसरी और गांवा को 30 मेगावाट बिजली आपूर्ति की जानी है. जिसमें धनवार को लगभग 20 और तिसरी - गांवा को 11 मेगावाट लेकिन वर्तमान में केवल 16 मेगावाट बिजली आपूर्ति की जा रही है। पूरे विधानसभा क्षेत्र में बिजली की आंखमिचोली चल रही है ऊपर से वोल्टेज भी डीम रहता है। 24 घंटे में 4 से 5 घंटे ही बिजली आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इसमें सुधार नहीं हुआ, बिजली की आँखमिचोली चलती रही तो 30 तारीख के बाद हजारों लोगों के साथ वे तिसरी, गांवा और धनवार में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे। धनवार विधानसभा क्षेत्र में बिजली की स्थिति सुधारी जाए अन्यथा इस विधानसभा को ब्लैक जोन घोषित किया जाए। जनता भी नो बिजली नो बिल की शुरुआत करेगी। साथ ही गलत बिजली बिल की सुनवाई कैंप लगाकर करने तथा रजगढहा सलैया में कंपनी द्वारा विद्युतीकरण कार्य पूर्ण करने पाण्डेयडीह में तार टूटने से जानवर की मौत तथा अंबाटाड पंचायत के गरडीह में घर में लगे आग की मुआवजा देने धनवार बाजार के पांच नंबर ट्रांसफार्मर में अधिक लोड रहने के कारण अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की व्यवस्था करते हुए जर्जर तार तुरंत बदलने की मांग की गई।

### विधायक और सांसद पर साधा निशाना

इस दौरान माले नेता विनय संथालिया ने स्थानीय विधायक और सांसद के खिलाफ जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि जनता अपना सांसद और विधायक चुनती है ताकि हर सुख - दुःख में वे साथ रहें, जनता की संस्याओं का निराकरण कराएं लेकिन यहां के विधायक और सांसद केवल विवाह और तिलक में भोज खाने आते हैं। क्षेत्र की समस्याओं पर चुप्पी साधे रहते हैं,जनता त्राहिमाम कर रही है वहीं विधायक और सांसद को इससे कोई लेना देना नहीं है। क़ानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है।

### लोहरदगा की खिलाड़ियों का डॉ भीम राव अंबेडकर नेशनल गेम में शानदार प्रदर्शन

**कुड़ू - लोहरदग़ा ।** दिल्ली के ताल कटोरा स्टेडियम में आयोजित चार दिवसीय 7वे डॉक्टर भीम राव अंबेडकर नेशनल गेम में एक बार फिर ज़बरदस्त प्रदर्शन करते हुए जिला कराटे संघ लोहरदग़ा की क्राटेकारों ने तीन स्वर्ण, पांच रजत और पांच कांस्य पदक पर कब्ज़ा जमाया है। 16 से 18 मई तक आयोजित इस चार दिवसीय प्रतियोगिता में शामिल होने 15 मई को कोच अमित सिंह के नेतृत्व में लोहरदगा की कुल 6 खिलाड़ी रवाना हुई थी। जिन्हें जिले के उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने जीत की अग्रिम बधाई देकर रवाना किया था।

# युवक की गला रेतकर हत्या करने वाले अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता। चाईबासा



चाईबासा जिला के मुफ्फसिल थाना (पाण्ड्राशाली ओ०पी०) अन्तर्गत ग्राम गम्हरिया के समीप बासाहातु के ग्रामीण मुण्डा मंजीत हाईबुरू, उम्र-करीब 32 वर्ष, पिता-स्व० मारकण्डे हाईबुरू, सा०-बासाहातु, थाना-मुफ्फसिल (पाण्ड्राशाली ओ०पी०), जिला-प० सिंहभूम, चाईबासा का अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। घटना के संबंध में मृतक के भाई शेखर हाईबुरू के द्वारा मुफ्फसिल (पाण्ड्राशाली ओ०पी०) थाना कांड सं0-76/25, दि0-12.05.2025, धारा-103 (1) B.N.S. के अन्तर्गत अज्ञात अपराधकर्मी के विरुद्ध कांड दर्ज कराया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय प० सिंहभूम, चाईबासा के द्वारा त्वरित कार्रवाई हेतु टीम का गठन किया गया। टीम के द्वारा कांड का उदभेदन करते हुए अनुसंधान के क्रम में 1. गंगाराम तियु, उम्र-करीब 30 वर्ष, पिता-मिश्रीलाल तियु, सा०-दोपाई, थाना-मुफ्फसिल (पाण्ड्राशाली ओ०पी०), जिला-प० सिंहभूम, चाईबासा 2. नागुरी तियु उम्र-करीब 35 वर्ष, पति-स्व० बागुन तियु, सा०-सुपलसाई, थाना-मुफ्फसिल, जिला-प० सिंहभूम से गिरफ्तार किया गया है एवं अभियुक्तों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की एवं अभियुक्त गंगाराम तियु के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू, ग्लब्स, मोटरसाईकिल, 02 (दो खोखा), पिस्टल, अभियुक्त के द्वारा घटना के समय पहने गये कपड़ा को जप्त किया गया है। अनुसंधान के क्रम में हत्या का कारण यह प्रकाश में आया है कि जनवरी 2025 में गंगाराम तियु के चाचा बागुन तियु की मृत्यु सड़क दुर्घटना में हो गई थी, उस समय गंगाराम तियु बंगलौर में काम करता था घटना की जानकारी मिलने पर वह दोपाई अपना गांव आया और आस-पास के लोगों से घटना के बारे में पता किया जिससे उसे जानकारी मिली की बागुन तियु की मृत्यु को सड़क दुर्घटना का रूप दिया गया है, जबकि उसकी हत्या की गई है, जिसमें बासाहातु के ग्रामीण मुण्डा मंजित हाईबुरू का मुख्य रूप से हाथ है, क्योंकि इनके जमीन एवं रास्ते के विवाद के संबंध में ग्रामीण मुण्डा द्वारा विपक्ष के लोगों का साथ दिया जा रहा था। फिर आगे इसी प्रतिशोध में 1. गंगाराम तियु द्वारा अपनी सुरक्षा एवं अपने चाचा का हत्या कराने में शामिल मंजीत हाईबुरू की हत्या करने के उद्देश्य से अपनी चाची नागुरी तियु के मदद से पिस्टल एवं चाकू खरीदा गया और पिस्टल को लोड कर अपने साथ हमेशा रखने लगा। इसके बाद रात्री में अपने गाँव के दोस्तों के साथ बियर पीने के क्रम में ज्ञात हुआ कि साथ बैठे दोस्तों में एक बासाहातु का ग्रामीण मुण्डा मंजित भी है। बियर पीने के बाद अपने गाँव के दोस्तों के साथ मंजीत को अपने गाँव बासाहातु छोड़ने के क्रम में ग्राम गम्हरिया के पास पहले पिस्टल से उसके कान के पास सटाकर फायर किया गया।

### हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन

**लोहरदगा।** हिंदुस्तान स्कॉट एंड गाइड संगठन झारखंड के तत्वाधान में लोहरदगा जिला के ब्राइटवुड अकादमी हीरही लोहरदगा में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन, पुरस्कार वितरण- सह- प्रमाण पत्र वितरण का आयोजन किया गया. स्कॉट एंड गाइड प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए हिंदुस्तान एस्कॉर्ट एंड गाइड संगठन झारखंड के राज्य सचिव शांति कुमारी ने कहा की बच्चों को शुरू से ही अनुशासन नैतिकता राष्ट्र सेवा शारीरिक प्रशिक्षण के साथ राष्ट्र प्रथम की भावना जगाना आवश्यक है. युद्ध प्राकृतिक या कोई भी आपदा के साथ-साथ सामाजिक कार्य में एकजुट एवं गाइड की भूमिका अहम हो जाती है. इसीलिए "तैयार रहो" संगठन का मूल मंत्र माना जाता है। तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में हर्ष शिक्षित बच्चों के बीच पुरस्कार वितरण एवं मैडल प्रदान करने के लिए पूर्व जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद एवं पूर्व अध्यक्ष बाल कल्याण समिति लोहरदगा के राजकुमार वर्मा ने किया. मंच संचालन हरिओम प्रसाद एवं सुभाष महतो ने किया।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला**

**अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० – 11/2025–26**

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :– 30.05.2025 के अपराहन 1.00 बजे तक (छुटटी के दिनो को छोड़कर)
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 31.05.2025 को 2.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :– 31.05.2025 के 4.00 बजे अपराह्न।
6. निविदा परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान:– (क) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गुमला। (ख) सहायक अभियन्ता, पेयजल एवं स्व0 अवर प्रमण्डल सं0–1 गुमला।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– (क) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल, गुमला।

• कार्य की विवरणी

| क0 सं0 | कार्य का नाम | ग्रुप नम्बर | नलकूपों की संख्या | प्राक्कलित राशि लगभग | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Revival of IM II hand pumps (installed over Drilled Tube wells) defunct due to rotten riser pipes by Changing their rotten riser pipes, connecting rods, C.I. cylinders (wherever required) etc. in different rural areas of Gumla district under D.W. & S. Div. Gumla during the year 2025-26. | RRP/GUM – 1 | 128 Nos. | 18,70,720.00 | 37,500 | 5000.00 | तीन माह |
| 2 | | RRP/GUM – 2 | 100 Nos. | 14,61,500.00 | 29,300 | 2,500.00 | तीन माह |
| 3 | | RRP/GUM – 3 | 128 Nos. | 18,70,720.00 | 37,500 | 5000.00 | तीन माह |
| 4 | | RRP/GUM – 4 | 128 Nos. | 18,70,720.00 | 37,500 | 5000.00 | तीन माह |
| 5 | | RRP/GUM – 5 | 121 Nos. | 17,68,415.00 | 35,400 | 5000.00 | तीन माह |
| 6 | | RRP/GUM – 6 | 114 Nos. | 16,66,110.00 | 33,400 | 5000.00 | तीन माह |
| 7 | | RRP/GUM – 7 | 128 Nos. | 18,70,720.00 | 37,500 | 5000.00 | तीन माह |
| 8 | | RRP/GUM – 8 | 128 Nos. | 18,70,720.00 | 37,500 | 5000.00 | तीन माह |
| 9 | | RRP/GUM – 9 | 110 Nos. | 16,07,650.00 | 32,200 | 5000.00 | तीन माह |
| 10 | | RRP/GUM – 10 | 110 Nos. | 16,07,650.00 | 32,200 | 5000.00 | तीन माह |
| 11 | | RRP/GUM – 11 | 128 Nos. | 18,70,720.00 | 37,500 | 5000.00 | तीन माह |

नोट :– निविदा से संबंधित अन्य जानकारी हेतु प्रमण्डल कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है। प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगा।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला।

PR.NO.353055 Drinking Water and Sanitation(25-26):D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

प्रेमचंद हमेशा मानते थे कि समाज में सभी व्यक्तियों को समान अधिकार मिलने चाहिए। उनका उद्देश्य था कि समाज में हर वर्ग के लोगों को न्याय मिल सके, खासकर गरीब, दलित और शोषित वर्ग को। - मुंशी प्रेमचंद


## संपादकीय

# एहसान का बदला आतंक से चुकाता बांग्लादेश

1971 में बांग्लादेश की स्वतंत्रता में भारत ने बड़ी भूमिका निभाई थी। उस समय बांग्लादेश के मुक्ति योद्धाओं ने भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में शरण ली और वहीं से पाकिस्तान के खिलाफ अपना स्वतंत्रता संग्राम लड़ा। स्वाभाविक रूप से, बांग्लादेश के लोगों को पूर्वोत्तर भारत के लोगों के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए, जिन्होंने कठिन समय में उनकी मदद की। लेकिन समय के साथ स्थिति उलटी होती चली गई, और आज पूर्वोत्तर भारत को बांग्लादेश से उत्पन्न कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में बांग्लादेश के एक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी मेजर जनरल एएलएम फजलुर रहमान ने विवादास्पद बयान देते हुए कहा कि 'अगर भारत ने पाकिस्तान पर हमला किया, तो बांग्लादेश को भारत के सभी पूर्वोत्तर राज्यों पर कब्जा कर लेना चाहिए।' यह बयान तब आया, जब 22 अप्रैल, 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 हिंदुओं की मौत हो गई और भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया था। फजलुर रहमान पूर्व में बांग्लादेश राइफल्स (अब बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश) के प्रमुख रह चुके हैं और दिसंबर, 2024 में मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार द्वारा 2009 के बांग्लादेश राइफल्स विद्रोह की जांच के लिए गठित 'राष्ट्रीय स्वतंत्र आयोग' के अध्यक्ष नियुक्त किए गए। उनके इस बयान पर बांग्लादेश सरकार ने सफाई देते हुए कहा कि ये उनके निजी विचार हैं और सरकार का इससे कोई लेना-देना नहीं है। विदेश मंत्रालय ने साफ कहा कि बांग्लादेश 'संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता, आपसी सम्मान और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व' के सिद्धांतों का पालन करता है। यह पहली बार नहीं है, जब बांग्लादेश की ओर से पूर्वोत्तर भारत को लेकर असंवेदनशील और विस्तारवादी संकेत मिले हों। बांग्लादेश का जनसंख्या घनत्व दुनिया में सबसे अधिक है और संसाधन सीमित हैं। ऐसे में अक्सर यह आरोप लगता रहा है कि बांग्लादेश अवैध प्रवास को अपनी 'अनाधिकारिक नीति' की तरह इस्तेमाल कर भारत के पूर्वोत्तर में जनसांख्यिकीय बदलाव लाने का प्रयास कर रहा है। वर्ष 1947 के विभाजन के बाद और फिर 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान लाखों हिंदू शरणार्थी भारत आए। समय के साथ बड़ी संख्या में मुस्लिम प्रवासी भी अवैध रूप से भारत में घुसे, जो आर्थिक कारणों से भारत आ रहे थे। बांग्लादेश ने कभी इस अवैध घुसपैठ को स्वीकार नहीं किया, बल्कि जब भी भारत सीमा पर बाड़बंदी करता है या सुरक्षा कड़ी करता है, तो बांग्लादेश हमेशा विरोध करता है। बांग्लादेश की कुछ सरकारों ने भारत विरोधी तत्वों और पूर्वोत्तर भारत के उग्रवादियों को समर्थन दिया है। सैन्य शासन और बीएनपी (बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी) के दौर में यह नीति ज्यादा स्पष्ट थी। खालिदा जिया ने तो पूर्वोत्तर भारत के उग्रवादियों को 'स्वतंत्रता सेनानी' तक कह दिया था। परंतु 2009 में शेख हसीना के सत्ता में आने के बाद इस नीति में बदलाव आया और उन्होंने भारत के साथ मिलकर उग्रवाद को कुचलने का कार्य किया, जिससे पूर्वोत्तर भारत में शांति बहाल हुई। भारत के साथ शेख हसीना की सहयोगी नीति और आतंकी तत्वों के खिलाफ कठोर रवैए को बांग्लादेश के कट्टरपंथी और भारत विरोधी ताकतों ने कभी स्वीकार नहीं किया।

> *स्वाभाविक रूप से, बांग्लादेश के लोगों को पूर्वोत्तर भारत के लोगों के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए, जिन्होंने कठिन समय में उनकी मदद की।*

# देवत्व की चाह है प्रेम में हो गुनाह




रास्ता भटकी नदियों ने ही नए शहरों की खोज की है। उसी प्रकार जिनके हिस्से प्रेम नहीं आया, उन्होंने ही दुनिया को प्रेम, करुणा और संवेदना का उत्कृष्ट संदेश दिया। इसलिए कहा गया है कि जहां रिक्तता है, वहीं पूर्णता है। शून्य होना ही संपूर्ण होना है। प्रेम में देह और आत्मा दोनों की जरूरत है अन्यथा व्यक्ति देव होते हुए नरक का राह पर चल पड़े। देह होने से जीवन को संतोष होता है, एक आशा एवं विश्वास मिलता है, और आत्मा उस प्यार की आध्यात्मिक यात्रा के माध्यम से पूर्णता को प्राप्त हो जाता है। प्यार चाहे इकतरफा, दुतरफा हो। यह सफल हो या असफल। इस मन रूपी समुद्र के हलचल को शांत करने के लिए प्रेम का गुनाह आवश्यक है। ऐसे में ही सवाल उठता है कि क्या पुरुष और नारी के संबंध का एक ही रास्ता है प्रणय, विवाह और तृप्ति। क्या हमारा प्रेम का पथ विश्वास और त्याग के मधुर सुवास में गतिमान नहीं हो सकता है।

यशराज की एक फिल्म थी, "दिल तो पागल है"। इसमें हीरोइन जब अपने प्रेम को छोड़ कर जाना चाहती है, तब हीरो पूछता है- जाने के पहले एक बात बता दो। क्या तुमने कभी भी, एक दिन के लिए या एक पल के लिए प्यार किया ? हिरोइन के पास इस सवाल का जवाब नहीं होता है। कदाचित प्रेम का कोई हद नहीं होता, यह बेहद होता है। धर्मवीर भारती का कालजयी उपन्यास "गुनाहों का देवता" में उसकी मुख्य पात्र सुधा कहती है- तुम सुधा का चंदर तो कहते हो, फिर क्यों खुद से दुर कर देते हों ? काश तुम समझ पाते कि खुले आकाश में इधर-उधर भटकने के बाद तूफानों से लड़ने के बाद मैं कितना आतुर हो उठी हूं। बंधन के लिए, किसी सशक्त डाल पर बने हुए सुखद एवं सुकोमल नीड़ में बसेरा बनाने के लिए। यह अद्भुत उपन्यास है जो यह सिखाता है कि जीवन के हर मोड़ पर हमें अपने दिल और दिमाग के बीच संतुलन बनाना पड़ता है। प्रेम के इस जाल में फंसे पात्रों के बीच के संघर्ष को समझना और महसूस करना बहुत ही दिलचस्प है।

किसी भी आदमी को पूरा जीवन कहां मिलता है जीने को कभी ? जीवन के कुछ खास पल को ही हम जी पाते हैं। जिंदगी बस दिन-रात के दरम्यान बस हैरत से देखती ही रह जाती है, और समय निकल जाता है। लेकिन प्रेम का रसायन समय के सभी चैहदी के पार चला जाता है। यूनानी दार्शनिक एम्पाक्लेडीज कहता है- जब प्रेम का प्रभाव अपने चरम उत्कर्ष पर होता है, तब अग्नि, जल, वायु और पृथ्वी एक-दूसरे में पूर्णतः विलीन हो जाते हैं। चंदर और सुधा का प्रेम भी कुछ ऐसा ही है। एक-दूसरे में विलीन। वैसे भी जब प्रेम अपने उत्कर्ष पर होता है, तो देह, एक स्थूल मन बन जाता है और मन सूक्ष्म देह। मनुष्य अपने अस्तित्वबोध में पूरी तरह बहने लगता है। कदाचित इसी कारण कहा जाता है कि इस अस्तित्व को धारण करने वाला सर्वोत्तम रसायन प्रेम है।

धर्मवीर भारती ने "गुनाहों का देवता" के बारे में ऐसा लिखा था कि मेरे लिए इस उपन्यास का लेखन वैसे ही है जैसे पीड़ा के कष्टों में पूर्ण आस्था से प्रार्थना करना...। इस उपन्यास में मुख्य रूप से सुधा और चंद्र के जीवन के बारे में बताया गया है, और ज्यादातर चंद्र के दर्शन से आगे बढ़ते हैं। धर्मवीर भारती का यह उपन्यास अप्रतिम है। यह जीवन की उनकी अपार समझ का ही प्रभाव है कि कई बार पाठक कब पवित्रता और देवत्व का बाण टूटेगा...। कब चंद्र या सुधा का पतन होगा ? और वे आम इंसानों की तरह एक-दूसरे के समक्ष आत्म-समर्पण कर देंगे। कदाचित संसार भी यही चाहता है लेकिन भारतीय सभ्यता में कृष्ण-राधा, मीरा-श्याम का प्रेमकथा भी है। भवभूति की रामकथा है। सीता का वनगमन भवभूति का अच्छा नहीं लगता है, तो उन्होंन एक महाग्रंथ की ही रचना कर दी। उत्तररामचरित। इसमें वह माता सीता को वन से पुनः बाहर लाकर प्रभु श्रीराम से मिलते है। कदाचित धर्मवीर भारती भी पतनशील भारतीय समाज के चरित्र से वाकिफ थे। इसलिए वह पाठक को इंतजार करने का बस अवसर देते है कि कब हमारे पुण्यों का देवता गुनाहों के देवता में बदलेगा। उपन्यास के माध्यम से भारतीजी दोनों की पवित्रता की ओर इशारा करते हैं, हालाँकि शारीरिक प्रेम की आवश्यकता की तुलना में वे भावात्मक प्रेम की पवित्रता के प्रति अपना दृष्टिकोण स्पष्ट रूप से प्रकट भी करते हैं।

आज की बात



**डॉ मयंक मुरारी**

कहानी की शुरुआत इलाहाबाद के सिविल लाइंस में हमें चंद्रकुमार कपूर (जो अर्थशास्त्र में शोध कर रहे हैं) से होती है, जो अल्फ्रेड पार्क में टहल रहे हैं। उनके संरक्षक एक डॉ. शुक्ला हैं, जो चंदर के कॉलेज में वरिष्ठ प्रोफेसर थे। वे लोग श्री शुक्ला की बेटी सुधा की प्रतीक्षा कर रहे हैं, ताकि वह उसे पुस्तकालय की सदस्यता दिलाने में मदद कर सके। अन्य पात्र भी हैं- एक ठाकुर साहब, एक सहपाठी जो स्पष्ट रूप से खुशमिजाज और मजबूत व्यक्ति है। और दूसरा, रवींद्र बिसारिया, जो पहले एमए का छात्र है और पहले कवि है। फिर सुधा आती है, जो एक चुलबुली और खुशमिजाज लड़की है। जब डॉ. शुक्ला (सुधा और चंदर के बीच के प्यार से अनजान) सुधा की शादी करवाने का फैसला करते हैं, तो सुधा यह देखकर चैंक जाती है कि चंदर उस आदमी यानी कैलाश से शादी करने पर जोर दे रहा है जिसे उसके पिता इस तरह सुधा की शादी कैलाश से हो जाती है और चंदर एक पागल यात्रा पर निकल पड़ता है।

भारतीय चिंतन में प्रेम एक अबाद्ध बंधन है, जहां पुरुष हो या स्त्री, वह पूर्णतः तृप्त भी होती है और मुक्त भी। कई बार अकेलापन ही उसकी पूर्णता बन जाती है। गुनाहों का देवता में चदर का पात्र हर पल मानो कहना चाहता है- क्या बांधेगा संसार मुझे। मेरी चाहत की आबद्धता का कोई छोर नहीं है। यह पूर्णता में विलीन होने का भाव है। वहीं सुधा के लिए प्रेम ज्ञान का हिस्सा नहीं है। यह उसका अस्तित्व है। जितना सहज चदर प्रेम को लेता है, उतना सुधा नहीं ले पाती। वह सदैव कहना चाहती है कि आज मै तुम्हें ढूंढ़ रही है। तुम्हें, तुम्हारे लिए नहीं, अपने लिए। अपने इस अस्तित्व को संपूर्ण बनाने के लिए। चदर और सुधा के माध्यम से उपन्यास में आकाश और धरती के अनन्य प्रेम भाव को अभिव्यक्त किया गया है। कभी लगता है कि भारतीय साहित्य का यह उपन्यास अंग्रेजी में या किसी विदेशी लेखक द्वारा लिखा गया होता तो क्या होता ! क्या इसे शेक्सपीयर, हर्मन हेंस, फ्रांज काफ्का और चार्ल्स डिकेंस के क्लासिक्स की तरह विश्व साहित्य में स्थान पाती !

वास्तव में जीवन एक खेल है। इस खेल का अर्थ हार या जीत नहीं है। उसी प्रकार प्रेम भी कोई पाने या नहीं पाने का काम नहीं है। इसलिए की जो प्रेम में उलझा है, वह भी ढूंढ़ रहा है। जो नहीं उलझा है, वह किनारे पर खड़ा है और ढूंढ़ रहा है। तो आखिर हम क्या चाहते है ? अगर अकेला रहना ही प्रेम की तार्किक परिणति है तो मनुष्य क्यूं दूसरे की खोज में भटकता फिरता है। और जब प्रेम में होता है तो खुद नहीं, दूसरा क्यों महत्वपूर्ण हो जाता है ? चंदर और सुधा के माध्यम से यही प्यार की सार्थक परिभाषा है। यह प्यार के साथ शाश्वत की यात्रा है। प्रेम में होना, और प्रेम न न होना। जीवन का एक ही क्षण में वृत्त है और उसी क्षण में वह स्थिति वर्ग भी होता है। वर्ग में प्रेम की अनंत भुजाएं और दिशाएं बंद हो जाती है तो वृत्त में समना दूरी पर सभी दिशाएं मिल जाती है। इसलिए कभी-कभी लगता है कि रूसो जब कहता है कि- मैन इज बॉर्न फ्री, बट एवरी व्हेहर ही इज इन चेनस यानी मनुष्य जन्म के समय पूरी तरह से स्वतंत्र होता है, उसके बाद वह चारों ओर से बंधनों में जकड़ जाता है। जीवन एक सरहद है। इसमें देह हो मन का अगल रूप, रस और स्वाद है। न किसी को बदला जा सकता है, न ही किसी को बांधा जा सकता है। सब पवित्र है, सब स्वतंत्र है। नदी की बहती धारा की तरह। अब धारा को रोक कर जीवन को स्वरूप देना है या धारा के साथ जीवन को बहा ले जाना है। यह हमारी खोज पर निर्भर करता है।

**(यह आलेख प्रसिद्ध साहित्यकार धर्मवीर भारती की कालजयी कालजयी रचना "गुनाहों का देवता" पर चिंतन है।)**

# "असफलता : सफल होने की ओर पहला कदम"

आज का युग प्रतिस्पर्धा और परिणामों से भरा हुआ है। हम सभी चाहते हैं कि हमें हर प्रयास में सफलता मिले। पर क्या कभी सोचा है कि सफलता तक पहुंचने का पहला कदम असफलता ही होती है? दुर्भाग्यवश, समाज में असफलता को आज भी नाकामी, शर्मिंदगी और नकारेपन से जोड़ा जाता है। यही सोच लोगों को कोशिश करने से रोकती है। हम असफलता से इतना डरते क्यों हैं? शायद इसलिए कि हमें बचपन से सिखाया गया है कि असफल होना गलत है। लेकिन अगर हम असफल नहीं होंगे, तो कैसे जान पाएंगे कि हमारी दिशा सही है या गलत? हर गलती एक अनुभव देती है और हर अनुभव आगे की राह आसान बनाता है। इतिहास उठाकर देखें तो दुनिया के हर महान व्यक्ति की सफलता के पीछे असफलताओं की एक लंबी कहानी है। थॉमस अल्वा एडीसन ने बल्ब बनाने से पहले 1000 से भी अधिक बार असफल प्रयोग किए। उन्होंने खुद कहा था – "मैं असफल नहीं हुआ, मैंने बस 1000 ऐसे तरीके खोजे जो काम नहीं करते।" अब्राहम लिंकन को कई बार चुनावों में हार का सामना करना पडा, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी और अमेरिका के सबसे प्रेरणादायक राष्ट्रपति बने। आज के समय में भी देखें तो हर बड़ा बिजनेस आइकन पहले किसी न किसी असफल योजना का हिस्सा रहा है। जैक मा (अलीबाबा) को 30 से अधिक नौकरियों से निकाला गया, वॉल्ट डिज़्नी को एक बार कहा गया कि उनमें कल्पना की कमी है, जे.के. रोलिंग को हैरी पॉटर को छापने के लिए कई प्रकाशकों ने मना किया। समस्या तब खड़ी होती है जब कोई युवा कुछ नया करने की कोशिश करता है, और समाज उसे असफल होते ही ताने देने लगता है – "तुमसे नहीं होगा", "समझदारी से कोई नौकरी कर लो"। यह सोच ही गलत है। किसी ने अगर बिजनेस शुरू किया, और वो सफल नहीं हुआ, तो हमें उसे निरुत्साहित करने की जगह यह कहना चाहिए – "तुमने हिम्मत की, अब और बेहतर करके दिखाओ।" असफलता को हमें सेलिब्रेट करना सीखना चाहिए, क्योंकि इसका मतलब है – हमने कोशिश की। जिसने कभी कोशिश ही नहीं की, वो जीवन में कुछ बड़ा नहीं कर सकता। सिर्फ एक एग्जाम में दो बार फेल हो जाना, यह तय नहीं करता कि वो इंसान किसी और क्षेत्र में कमाल नहीं कर सकता। जरूरी है कि हम अपनी ताकत और रूचि पहचानें और समय रहते राह बदलने से न डरें।

आपकी बात



**वीणा देवांगन**
अभियंता

(veenavlogs@gmail.com)

# तुर्कीए की दगाबाजी और भारत का चूको मत चौहान

पहलगाम में हुए आतंकी घटना और ऑपरेशन सिंदूर ने विश्व पटल पर भारत विरोधी तुर्की के उस चेहरे को बेनकाब करके रख दिया है जिसे हम सदियों से एक अहसानफरामोश राष्ट्र के तौर पर जानते रहे हैं। पहलगाम में हुए आतंकी घटना की पूरे विश्व ने भर्त्सना की। यहाँ तक कि पाकिस्तान समर्थक चीन व अजरबैजान ने भी अपनी कुटनैतिक पटल पर ऐसे किसी भर्त्सना से परहेज नहीं किया परन्तु भारत पर ड्रोन हमला करने के लिए तुर्की के द्वारा न केवल पाकिस्तान को भरपूर संख्या में डोन उपलब्ध कराये गए बल्कि एक कदम आगे बढ़कर अपने ऑपिटरों से उनका संचालन तक कराया गया। यह सही है कि भारत और तुर्की के बीच के संबंध कभी अच्छे नहीं रहे हैं। इतिहास की थोड़ी बहुत जानकारी रखने वालों को यह बखूबी पता है कि पाशविक प्रवृत्ति और क्रूरता के लिए कुख्यात तुर्की एक आक्रांता देश रहा है। यह वही भूखंड है जहाँ के लुटेरे मोहम्मद गौरी को भारतीय शासक पृथ्वीराज ने लगातार ग्यारह बार हराया और हर बार उसे जीवनदान देने की उदारता भी दिखाई परन्तु मौका मिलते ही इस लुटेरे ने छल कपट के बल पर क्षमाशील पृथ्वीराज की हत्या कर दी। पृथ्वीराज चौहान की की इस हत्या के आठ सौ इकतीस वर्षों के बाद साल 2023 में जब भूकंप के कारण तुर्की में त्राहिमाम मची हुई थी तब भारत ने उसे अरबों रुपए का सहयोग किया और सबसे पहले हमने ही उसकी मदद की। तुर्की में आए इस भूकंप के दौरान लगभग 44000 लोग काल के गाल में समा गए थे। संकट की इस घड़ी में जहाँ पाकिस्तान रस्म अदायगी में मशगूल था वहीं हमने खुला दिल दिखाते हुए 126 मिलीयन अमेरिकी डॉलर की उन्हें मदद दी। इसके अतिरिक्त भूकंप से तहस नहस हुए इस देश की इकोनॉमी को मजबूती प्रदान करते हुए हमने सिर्फ वर्ष 2024 में साढ़े तीन लाख भारतीय टूरिस्टों के साथ उनका भरपूर सहयोग किया। सहयोग व नमकहरामीपन की यह सूची काफी लंबी है और तुर्की का यही चरित्र आज भी बना हुआ है क्योंकि एहसानफरामोशी इस देश के जीन में है। यदि ऐसा नहीं होता तो हैंड इरसेल नाम की एक टर्किश महिला सेलेब्रिटी भारत से भरपूर रकम कमाती है और भारत पाक यूद्ध के दौरान भारत विरोधी नारे लगाते नजर आने लगती है। इसे बसुधैव कुटुम्बकम के भारतीय संदर्भ में देखें तो हैरानी इस बात पर होती है कि जिसके लिए सबसे पहले मानवीय सहायता उपलब्ध कराने का काम किया गया वह अपने पूर्वज मोहम्मद गोरी को छोड़ने को तैयार ही नहीं है। यदि ऐसा नहीं है तो फिर मुहम्मद गोरी की राह पर चलने वाला तुर्की कैसे महज दो साल के अंदर भारत के इस एहसान को भूलकर बैठ सकता है? बहरहाल आतंक के पोषक पाकिस्तान का पुरजोर समर्थन करते हुए सैन्य सहायता के साथ पाकिस्तान के पक्ष में खुलकर सामने आने वाले तुर्की के इस चरित्र के कारण भारत में उसके खिलाफ गुस्सा चरम पर है। यह गुस्सा उस तुर्की के खिलाफ है जो 1.32 ट्रिलियन डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद के साथ विश्व की सत्रहवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसी तरह यह ओईसीडी और जी-20 का सदस्य होने के साथ साथ आधिकारिक विकास सहायता समूह का एक अहम सदस्य भी है। तुर्की को ऐसी मजबूती देने में भारत का योगदान 2.84 से लेकर 3.78 बिलियन डॉलर तक के आयात का रहा है। इनमें से भारत मुख्यतः खनिज ईंधन, ऑटो पार्ट्स, मशीनरी, फार्मास्यूटिकल्स और कपास का उसे निर्यात करता है और बदले में उससे खनिज तेल, सोना, संगमरमर, सेव, सब्जी, सीमेंट, रसायन आदि का आयात करता है। इसके अतिरिक्त पर्यटन और फिल्मों की शूटिंग आदि के माध्यम से भी भारत के द्वारा तुर्की के अर्थतंत्र में बड़ा योगदान किया जाता रहा है। इन तथ्यों के अतिरिक्त मोहम्मद गोरी के इस वंशज के पास ऐसा वर्ल्ड क्लास ड्रोन है जिसने रुस युक्रेन युद्ध में रूस की सेना के छक्के छुड़ा कर रख दिया है परन्तु पाकिस्तान परस्ती के गुमान में इसे शायद पृथ्वीराज चौहान के विरासत संभाल रहे भारतभूमि के शौर्य का स्मरण नहीं रहा। यदि ऐसा कुछ होता तो आज न उसके ड्रोन "आकाश" के ग्रास बन पाते, न भारतीय व्यापारियों व ट्रैवल एजेंसियों के ट्रेड स्ट्राइक का मार झेलना पड़ता और न शैक्षणिक व बौद्धिक समझौते के स्थगन की बेबसी ही सामने होती।




देश की बात



**केदारनाथ दास**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

हवा, तेज, पानी, गगन, धरती, सब अध्याय।
संविधान है जिंदगी, यह संतों की राय।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# आध्यात्मिकता से संबंध बनते हैं सर्वश्रेष्ठ

अगर आपका व्यवहार आध्यात्मिकता से ओत-प्रोत है, तो आप अकेले रहे या आप अपने परिवार या मित्रों के साथ रहे, आप का सभी से संबंध सर्वश्रेष्ठ संबंध ही कहलायेगा। याद रखिये आप के द्वारा ही परिवार, परिवार के बाद समुदाय, कई समुदाय मिलकर एक राष्ट्र और कई राष्ट्र मिलकर संयुक्त राष्ट्र का रूप धारण कर लेते हैं। इसमें सभी का एक दूसरे से गहरा लगाव होता है। बिना गहरा लगाव के हम एक पल भी आगे बढ़ नहीं सकते। उक्त बातें योगदा सत्संग आश्रम के श्रवणालय में आयोजित रविवारीय सत्संग को संबोधित करते हुए स्वामी श्रेयानन्द ने योगदा भक्तों के बीच में कही। उन्होंने कहा कि लोग कहते हैं कि आजकल अब अच्छे मित्र नहीं मिलते। इसका मूल कारण लोगों में बढ़ती स्वार्थपरकता है। जिसके कारण अब मित्रता कही टिक नहीं पाती। उन्होंने कहा कि अच्छी मित्रता के लिए स्वार्थपरकता को त्यागने में ही हमारी भलाई है। स्वार्थपरकता की जगह विचारशीलता को स्थान दें। एक दूसरे से प्रेम करना सीखें। दूसरों के खुशियों में ही अपनी खुशियां देखने का भाव रखें। मेरा कोई दुश्मन नहीं, मैं सभी का मित्र हूं, मैं सभी के साथ खुश रह सकूं। इस प्रकार के भाव को अपने मन में स्थान दें। तो हम पायेंगे कि हमारा दूसरों के साथ आध्यात्मिक व्यवहार होता चला जायेगा। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक संबंध या मित्रता परिमाणात्मक नहीं, बल्कि गुणात्मक है। हम अपने अंदर गुणात्मक सुधार लायें। केवल दूसरे से अच्छाई की अपेक्षा रखना और अपने में सुधार नहीं लाने की प्रवृत्ति ठीक नहीं होती। बहुत लोग ऐसे होते हैं, जिनके पास पावर और धन-संपदा प्रचुर मात्रा में होती हैं। जिनकी वजह से उनके पास मित्रों की संख्या भी अधिक होती हैं। लेकिन जैसे ही पावर और धन-संपदा का अभाव होता है। लोग उनसे दूरियां बना लेते हैं। ऐसे पावर और धन-संपदा से युक्त लोगों को पता भी नहीं होता कि सच्चा मित्र कैसा होता है? स्वामी श्रेयानन्द ने कहा कि एक आध्यात्मिक मित्र हमेशा स्वार्थपरकता की भावना से दूर होगा। वो हमेशा दूसरों को आदर करना चाहेगा। दूसरे की अच्छाइयों को स्वीकार करते हुए उसकी दिल से प्रशंसा भी करेगा। ये तीन गुण बता देते है कि सामनेवाला व्यक्ति आध्यात्मिक मित्र है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही उसका जीवन/व्यवहार छलप्रपंच रहित, निष्कपट व सत्य से युक्त होगा। वो अपने कार्यों को निष्ठापूर्वक करने की कोशिश करेगा। स्वामी श्रेयानन्द ने कहा कि गुरु जी हमेशा कहा करते थे कि हर व्यक्ति को किसी की भी आलोचना, निन्दा, बुराई आदि करने से बचना चाहिए, क्योंकि जो भी व्यक्ति ऐसा करता है, वो न तो खुद और न ही अपने परिवार या संस्थान का भला करनेवाला होता है। वो अपनी आलोचनाओं से ही अपने आध्यात्मिकता को नष्ट कर डालता है। इसलिए व्यक्ति को नकारात्मक विचारों से दूर रहना चाहिए, क्योंकि न तो ये उसके लिए अच्छा है और न उनके मित्रों के लिए। उन्होंने कहा कि जब भी आपको कष्ट, अंधकार या नकारात्मक विचार मन में आये। तो उसके शमन करने का उपाय ढूंढे। शमन का सबसे बढ़िया उपाय है कि हमारे साथ गुरुजी हैं, तो फिर किस बात का भय। हम अपने अंदर नकारात्मक विचार क्यों लाए? जो होगा, सो अच्छा ही होगा। साथ ही अगर आपका कोई मित्र कोई अच्छा काम करता है या कोई उपलब्धि प्राप्त करता है, तो उसकी मुक्तकंठ से प्रशंसा करना भी सीखिये, ये आदत आपकी लोकप्रियता और प्रतिष्ठा को बढ़ाएगी।

अलग बात



**कृष्ण बिहारी मिश्र**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)




# हनुमान मंदिर में भक्तों की लंबी कतार 'जय श्रीराम' के उद्घोष से गूंजा प्रयागराज

**प्रयागराज(आईएएनएस)**

- **उत्तर भारत में विशेष रूप से मनाया जाता है, खासकर प्रयागराज में**
- **ब्रह्म मुहूर्त से ही भारी संख्या में भक्त मंदिर पहुंचे**


ज्येष्ठ माह के सभी मंगलवार को बड़ा मंगल या बुढ़वा मंगल कहा जाता है। यह दिन भगवान हनुमान जी को समर्पित होता है और भक्त इस दिन विशेष पूजा-पाठ, व्रत और भक्ति करते हैं। खासकर उत्तर भारत में यह दिन बहुत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। ज्येष्ठ माह के दूसरे बड़े मंगलवार के दिन प्रयागराज के प्रसिद्ध बंधवा हनुमान मंदिर में ब्रह्म मुहूर्त से ही भक्तों की लंबी कतारें लग गईं। हर कोई बजरंगबली के दर्शन का बेसब्री से इंतजार कर रहा था।

मंदिर परिसर 'जय श्रीराम' और 'जय-जय हनुमान' के जयकारे गूंज रहे थे। भक्तों में तुलसी की माला, फूल, सिंदूर और लड्डुओं का भोग चढ़ाने के लिए होड़ लगी रही। मंदिर के अंदर और बाहर श्रद्धालु हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ करते नजर आए। मान्यता है कि जो भी श्रद्धालु इस दिन सच्चे मन से बजरंगबली की उपासना करता है और उपवास रखता है, उसकी सारी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।मंदिर में आए भक्त विवेक कुमार ने कहा, "आज के दिन का खास महत्व है। कहा जाता है कि आज के दिन यहां के दर्शन करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। यहां लेटे हुए हनुमान जी की मूर्ति है, जिसके दर्शन करने से उनकी कृपा हमारे ऊपर बरसती है। वहीं, भक्त शोभनाथ शर्मा ने कहा, "आज के दिन का विशेष महत्व होता है।

## ज्योति मल्होत्रा पर अब तक का सबसे बड़ा खुलासा!

# दानिश के साथ ऑपरेशन सिंदूर की चैट किए डिलीट

फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया फोन-लैपटॉप



**नई दिल्ली। एजेंसी**

हरियाणा की रहने वाली यूट्यूबर और ट्रैवल व्लॉगर ज्योति मल्होत्रा से जुड़ी जासूसी जांच में नए विवरण सामने आए हैं। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, मल्होत्रा ने पाकिस्तान उच्चायोग के पूर्व अधिकारी दानिश के साथ ऑपरेशन सिंदूर के बारे में अपनी चैट हिस्ट्री डिलीट कर दी है, जिससे महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ करने के प्रयास के बारे में गंभीर चिंताएँ पैदा हो गई हैं। दानिश नई दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग में कर्मचारी था। उसे जासूसी के आरोपों में अवांछित व्यक्ति घोषित किए जाने के बाद 13 मई को भारत से निष्कासित कर दिया गया था। दानिश ने पाकिस्तान उच्चायोग में अपनी बैठक के दौरान मल्होत्रा को कई पाकिस्तानी खुफिया अधिकारियों से मिलवाया था। पाकिस्तान के राष्ट्रीय दिवस के बारे में चर्चा करते समय दानिश ने अपनी पत्नी को भी ज्योति से मिलवाया। सूत्रों के अनुसार, ज्योति मल्होत्रा ने ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित चैट लॉग डिलीट कर दिए और अपने मोबाइल डिवाइस से अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य हटा दिए। उसने दानिश के साथ दो प्रमुख घटनाओं के दौरान ये चैट डिलीट कर दीः ऑपरेशन सिंदूर के बारे में चर्चा और हिसार में उसके गृहनगर में हुई ब्लैकआउट। चैट में ज्योति ने ऑपरेशन सिंदूर के बारे में विवरण साझा किया और दानिश को हिसार में ब्लैकआउट के समय के बारे में जानकारी दी, साथ ही ब्लैकआउट के दौरान प्रशासनिक गतिविधियों, जिसमें सायरन और अधिकारियों के आधिकारिक संदेश शामिल हैं, के बारे में भी बताया।सूत्रों ने कहा कि उसके डिवाइस की डिजिटल सफाई सबूतों को नष्ट करने और अधिकारियों को गुमराह करने का एक जानबूझकर किया गया प्रयास प्रतीत होता है। नतीजतन, मल्होत्रा के दो मोबाइल फोन और लैपटॉप को हटाए गए डेटा को पुनर्प्राप्त करने के लिए फोरेंसिक विश्लेषण के लिए भेजा गया है। सूत्रों के अनुसार, जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही है, मल्होत्रा की गिरफ्तारी से एक बड़े आईएसआई नेटवर्क से जुड़ी गहरी साजिश का पता चल रहा है।

## भारत में रहकर पाकिस्तानी आईएसआई के लिए काम कर रहे थे जासूस

1. **गजाला और यामीन मोहम्मद :** ज्योति मल्होत्रा के साथ, पुलिस ने 32 वर्षीय विधवा गजाला और पंजाब के मलेरकोटला से यामीन को गिरफ्तार किया।
2. **ज्योति मल्होत्रा :** हिसार की एक यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को "एक संपत्ति के रूप में विकसित किया जा रहा था", पुलिस ने रविवार को कहा।
3. **देवेंदर सिंह** : पंजाब के पटियाला में खालसा कॉलेज के 25 वर्षीय राजनीति विज्ञान के छात्र देवेंदर सिंह को पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में हरियाणा के कैथल में गिरफ्तार किया गया।
4. **अरमान :** नूह का 26 वर्षीय व्यक्ति, जिसकी पहचान अरमान के रूप में हुई, एक और संदिग्ध जासूस था, भारतीय सेना और अन्य सैन्य गतिविधियों को साझा करने के आरोप में पकड़ा गया था।
5. **तारिफ :** तारीफ कथित जासूसी गतिविधियों के लिए गिरफ्तार किया गया नूह का दूसरा व्यक्ति था। पूछताछ के दौरान तारिफ ने खुलासा किया कि वह पाकिस्तान दूतावास के दो व्यक्तियों के संपर्क में था।
6. **नौमान इलाही :** 15 मई को हरियाणा के पानीपत में एक और संदिग्ध जासूस, 24 वर्षीय व्यक्ति को आईएसआई से जुड़े एक पाकिस्तानी एजेंट को गिरफ्तार किया गया।
7. **मोहम्मद मुर्तजा अली :** पुलिस ने पंजाब के जालंधर में मोहम्मद मुर्तजा अली को आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।
8. **शहजाद :** उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने शहजाद नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जो कथित तौर पर आईएसआई के लिए जासूसी करने में शामिल था।
9. **सुखप्रीत सिंह :** पंजाब पुलिस ने गुरदासपुर में सुखप्रीत सिंह समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है, पाकिस्तान को संवेदनशील जानकारी लीक करने का आरोप है।
10. **करणबीर सिंह :** इसी ऑपरेशन में गुरदासपुर में पकड़े गए दो संदिग्धों में से एक करणबीर सिंह आईएसआई संचालकों के सीधे संपर्क में था और उसने भारतीय सशस्त्र बलों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भेजी थी।

## मुस्लिम युवती ने नाम बदलकर हिंदू युवक से की शादी, पुलिस जांच में जुटी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से एक अनोखा मामला सामने आया है। यहां एक मुस्लिम महिला ने अपनी पहचान छुपाकर एक हिंदू युवक को अपने प्रेम जाल में फंसाया और विवाह रचाया है। पीड़ित युवक ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है, वहीं महिला ने भी थाने में शिकायत दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस की ओर से दी गई जानकारी में बताया गया है कि शेखर सिलावट नामक युवक ने अशोका गार्डन थाने में सोमवार को एक आवेदन दिया है, जिसमें कहा गया है कि उस पर शादी का जबरदस्ती दबाव बनाया गया है। दूसरी ओर महिला ने भी शिकायत की है। मामले की पुलिस जांच कर रही है।

## पंजाब पुलिस की बड़ी कार्रवाई : बटाला में आईएसआई समर्थित आतंकी नेटवर्क का भंडाफोड़

**चंडीगढ़ (आईएएनएस)**

पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान समर्थित आतंकी नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। बटाला पुलिस ने छह आतंकियों को गिरफ्तार किया है, जो आईएसआई के निर्देश पर काम कर रहे थे। ये आतंकी बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) से जुड़े हुए थे और इनका मास्टरमाइंड मनिंदर बिल्ला और मन्नू अगवान था। बटाला पुलिस ने इसकी जानकारी अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर दी है। पुलिस के एक्स हैंडल के मुताबिक, गिरफ्तार आतंकियों की पहचान जतिन कुमार उर्फ रोहन, बरिंदर सिंह उर्फ साजन, राहुल मसीह, अब्राहम उर्फ रोहित, सोहित और सुनील कुमार के रूप में हुई है।



इनके पास से एक 30 बोर पिस्तौल बरामद हुई है। पुलिस ने बताया कि ये आतंकी बटाला में एक शराब की दुकान पर ग्रेनेड हमला करने की कोशिश कर चुके थे। गिरफ्तार आतंकियों को पुर्तगाल स्थित मनिंदर बिल्ला और बीकेआई मास्टरमाइंड मन्नू अगवान से सीधे निर्देश मिल रहे थे। मन्नू अगवान ने हाल ही में अमेरिका में हैप्पी पासियन की गिरफ्तारी के बाद ऑपरेशनल चार्ज संभाला था। गिरफ्तार आतंकियों में से एक जतिन कुमार पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया। उसने पुलिस पर गोलियां चलाईं और जवाबी कार्रवाई में घायल हो गया। उसे सिविल अस्पताल बटाला में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस मामले में बीएनएस और यूएपीए के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

और आगे की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि वे राज्य में आतंकी नेटवर्क को बेअसर करने और शांति और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस कार्रवाई के बाद पुलिस आतंकी नेटवर्क के अन्य सदस्यों को पकड़ने की कोशिश कर रही है। पुलिस का कहना है कि वे किसी भी कीमत पर आतंकवाद को पनपने नहीं देंगे और राज्य की सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएंगे।

## भारत-नेपाल सीमा से दो बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**किशनगंज (आईएएनएस)**

बिहार के किशनगंज जिले के सुखानी थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक महिला सहित दो बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया। दोनों नेपाल जाने की फिराक में थे। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और सुखानी थाना को गुप्त सूचना मिली कि दो संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिक, जिसमें एक महिला भी है, वे दोनों सीमा स्तंभ संख्या-119/01 होकर भारत से नेपाल जाने की कोशिश में हैं। बताया गया कि उक्त सूचना के आधार पर सुखानी थाना पुलिस एवं एसएसबी ने टीम बनाकर सीमा के समीप निगरानी बढ़ा दी। इसी क्रम में एक पुरुष एवं एक महिला को संदिग्ध अवस्था में कादोगांव की ओर से सीमा की तरफ जाते देखा गया। इसी क्रम में जब दोनों को पुलिस ने रुकने को कहा तो दोनों भागने लगे। इसके बाद पुलिस बल के सहयोग से दोनों को पकड़ा गया।



पुलिस के मुताबिक, दोनों ने पूछताछ में अपना नाम शफीकुल इस्लाम (32) और परी खातून (25) बताया। जब दोनों से भारत में रहने से संबंधित कोई वैध कागजात की मांग की गई, तो उन्होंने कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किए। दोनों बांग्लादेशी नागरिक बताए जा रहे हैं। इस संबंध में सुखानी थाना में सुसंगत धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। दोनों के पास से एक मोबाइल फोन, चार्जर, कपड़ा एवं परी खातून का भारतीय आधार कार्ड बरामद किया गया है।
उल्लेखनीय है कि तीन दिन पहले बोधगया में एक बांग्लादेशी नागरिक पकड़ा गया था। वह अपनी असली पहचान छुपाकर चोरी-छुपे बोधगया के एक मॉनेस्ट्री में रह रहा था। बांग्लादेशी नागरिक बोधगया के स्लीपिंग बुद्धा मॉनेस्ट्री में भिक्षु बनकर रह रहा था।

## पहलगाम हमले के आंतकी अभी तक नहीं पकड़े गए : मुफ्ती

**नई दिल्ली।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कहा कि भारत के परमाणु शक्ति होने के कारण युद्ध कोई अंतिम विकल्प भी नहीं है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को पहलगाम हमले के बाद पहले ही बहुपक्षीय प्रतिनिधिमंडल भेजकर देश की स्थिति से अन्य देशों को अवगत कराना चाहिए था। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री मुफ्ती ने एएनआई से कहा कि भारत सरकार आज जो कर रही है - विभिन्न देशों में प्रतिनिधिमंडल भेज रही है।



## जेएमबी आतंकवादी बंगाल में कैसे घुसे? यह गृह मंत्रालय की विफलता : कुणाल

**कोलकाता (आईएएनएस)**

तृणमूल कांग्रेस नेता कुणाल घोष ने पश्चिम बंगाल से जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) के दो आतंकवादियों की गिरफ्तारी को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को कठघरे में खड़ा करते हुए इसे उनके विभाग की विफलता करार दिया। जेएमबी के दो आतंकवादियों की गिरफ्तारी के बाद उनसे पूछताछ हो रही है। पूछताछ में यह पता लगाया जा रहा है कि कहीं उनके लिंक पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से तो नहीं हैं। इसी को लेकर विपक्ष पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर हमलावर है। उसका कहना है कि राज्य में आईएसआई की जड़ें मजबूत हो रही हैं।



तृणमूल कांग्रेस नेता कुणाल घोष ने मंगलवार को मीडिया से बातचीत में कहा, "पश्चिम बंगाल एक सीमावर्ती राज्य है। ऐसी स्थिति में यहां कोई भी आतंकवादी दाखिल होता है, तो इसकी जिम्मेदारी किसकी बनेगी। निश्चित तौर पर इसकी जवाबदेही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय गृह मंत्रालय की होगी। अमित शाह को सामने आकर इस संबंध में जवाब देना चाहिए। उन्हें यह स्पष्ट कर करना चाहिए कि आखिर यह सब कैसे हुआ। इस देश में जितने भी सीमावर्ती राज्य हैं, निस्संदेह उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी केंद्रीय गृह मंत्रालय की बनती है।"
उन्होंने कहा कि यह अलग विषय है कि आतंकवादी कहां पकड़े गए, दिल्ली में पकड़े गए या बंगाल में या गुजरात में। लेकिन, सबसे बड़ा सवाल है कि आखिर वे हमारे देश की सीमा में कैसे दाखिल हुए? इसका जवाब केंद्रीय गृह मंत्रालय को देना चाहिए। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर यह केंद्रीय गृह मंत्रालय की विफलता है।

## आज का राशिफल

**मेष :** बुद्धि व धन का दुरूपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**वृष :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**मिथुन :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**कर्क :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे।

**सिंह :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी।

**कन्या :** अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी ड्क्षचता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे।

**तुला :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे।

**धनु :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी।

**मकर :** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें।

**मीन :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। यात्रा सुखद रहेगी।

### राहुल के बयान पर भड़के मुख्तार, कहा

## लापता विमानों की बात करने वाले सेना पर सवाल उठा रहे

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान 'भारत के विमानों के लापता होने' को लेकर सवाल उठाया। एक्सपर्ट्स ने उनके प्रश्न पर हैरानी जताई तो भाजपा नेता उनकी समझ पर अफसोस कर रहे हैं। पूर्व केंद्रीय मुख्तार अब्बास नकवी ने नाराजगी जताते हुए कहा कि वे अब हमारी सेना और राष्ट्रीय सुरक्षा पर भी सवाल उठा रहे हैं।
भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, "कुछ लोग पाकिस्तान के पाखंडी प्रोपेगेंडा के प्रॉक्सी प्रमोटर्स की भूमिका निभा रहे हैं, जो ठीक नहीं है। यह वही लोग हैं, जो कभी देश के संविधान पर, तो कभी संसद पर, तो कभी संवैधानिक संस्थाओं



पर सवाल खड़े करते हैं। अब वे सेना और हमारी सुरक्षा पर सवाल खड़ा कर रहे हैं। वे बुरी स्थिति में हैं। अब जो प्रतिनिधिमंडल विदेश जा रहा है।
वह किसी पार्टी का नहीं, बल्कि देश का प्रतिनिधिमंडल है। जो देश की बात रखने जा रहा है, न कि किसी राजनीतिक पार्टी की बात रखेगा। अक्ल के दुश्मनों को समझ नहीं आ रहा है और वे सिर्फ सवाल करने की प्रतिस्पर्धा में लगे हुए हैं। यह उनकी सियासत के लिए हानिकारक है।

## बंगाल की हिंसा पर पुलिस की निष्क्रियता के नए खुलासे

**कोलकाता । एजेंसी**

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में अप्रैल में सांप्रदायिक हिंसा को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट की तरफ से गठित जांच समिति ने गंभीर खुलासे किए हैं। इसमें कहा गया है कि हिंसा में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेता की भूमिका थी। हमलों का नेतृत्व स्थानीय पार्षद महबूब आलम ने किया। रिपोर्ट के अनुसार हिंसा में खासतौर पर हिंदू समुदाय को निशाना बनाया गया। इस दौरान स्थानीय पुलिस पूरी तरह से निष्क्रिय रही। पीड़ितों ने कई बार पुलिस को कॉल किया, लेकिन कोई मदद नहीं पहुंची। दरअसल, 17 अप्रैल को हाईकोर्ट ने तीन सदस्यीय समिति का गठन किया था। इसमें राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, पश्चिम बंगाल मानवाधिकार आयोग और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के एक-एक सदस्य शामिल थे।




### नाना पटोले ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लिखा पत्र

## प्रोटोकॉल न मानने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

महाराष्ट्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नाना पटोले ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखा है। पत्र में मुख्य न्यायाधीश भूषण गवई के दौरे को लेकर प्रोटोकॉल का पालन न करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग की है।
उन्होंने आगे लिखा, "न्यायमूर्ति भूषण गवई डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के विचारों के अनुयायी हैं, इस कारण उनके साथ यह व्यवहार जानबूझकर किया गया ऐसा संदेह संपूर्ण महाराष्ट्र में व्यक्त किया जा रहा है। संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्तियों के सम्मान के लिए एक निर्धारित प्रोटोकॉल होता है। ऐसा प्रतीत होता है कि महाराष्ट्र सरकार ने इस प्रोटोकॉल की अवहेलना की है।"
पटोले ने अंत में विनम्र अपील की। कहा- यह अपमान केवल भूषण गवई का नहीं, बल्कि महात्मा ज्योतिबा फुले, छत्रपति शाहू महाराज और डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर का भी है। इस अपमान के लिए राज्य सरकार और संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए, ऐसी आपसे विनम्र प्रार्थना करता हूं। आपकी कार्रवाई से भविष्य में कोई भी सरकार और अधिकारी किसी संवैधानिक पद पर बैठे शख्स का अपमान करने का साहस नहीं करेंगे, ऐसी अपेक्षा करता हूं।

### भूषण गवई के अपमान पर नाना पटोले ने जताई पीड़ा



नाना पटोले ने लिखा, "आपको यह पत्र लिखते समय अत्यंत पीड़ा हो रही है। बहुजन समाज के गौरव, सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश भूषण गवई का महाराष्ट्र सरकार एवं राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अपमान किया गया है। एक महाराष्ट्र पुत्र के रूप में उनका मुंबई में सत्कार करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में प्रोटोकॉल के अनुसार राज्य महाराष्ट्र के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और मुंबई पुलिस आयुक्त की उपस्थिति अपेक्षित थी, परंतु दुर्भाग्यवश ऐसा नहीं हुआ। अंततः मुख्य न्यायाधीश ने अपने भाषण में यह टिप्पणी की कि मेरे इस कार्यक्रम में इन अधिकारियों को आने की योग्यता नहीं लगती, तो यह विचार उन्हें स्वयं करना चाहिए। यह वक्तव्य अत्यंत दुखदायक है और यह स्पष्ट संकेत देता है कि महाराष्ट्र सरकार अपने ही सुपुत्र का सम्मान करने में विफल रही है।"

## दिल्ली की जनता ने अरविंद केजरीवाल को नकार : आशीष सूद

**नई दिल्ली ।** दिल्ली सरकार में मंत्री आशीष सूद ने मंगलवार को कहा कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनके नेताओं ने कई दावे किए थे, लेकिन दिल्ली की जनता ने उन्हें सिरे से खारिज कर दिया। शिक्षा मंत्री रहे मनीष सिसोदिया को अपनी सीट तक बदलनी पड़ी। इसके बावजूद, वह हार गए। आशीष सूद ने कहा कि अरविंद केजरीवाल की सरकार ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी बेहतर काम करने के दावे किए थे। उन्होंने यहां तक दावा किया था कि उनकी सरकार की तरफ से स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कामों को न्यूयॉर्क टाइम्स और वाशिंगटन पोस्ट ने भी छापा।

## आईपीएल फाइनल अब अहमदाबाद में, प्लेऑफ वेन्यू में बदलाव

**आईपीएल 2025 प्लेऑफ का शेड्यूल**

**क्वालफायर 1 :** 29 मई, मुल्लांपुर, न्यू चंडीगढ़
**एलिमिनेटर :** 30 मई, मुल्लांपुर, न्यू चंडीगढ़
**क्वालफायर 2 :** 1 जून, अहमदाबाद
**फाइनल:** 3 जून, नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद

**मुंबई । एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के फाइनल को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। IPL फाइनल अब ताजा शेड्यूल के मुताबकि अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 3 जून को होगा। मंगलवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की कई बैठकों के दौरान यह निर्णय लिया गया। यह भी समझा जाता है कि अहमदबाद 1 जून को क्वालफायर 2 की भी मेजबानी करेगा। हालांकि, प्लेऑफ के पहले दो मैच यानी क्वालफायर 1 और एलिमिनेटर - क्रमशः 29 मई और 30 मई को मुल्लांपुर, न्यू चंडीगढ़ में खेले जा सकते हैं। इन स्थानों को चुनने में बीसीसीआई के लिए प्राथमिक विचार मौसम की स्थिति थी, क्योंकि देश में धीरे-धीरे बारिश का मौसम शुरू हो रहा है। पहले के शेड्यूल के मुताबकि आईपीएल 2025 का फाइनल कोलकाता के ईडन गार्डन्स में होना था, लेकिन अब इसमें बदलाव कर दिया गया है। ध्यान रहे भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में तनानती के कारण बाद बीसीसीआई ने आईपीएल 2025 को 1 हफ्ते के लिए सस्पेंड कर दिया था।



**धोनी के टी20 में 350 छक्के पूरे**

# चेन्नई ने राजस्थान को दिया 188 रनों का लक्ष्य

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) का 62वां मुकाबला आज चेन्नई सुपरकिंग्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेला जा रहा है. इस मुकाबले में टॉस जीतकर राजस्थान ने पहले गेंदबाजी चुनी थी। चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच होने वाला मुकाबला भले ही प्लेऑफ की दौड़ में कोई मायने न रखता हो, लेकिन दोनों टीमें इस मैच को अपनी तैयारी के लिहाज से काफी अहम मानेंगी। चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान के सामने 188 रनों का लक्ष्य रखा है।

पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी चेन्नई की शुरुआत अच्छी नहीं रही. दूसरे ही ओवर में कॉन्वे को युद्धवीर ने अपना शिकार बनाया. इसके बाद इसी ओवर में उन्होंने उर्विल पटेल को भी अपना शिकार बना लिया. लेकिन इसके बाद आयुष म्हात्रे ने खतरनाक अंदाज में बैटिंग की. म्हात्रे ने 20 गेंद में 43 रनों की पारी खेली. लेकिन छठे ओवर में उनका विकेट गिर गया. इसके बाद अगले ही ओवर में अश्विन भी चलते बने. अश्विन ने 13 रन बनाए. इसके बाद रविंद्र जडेजा से बड़ी पारी की उम्मीद थी. लेकिन जडेजा भी युद्धवीर का शिकार हो गए. जडेजा ने केवल एक रन बनाए. इसके बाद ब्रेविस और शिवम दुबे ने पारी को संभालने की कोशिश की. 10 ओवर के बाद चेन्नई का स्कोर 103-5 था. दोनों के बीच 59 रनों की साझेदारी 14वें ओवर में टूटी जब ब्रेविस 42 रन बनाकर मधवाल का शिकार बने. इसके बाद धोनी और शिवम दुबे में अच्छी साझेदारी हुई. इसी बीच धोनी ने 350 टी20 छक्के भी पूरे किए. दुबे का विकेट 20वें ओवर में गिरा. दुबे ने 39 रन बनाए. जबकि धोनी ने 16 रनों की पारी खेली लेकिन वो भी आखिरी ओवर में आउट हो गए. इसकी बदौलत चेन्नई ने राजस्थान के सामने 188 रनों का लक्ष्य दिया है। ये मैच राजस्थान रॉयल्स का आईपीएल 2025 का आखिरी मुकाबला होगा. इस सीजन में रॉयल्स के पास जश्न मनाने जैसा कुछ नहीं रहा, सिवाय इसके कि उन्होंने वैभव सूर्यवंशी जैसे असाधारण युवा खिलाड़ी को खोजा, जिसने अपने चौंकाने वाले प्रदर्शन से क्रिकेट जगत का ध्यान खींचा।

टीम के लिए सबसे बड़ी समस्या रही नीलामी में खराब गेंदबाज़ों का चयन और मिडिल ऑर्डर का निराशाजनक प्रदर्शन. पॉइंट्स टेबल में 10 में से 9वें स्थान पर रहना बताता है कि उनका गेंदबाज़ी प्रदर्शन औसत से भी नीचे रहा और बल्लेबाज़ी में वे शीर्ष क्रम पर ही निर्भर रहे। दूसरी ओर, चेन्नई सुपर किंग्स के लिए यह सीजन काफी चुनौतीपूर्ण रहा है. अनुभवी खिलाड़ियों पर अधिक भरोसा अब पुरानी रणनीति बन चुकी है, और यह टीम के प्रदर्शन को नुकसान पहुंचा रही है।



- कॉन्वे और उर्विल पटेल दूसरे ओवर में युद्धवीर के शिकार
- राजस्थान रॉयल्स पॉइंट्स टेबल में 9वें स्थान पर रहे

## टेस्ट क्रिकेट के लिए विराट-रोहित की जरूरतः योगराज

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत के पूर्व क्रिकेटर योगराज सिंह ने कहा कि रोहित शर्मा और विराट कोहली, जिन्होंने इस महीने की शुरुआत में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया था, को देश के लाल गेंद वाले क्रिकेट को बचाने के लिए अपने फैसले को वापस लेना चाहिए। रोहित और कोहली के संन्यास लेने के कारण आगामी इंग्लैंड दौरे पर टीम के सबसे वरिष्ठ बल्लेबाजों की कमी खलेगी, जहां भारत को 20 जून से शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। 67 वर्षीय पूर्व क्रिकेटर, जिन्होंने अपने बेटे युवराज सिंह के अलावा शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा जैसे मौजूदा खिलाड़ियों को कोचिंग दी है, ने कहा कि कोहली के पास क्रिकेट को देने के लिए अभी और साल हैं। योगराज ने मंगलवार को 'आईएएनएस' से कहा, "रोहित शर्मा और विराट कोहली को भारतीय टेस्ट क्रिकेट को बचाने के लिए संन्यास से वापस लौटना चाहिए। यह समय अपने बारे में सोचने का नहीं है। यह समय देश, प्रशंसकों और खेल के प्रति लोगों की गहरी भावनाओं के बारे में है। विराट में अभी कम से कम दस साल का क्रिकेट बाकी है।



### 5 मिनट में दूर हो सकती हैं ऋषभ पंत की बल्लेबाजी की खामियां : योगराज

ऋषभ पंत के खराब प्रदर्शन के बाद, मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में एक भी अच्छी पारी नहीं खेल पाने के कारण, पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कोच योगराज सिंह ने उनकी तकनीक में कुछ खामियां देखी हैं। योगराज ने कहा कि इन खामियों को दूर करने में केवल पांच मिनट लगेंगे और इससे लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान फिर से लय में आ जाएंगे और फिर से बड़े स्कोर बना पाएंगे। 67 वर्षीय पूर्व क्रिकेटर, जिन्होंने अपने बेटे युवराज सिंह के अलावा शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा जैसे मौजूदा खिलाड़ियों को कोचिंग दी है, ने कहा कि थोड़े से सुधार के साथ, पंत 'कुछ ही समय में अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में वापस आ जाएंगे'। योगराज सिंह ने मंगलवार को 'आईएएनएस' को दिए साक्षात्कार में कहा, "ऋषभ पंत की समस्या को केवल पांच मिनट में ठीक किया जा सकता है। उनका सिर स्थिर नहीं है और उनका बायां कंधा बहुत अधिक खुल रहा है। थोड़े से ध्यान केंद्रित सुधार के साथ, वह कुछ ही समय में अपनी सर्वश्रेष्ठ स्थिति में वापस आ जाएंगे।

## कोहली, पांडे, अग्रवाल भारत के बेहतरीन फील्डर्स में से हैं : आरसीबी के फीलिंडग कोच

**बेंगलुरु (आईएएनएस)**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली है, और उनके फील्डिंग कोच रिचर्ड हेल्सॉल का मानना है कि आधुनिक क्रिकेट में जीत और हार के बीच का अंतर फील्डिंग है, जिसे अक्सर अनदेखा किया जाता है। आरसीबी कैंप में 'स्टिक' के नाम से मशहूर हेल्सॉल ने कहा, "फील्डिंग खेल का वह क्षेत्र है जिसके बारे में शायद सबसे कम बात की जाती है। लेकिन अब टी20 क्रिकेट में छिपने की बहुत कम जगहें हैं।

आप उस डर या घबराहट के पल को कम करने की कोशिश कर रहे हैं जब गेंद आपकी ओर आ रही हो और अपने कौशल का प्रदर्शन करने में सक्षम हों। यह क्षमता केवल केंद्रित प्रशिक्षण के माध्यम से आती है।

जिन बेहतरीन फील्डर्स के साथ उन्होंने काम किया है, उनमें हेल्सॉल ने एंड्रयू फ्लिंटॉफ और पॉल कोलिंगवुड का नाम लिया है, और भारत से विराट कोहली, मनीष पांडे और मयंक अग्रवाल जैसे खिलाड़ियों का नाम लिया है।




- हर खिलाड़ी की अपनी अलग-अलग ताकत होती है।
- **लेकिन उनकी फील्डिंग सबसे ज्यादा आनंददायक होती है।**
- यही चीज मैं चाहता हूं - ऊर्जा, उत्साह और फुर्ती मैदान पर।

## हर्षल पटेल ने आईपीएल में बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया

**मलिंगा और बुमराह को छोड़ा पीछे**

**लखनऊ । एजेंसी**

सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गेंदबाज हर्षल पटेल ने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में सोमवार को एकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ एकमात्र विकेट लेकर 150 आईपीएल विकेट पूरे किए। हैदराबाद के ज्यादातर गेंदबाजों की तरह हर्षल भी महंगे साबित हुए। फिर भी वह कैश-रिच लीग के इतिहास में सबसे कम गेंदों में यह उपलब्धि हासिल करने में सफल रहे। हर्षल को खेल का अपना एकमात्र विकेट लेने के लिए 16वें ओवर तक इंतजार करना पड़ा। चौथी गेंद पर उन्होंने गति से रहित एक निर्दोष यॉर्कर को अंजाम देकर एडेन मार्करम को बोल्ड किया और 61 (38) के स्कोर पर क्रीज पर उनकी शानदार बल्लेबाजी का अंत किया।



## एमआई ने अस्थायी विकल्प के रूप में बेयरस्टो ग्लीसन और असलंका को किया साइन

**मुंबई (आईएएनएस)**

मुंबई इंडियंस (एमआई) ने इंग्लैंड के जॉनी बेयरस्टो, रिचर्ड ग्लीसन और श्रीलंका के चरित असलंका को विल जैक्स, रयान रिकलटन और कॉर्बिन बॉश के स्थान पर अस्थायी विकल्प के तौर पर अपनी टीम से जोड़ा है। आईपीएल के एक बयान के अनुसार, बेयरस्टो को 5.25 करोड़ रुपये में साइन किया गया है, वहीं तेज गेंदबाज ग्लीसन को एक करोड़ और असलंका को 75 लाख रुपये में टीम से जोड़ा गया है। क्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार अगर मुंबई इंडियंस प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करती है तो ये रिप्लेसमेंट खिलाड़ी वहीं से टीम के साथ उपलब्ध रहेंगे। इस समय एमआई और दिल्ली कैपिटल्स (डीसी ) प्लेऑफ की आखिरी जगह के लिए मुकाबला कर रहे हैं और दोनों के बीच बुधवार को अहम भिड़ंत होगी। यह मैच आईपीएल के 17 मई को फिर से शुरू होने के बाद एमआई का पहला मुकाबला होगा, जो भारत-पाकिस्तान के बीच सीमा पर तनाव के चलते स्थगित हुआ था।



**आईपीएल के अधिकारिक बयान के अनुसार...**

- बेयरस्टो को 5.25 करोड़ रुपये में साइन किया गया है।
- **तेज गेंदबाज ग्लीसन को 1 करोड़ रुपये में टीम में शामिल किया गया है।**
- श्रीलंकाई बल्लेबाज़ असलंका को 75 लाख रुपये में साइन किया गया है।

**व्यापार/लाइफ व साइंस**

# सीसीआई की स्वतंत्र और निष्पक्ष बाजार सुनिश्चित करने में अहम भूमिका : वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष बाजार सुनिश्चित करना न केवल आर्थिक, बल्कि लोकतांत्रिक जरूरत भी है और इस पृष्ठभूमि में भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) बाजारों में प्रतिस्पर्धा को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है। बाजार नियामक भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के 16वें वार्षिक दिवस समारोह को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि प्रतिस्पर्धा दक्षता और इनोवेशन को बढ़ावा देती है और उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचाती है। उन्होंने कहा, "इनोवेशन के लिए प्रतिस्पर्धा महत्वपूर्ण है। एकाधिकार वाले माहौल में विकसित होने की कोई जल्दी नहीं होती। जबकि, प्रतिस्पर्धा के साथ, पीछे छूट जाने का डर संगठनों को टेक्नोलॉजी, डिजाइन, सर्विस और डिलीवरी में इनोवेशन के लिए मजबूर करता है। वित्त मंत्री सीतारमण के अनुसार, फ्री और फेयर ट्रेड मार्केट यह सुनिश्चित करता है कि कोई भी सिंगल प्लेयर रिसोर्सेज पर अपना एकाधिकार न बना ले, विकल्पों को न छिपा सके और प्राइस को ज्यादा न बढ़ा सके। उन्होंने कहा, "इससे हमारे उपभोक्ताओं को लाभ होता है।"



> *इस साल के केंद्रीय बजट में मैंने उत्पादकता और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए सिद्धांतों और विश्वास पर आधारित एक लाइट-टच रेगुलेटरी फ्रेमवर्क के महत्व को बताया था। इसी तरह, नियामकों को विकास समर्थक मानसिकता के साथ नियामक सतर्कता को संतुलित करने के लिए 'न्यूनतम आवश्यक, अधिकतम व्यवहार्य' के सिद्धांत द्वारा निर्देशित होना चाहिए।"*

वित्त मंत्री ने कहा, "भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के पास प्रतिस्पर्धा अधिनियम के तहत तीन मुख्य कार्य हैंः पहला बाजारों में प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना और उसे बनाए रखना। दूसरा उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना तथा व्यापार की स्वतंत्रता सुनिश्चित करना और तीसरा प्रतिस्पर्धा पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाली प्रथाओं को रोकना।

आज की परस्पर जुड़ी हुई और तेज गति वाली वैश्विक अर्थव्यवस्था में, विनियामक मंजूरी में देरी से अनिश्चितता पैदा हो सकती है, वाणिज्यिक समयसीमा बाधित हो सकती है और संभावित रूप से लेनदेन के इच्छित मूल्य में कमी आ सकती है। वित्त मंत्री सीतारमण ने जोर देते हुए कहा, "यह आवश्यक है कि रेगुलेटरी फ्रेमवर्क, कठोर निगरानी बनाए रखते हुए, ऐसे संयोजनों के लिए तेज और निर्बाध मंजूरी की सुविधा भी प्रदान करें, जो प्रतिस्पर्धा को कोई नुकसान न पहुंचाएं। पारंपरिक चुनौतियों के अलावा, हाल के वर्षों में नई चुनौतियों का उदय हुआ है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीकें बाजार की शक्ति, पारदर्शिता, डेटा एक्सेस, एल्गोरिदम संबंधी पूर्वाग्रहों और प्रतिस्पर्धी नुकसान के दायरे को लेकर सवाल उठाती हैं।

वित्त मंत्री ने कहा, "इस साल के केंद्रीय बजट में मैंने उत्पादकता और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए सिद्धांतों और विश्वास पर आधारित एक लाइट-टच रेगुलेटरी फ्रेमवर्क के महत्व को बताया था। इसी तरह, नियामकों को विकास समर्थक मानसिकता के साथ नियामक सतर्कता को संतुलित करने के लिए 'न्यूनतम आवश्यक, अधिकतम व्यवहार्य' के सिद्धांत द्वारा निर्देशित होना चाहिए।

### फिनटेक फर्म मोबिक्विक का नुकसान चौथी तिमाही में बढ़कर 56 करोड़ रहा

**नई दिल्ली ।** फिनटेक कंपनी मोबिक्विक ने वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में 56.03 करोड़ रुपए का कंसोलिडेटेड घाटा दर्ज किया है, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में कंपनी को महज 67 लाख रुपए का मामूली नुकसान हुआ था। वित्त वर्ष 25 की दिसंबर तिमाही में कंपनी को 55.2 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ था। पूरे वित्त वर्ष 25 में कंपनी को 121.5 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। इससे पहले मोबिक्विक ने वित्त वर्ष 24 में 14 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया था। मोबिक्विक की ऑपरेशंस से आय चौथी तिमाही में सालाना आधार पर 1.43 प्रतिशत बढ़कर 267.78 करोड़ रुपए हो गई है, जो कि वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही में 264.98 करोड़ रुपए थी। हालांकि, पिछली तिमाही की तुलना में आय में 0.6 प्रतिशत की कमी आई है।

## कमजोर वैश्विक संकेतों से शेयर बाजार धड़ाम, सेंसेक्स 872 अंक फिसला

**मुंबई (आईएएनएस)**

भारतीय शेयर बाजार के लिए मंगलवार का कारोबारी सत्र नुकसान वाला रहा। बाजार में चौतरफा गिरावट देखने को मिली। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 872.98 अंक या 1.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,186.44 और निफ्टी 261.55 अंक या 1.05 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 24,683.90 पर बंद हुआ। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी बड़ी गिरावट देखने को मिली। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 922 अंक या 1.62 प्रतिशत गिरकर 56,182.65 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 166.65 अंक या 0.94 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 17,483 पर था। शेयर बाजार के गिरने की वजह कमजोर वैश्विक संकेतों को माना जा रहा है। अमेरिकी शेयर बाजार के फ्यूचर्स के साथ ज्यादातर एशियाई बाजार लाल निशान में थे। सभी सेक्टोरल इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए हैं। ऑटो, फाइनेंशियल सर्विसेज, एफएमसीजी, मेटल, मीडिया, एनर्जी और फार्मा सबसे ज्यादा गिरने वाले इंडेक्स थे। सेंसेक्स पैक में इटरनल (जोमैटो), मारुति सुजुकी, एमएंडएम, अल्ट्राटेक सीमेंट, पावर ग्रिड, नेस्ले, बजाज फाइनेंस, एचयूएल, बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स, एसबीआई, टेक महिंद्रा और टाइटन टॉप लूजर्स थे। बीएसई बेंचमार्क में केवल टाटा स्टील, इन्फोसिस और आईटीसी टॉप गेनर्स थे। बाजार में गिरावट की एक और वजह जापान सरकार के बॉन्ड यील्ड में तेजी आना है।



## भारत से तुर्की और अजरबैजान के लिए वीजा आवेदनों में 42 प्रतिशत की गिरावट

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत से तुर्की और अजरबैजान के लिए वीजा आवेदनों में 42 प्रतिशत की तीव्र गिरावट दर्ज की गई है। यह जानकारी मंगलवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। हालिया भारत-पाक संघर्ष में दोनों ही देशों ने सार्वजनिक रूप से पाकिस्तान के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया, जिसके चलते भारतीयों की ओर से इस तरह की प्रतिक्रिया दी जा रही है। वीजा प्रॉसेसिंग प्लेटफॉर्म एटलिस से उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, केवल 36 घंटों के भीतर, वीजा आवेदन प्रक्रिया को बीच में ही छोड़ने वाले यूजर्स की संख्या में 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई। एटलिस के संस्थापक और सीईओ मोहक नाहटा ने कहा, "प्रतिक्रिया तीव्र और व्यवहारिक थी। लोगों को कुछ गंतव्यों से बचने के लिए कहने की आवश्यकता नहीं थी। वे सहज ज्ञान, जानकारी और विकल्पों तक पहुंच के आधार पर आगे बढ़े।




## भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर चर्चा सफल रही : पीयूष गोयल

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**


केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण को पूरा करने के लिए अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक के साथ उनकी बातचीत सफल रही। केंद्रीय मंत्री गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, "भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक के साथ बातचीत अच्छी रही। इससे पहले, केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा था कि अमेरिका के साथ बहुत अच्छी बातचीत चल रही है। विकास और जनसांख्यिकी के आउटलुक को देखते हुए भारत द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए अमेरिका के सामने आकर्षक अवसर पेश करता है।



## 2025 तक 1 ट्रिलियन डॉलर की होगी भारत की डिजिटल इकोनॉमीः डीआईपीए

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोवाइडर्स एसोसिएशन (डीआईपीए) ने मंगलवार को कहा कि अर्बन वायरलेस टेलीडेंसिटी पहले से ही 131.45 प्रतिशत है और जीडीपी में टेलीकम्युनिकेशन 6.5 प्रतिशत से अधिक योगदान दे रहा है। इसी के साथ, भारत एक ऐसे महत्वपूर्ण पड़ाव पर पहुंच गया है, जहां कनेक्टिविटी अपनी पारंपरिक सीमाओं को पार कर गई है। 'डिजिटल इकोनॉमी' के 2025 के अंत तक 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। डीआईपीए के महानिदेशक मनोज कुमार सिंह ने कहा, "हम परिवेशी बुद्धिमत्ता (एंबिएंट इंटेलिजेंस) के जन्म के साक्षी हैं, जहां कनेक्टिविटी दैनिक जीवन के हर पहलू को सशक्त बनाने वाली अदृश्य शक्ति बन गई है। भारत का टेलीकम्युनिकेशन इंफ्रास्ट्रक्चर अब केवल लोगों को जोड़ने के लिए नहीं बल्कि, समाज के अलग-अलग पहलुओं को आपस में जोड़ने और संचालित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।





क्षमता से अधिक बैठे हैं बच्चे

# स्कूली बच्चों को ले जा रहे वाहनों की जांच की गई

**लातेहार।** मंगलवार को जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने ऑटो की जांच की। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देश पर यह कार्रवाई की गयी है। जिला परिवहन पदाधिकारी जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के सामने स्कूली बच्चों को ले जा रहे ऑटो की जांच की। इस दौरान कई ऑटो में क्षमता से अधिक स्कूली बच्चों बैठे पाये गये। इस पर डीटीओ श्री कुमार ने ऐसे ऑटो चालकों को हिदायत दे कर छोड़ा। कहा कि अगली बार क्षमता से अधिक बच्चें बैठे पाये गये तो जुर्माना कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने ऑटो चालकों से यातायात नियमों का पालन करने की बात कही। कहा कि यातायात नियमों का पालन कर ही दुर्घटनाओं को नियंत्रित किया जा सकता है। इस दौरान आठ मोटरसाइकिल का 17 हजार रूपये का ऑनलाइन चालान काटा गया। बता दें कि पिछले सोमवार को डीसी ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में क्षमता से अधिक बच्चों को बैठा कर ऑटो चालकों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। उपायुक्त ने कहा कि क्षमता से अधिक बच्चें ढोने से दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है।

## बिजली के तार से सटकर एक की मौत

**पलामू।** पलामू प्रमंडल के गढ़वा जिले मेराल थाना क्षेत्र के गोंदा गांव में सब्जी की खेती को नीलगाय से बचाने के लिए खेत के चारों तरफ लगाये गये विद्युत प्रवाहित नंगा तार की चपेट में आने से मंगलवार की सुबह में एक अधेड़ की मौत मौके पर ही हो गई। जबकि मृतक का बड़ा भाई बाल बाल बच गए। जानकारी के अनुसार गोंदा गांव में लाईन होटल के बगल में सब्जी की खेती को नीलगाय से बचाने के लिए विद्युत प्रवाहित नंगा तार लगाया गया था, जिसकी चपेट में झूमेलवा टोला के नंदू कुशवाहा (45 ) की मौत घटनास्थल पर ही हो गई, जबकि मृतक का बड़ा भाई लोकी महतो बाल बाल बच गए। लोकी महतो के अनुसार दोनों भाई एक साथ लाइन होटल से चाय पीकर खेत के रास्ते अपने घर जा रहे थे। खेत के रास्ते पर लगाया गया नंगा तार को देखकर में झुक कर पार हो गया, परंतु मेरा छोटा भाई नंदू तार में फंस कर गिर पड़ा और तड़पने लगा, जिसे देखकर आसपास से एक डंडा लाकर तार को तोड़ दिया, परंतु तब तक देर हो गई थी। उल्लेखनीय है कि सोमवार को हुई वर्षा से जमीन गिली थी और नंदू विद्युत प्रवाहित पतला नंगा तार पर ही गिर गए, जिससे उनके शरीर में जोरदार करंट लगा।

## राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय खरगाड़ा के बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**मोहम्मदगंज।** राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय खरगड़ा (हैदरनगर) के वर्ग 6, 7, एवं 8 के बच्चों ने सोमवार को झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के बैग लेस डे प्रोग्राम के तहत स्थानीय ऐतिहासिक पर्यटक स्थल भीमचूल्हा का भ्रमण किया। इस संबंध में जानकारी देते सहायक अध्यापक राजेशनंदन सिंह ने बताया कि इसमें 65 छात्र-छात्राओं के साथ हेडमास्टर संजय कुमार तिवारी सहित शिक्षक उपेंद्र साहू, योगेंद्र साहू, सरस्वती देवी और श्रुति कुमारी शामिल थे।

इस दौरान बच्चों ने इनके मार्गदर्शन में भीमबराज, रेलवे सुरंग,पार्क और सिंचाई परियोजना का शैक्षणिक भ्रमण करने के अलावा भीमचूल्हा के ऐतिहासिक महत्व की जानकारी प्राप्त की। पुजारी गंगा तिवारी और मंदिर के सेवक सत्येंद्र कुमार चंद्रवंशी ने उन्हें भीमचूल्हा के ऐतिहासिक महत्व की जानकारी दी। इस दौरान बच्चों में उत्सुकता और उत्साह नजर आया। माता कुंती और पांडव पुत्रों की आदमकद प्रतिमा के समक्ष ग्रुप फोटोग्राफी भी कराया गया।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर बारियातू में निकाली गई तिरंगा यात्रा



**बारियातू।** भाजपा मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह की नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर की प्रचंड सफलता पर बारियातू मंडल में राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिकों द्वारा सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई. इस तिरंगा यात्रा में लोकप्रिय सांसद कालीचरण सिंह का भी आगमन हुआ तिरंगा यात्रा के प्रखण्ड प्रभारी बिनोद राणा जिला उपाध्यक्ष ब्रजमोहन राम उपस्थित रहे. तिरंगा यात्रा बारियातू हाई स्कूल से लेकर बस स्टैंड होते हुए प्रखण्ड मुख्यालय व पेट्रोल पम्प तक निकाली गई. जिसमें उपस्थित नागरिकों द्वारा भारत माता की जय, वंदे मातरम , विश्व को बस एक संदेश पाकिस्तान आतंकी देश, अब और नहीं सहेगा भारत आतंकवाद को मिटा कर रहेगा भारत, भारत ने सुदर्शन चक्र चलाया है पाकिस्तान ने बिलबिलाया है। नवभारत का जलवा देख पाकिस्तान में मालवा देखा,मारी चोट ठिकाने पे बम गिरे सब निशाने पे, सेना ने दम झोका है आतंकवाद को ठोका है, के नारों के साथ बारियातू मंडल गूंज उठा।मौके पर भाजपा मंडल महामंत्री सत्येंद्र कुमार सिंह, त्रिवेणी साहू ,जिप सदस्य रमेश राम, संघर यादव, अरविंद सिंह ,बिषनाथ सिंह, संतोष प्रसाद, बिनोद राम,जितेन्द्र सिंह,श्रवण ऊंराव, पवन प्रसाद,किशोर राम,शजी निर्मल सिंह, लवकुश सिंह, संजीत कुमार, सुबोध कुमार, नीलु सिंह, ध्रुव सिंह,कामेश्वर ठाकुर, सतीश साहू,धीरज राणा, हिरामण साव नीलु शर्मा सहित काफ़ी सख्या में लोग शामिल थे।


# जल्द पूरा होगा समदा आहर का सौंदर्यीकरण

### लोगों को मिलेगा टहलने और विश्राम का बेहतर स्थल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहरवासियों के लिए एक अच्छी खबर है। रेड़मा स्थित समदा आहर का सौंदर्यीकरण कार्य तेजी से चल रहा है और नगर निगम द्वारा बताया गया है कि कार्य लगभग 60 प्रतिशत पूरा हो चुका है। 15वें वित्त आयोग की योजना के तहत लगभग 1.52 करोड़ रुपये की लागत से इस तालाब को एक बहुउपयोगी स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। पूर्व में यह आहर जलभराव, नाली जल के प्रवाह और वर्षों से उपेक्षा के चलते मृतप्राय स्थिति में पहुंच गया था। बारिश के पानी की कमी और अतिक्रमण के कारण इसका क्षेत्रफल भी घट गया था। इन सभी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा इसकी नापी कराकर जीर्णोद्धार कार्य शुरू किया गया। सौंदर्यीकरण के तहत तालाब का गहरीकरण किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र का जलस्तर बढ़ेगा। चारों ओर पाथवे का निर्माण हो रहा है, ताकि लोग सुबह-शाम टहल सकें। हरा घास, लाइटिंग, ब्लॉक निर्माण और कियोस्क की स्थापना की जा रही है। किनारों पर पेड़-पौधा लगाया जा रहा है जिससे हरियाली बढ़ेगी और पर्यावरण सुधरेगा। इस क्षेत्र के लोगों के लिए अब तक मॉर्निंग वॉक या टहलने के लिए कोई उपयुक्त स्थान नहीं था। उन्हें रांची रोड या पांकी रोड जैसे व्यस्त और असुरक्षित मार्गों का सहारा लेना पड़ता था। समदा आहर के सौंदर्यीकरण से न केवल स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि यह क्षेत्र का एक आकर्षक सार्वजनिक स्थल बनकर उभरेगा। सहायक नगर आयुक्त विश्वजीत महतो ने जानकारी दी कि तालाब के चारों ओर हरित क्षेत्र विकसित किया जा रहा है और जल्द ही यह स्थल वातावरणीय, सामाजिक और स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से उपयोगी बन जाएगा।

तालाब के गहरीकरण से जलस्तर बढ़ेगा
सौंदर्यीकरण से बढ़ेगी शहर की शोभा



# नवविवाहिता की गोली मारकर हत्या

**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू।** पलामू जिले के पाटन थाना क्षेत्र के नौडीहा में सोमवार देर रात नवविवाहिता सिमरन उर्फ सुखू पति विनीत सिंह की गोली लगने से मौत हो गई। पति के अवैध संबंध का विरोध करने पर उसे गोली मार देने का आरोप लगाया गया है। महिला की मौत हो जाने पर उसके ससुराल पक्ष के लोग शव को अस्पताल में छोड़कर फरार हो गए। घटना के सूचना मिलने पर पुलिस जांच में जुट गई है।

शव को पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच में रखा गया है। घटना के बाद से नवविवाहिता के पिता समय अन्य परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल बना हुआ है। 7 फरवरी 2025 को युवती की शादी हुई थी। जानकारी के अनुसार सिमरन को गोली लगने पर उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उसकी गंभीर स्थिति देखते हुए एमएमसीएच लाया गया।
डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर मेदिनीनगर के कुंड मुहल्ला निवासी और मृतका के पिता बृजेन्द्र सिंह ने एमएमसीएच पहुंचे। बेटी की शव देखकर भी बिलखने लगे। रोते हुए कहा कि 7 फरवरी को बेटी की शादी की थी। जमीन बेचकर 30 से 40 लाख रुपए खर्च किए थे। शादी के अगले दिन दामाद ने बेटी को अपने अवैध संबंध की जानकारी दी। विरोध करने पर विदा कर दिया। शादी करके फंस जाने पर मामले में काफी समझाया। इस बीच दामाद ने गैर लड़की से अवैध संबंध तोड़ने के लिए 10 लाख रुपए मांगा ।रुपए नहीं देने पर गोली मार दी गई। घटना से पहले उसकी पत्नी, बेटा और छोटे भाई की पत्नी ने नौडीहा जाकर दामाद को ठीक से रखने के लिए काफी समझाया था। मांगे गए रुपये जमीन बेचकर जल्द देने की बात कही थी, लेकिन इसके आधा घंटा बाद सिमरन उर्फ सुखू को गोली लगने की जानकारी दी गई। अस्पताल में मौत हो जाने पर ससुराल के लोग डेड बॉडी को छोड़कर मौके से फरार हो गए।

## पेज एक के शेष

### विनय कुमार चौबे...

पूर्व में ईडी ने पूर्व उत्पाद सचिव विनय कुमार चौबे और संयुक्त आयुक्त उत्पाद गजेंद्र सिंह के ठिकानों पर छापेमारी की थी। तब सभी अधिकारियों के आईफोन सहित अन्य दस्तावेजों को भी ईडी ने जब्त किया था। झारखंड के तत्कालीन उत्पाद सचिव विनय कुमार चौबे, संयुक्त आयुक्त उत्पाद गजेंद्र सिंह सहित अन्य के विरुद्ध छत्तीसगढ़ की आर्थिक अपराध शाखा रायपुर में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर ही ईडी ने गत वर्ष अपने यहां ईसीआईआर दर्ज किया था। उक्त केस रांची के अरगोड़ा निवासी विकास सिंह की शिकायत पर दर्ज किया गया था। उनका आरोप था कि छत्तीसगढ़ के तत्कालीन वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के सचिव अनिल टुटेजा, छत्तीसगढ़ राज्य मार्केटिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड के तत्कालीन प्रबंध निदेशक अरुणपति त्रिपाठी, रायपुर के बैरन बाजार निवासी अनवर ढेबर और उनके सिंडिकेट ने झारखंड के अधिकारियों के साथ मिलकर साजिश पूर्वक झारखंड की आबकारी नीति में फेरबदल किया। झारखंड में देसी और विदेशी शराब का ठेका सिंडिकेट के लोगों को दिलवाकर धोखाधड़ी की और झारखंड सरकार को करोड़ों का नुकसान पहुंचाया। इस सिंडिकेट में झारखंड में बेहिसाब नकली होलोग्राम लगी देसी शराब की बिक्री कर तथा विदेशी शराब की सप्लाई का काम दिलवाकर उन कंपनियों से करोड़ों रुपये का कमीशन लिया। इन्हीं आरोपों के आधार पर एसीबी झारखंड ने भी समानांतर जांच शुरू की थी।

### शिक्षा की गुणवत्ता...

इसी कड़ी में कई संस्थानों का नामकरण यहां के शहीदों के नाम से किया गया है। धनबाद का बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय भी इसी का परिचायक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के कई शहर-गांव, टोला- मोहल्ला और गली शहीदों के नाम से जाने जाते हैं। यहां के चौक-चौराहों पर हमारे शहीदों, आंदोलनकारियों की लगी प्रतिमा यह बताने के लिए काफी है कि इस राज्य के निर्माण में उनका कितना अहम योगदान रहा है। हम अपने शहीदों एवं आंदोलनकारियों के सम्मान की खातिर उनके कार्यों को स्थापित करने की दिशा में निरंतर कदम बढ़ा रहे हैं। इस अवसर पर मंत्री सुदिव्य कुमार, सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक मथुरा प्रसाद महतो, विधायक अरूप चटर्जी, विधायक चंद्रदेव महतो, विधायक राज सिन्हा, विधायक उमाकांत रजक, विधायक जयमंगल सिंह, विधायक शत्रुघ्न महतो, विधायक जयराम महतो, झारखंड राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष बेबी देवी समेत कई अन्य गण्यमान्य लोगों सहित बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आरके सिंह और जिले के उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक तथा विश्वविद्यालय एवं जिला प्रशासन के कई पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।

### झारखंड की सामाजिक...

उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे इस प्रेरणास्रोत प्रतिमा से सतत सीख लेते रहें। राज्यपाल संतोष गंगवार ने अपने संबोधन में कहा कि यह संस्था विद्यार्थी-केंद्रित संवाद एवं पारदर्शी प्रशासन के आदर्श को साकार करे। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन से छात्रों की समस्याओं के समाधान के लिए सरल, समयबद्ध और पारदर्शी व्यवस्था के लिए आह्वान किया। राज्यपाल ने राज्य की उच्च शिक्षा व्यवस्था पर बोलते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा, वर्तमान स्थिति से वे संतुष्ट नहीं है, लेकिन मैं इसमें सुधार के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध हूं। उन्होंने कहा कि रिक्त कुलपति पदों पर ससमय नियुक्तियां प्राथमिकता के साथ की जा रही हैं और जहां कार्यकाल समाप्ति निकट है, वहां नियुक्ति प्रक्रियाएं समय से पहले आरंभ कर दी गई हैं। राज्यपाल गंगवार ने समारोह में उपस्थित मुख्यमंत्री तथा उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री से आग्रह किया कि झारखंड लोक सेवा आयोग को शीघ्र नियुक्तियों के निर्देश दिए जाएं, ताकि शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मियों की आवश्यकतानुसार नियुक्ति की जा सके और विश्वविद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण सृजित हो। राज्यपाल ने यह भी कहा कि विश्वविद्यालयों को चाहिए कि वे छात्र, शिक्षक और प्रशासन के बीच मजबूत संवाद और समन्वय स्थापित करें। यदि सभी अपना दायित्व निष्ठापूर्वक निभाएं और टीम भावना से कार्य करें, तो सुधार की राह आसान हो सकती है। उन्होंने उल्लेख किया कि वे निरंतर शिष्टमंडलों, शिक्षाविदों और छात्र प्रतिनिधियों से सुझाव प्राप्त करते रहते हैं ताकि झारखंड को ज्ञान और कौशल का गढ़ बनाया जा सके। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने नवाचार और शोध पर बल देते हुए कहा कि विश्वविद्यालयों को ऐसी शोध परियोजनाएं प्रोत्साहित करनी चाहिए, जो सामाजिक सरोकार से जुड़ी हों और देश की प्रगति में सहायक बनें। उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालयों को ऐसा वातावरण तैयार करना चाहिए कि यह अन्य राज्य के विद्यार्थियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनें। उन्होंने विश्वविद्यालयों से कहा कि वे प्रभावी प्लेसमेंट सेल बनाएं, उद्योगों से साझेदारी बढ़ाएँ और ऐसे प्रेरक वातावरण का निर्माण करें जिसमें गुरु-शिष्य संबंध और प्रगाढ़ हो तथा नवाचार को बढ़ावा मिले। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय केवल डिग्री प्रदान करने का केंद्र नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन और चरित्र निर्माण का माध्यम होना चाहिए। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन, शिक्षकों, छात्रों और राज्य सरकार से आह्वान किया कि वे मिलकर झारखंड को एक सशक्त व आदर्श एजुकेशन हब में स्थापित करें।

### उपलब्धि : रांची ने...

आठवीं प्री-बोर्ड परीक्षा के आयोजन से बेहतर हुआ छात्रों का प्रदर्शन : रांची जिला के आठवीं के बच्चों के बेहतर रिजल्ट की नींव उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, रांची मजूनाथ भजंत्री द्वारा रखी गई। जब उनके निदेशानुसार राज्य में आठवीं प्री-बोर्ड परीक्षा आयोजित करने वाला रांची एकमात्र जिला बना। जैक की तर्ज पर 20, 21 एवं 22 जनवरी 2025 को प्री-बोर्ड का आयोजन किया गया। उपायुक्त द्वारा ऑनलाइन प्रश्न पत्र जारी किए गए और ओएमआर शीट पर परीक्षा ली गयी ताकि छात्रों को वास्तविक परीक्षा का अनुभव मिल सके।

## हैदरनगर में पहली बार इंटर प्रथम वर्ष के 936 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर स्थित राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय में इस वर्ष पहली बार इंटर वर्ग की परीक्षा आयोजित की गई है। प्राचार्य बैद्यनाथ राम ने बताया कि इंटर प्रथम वर्ष के कला, वाणिज्य व विज्ञान विषय के कुल 978 परीक्षार्थी का परीक्षा केन्द्र पहली बार इस विद्यालय में स्थापित किये गये हैं। जिसमें मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के रौल कोड 31093 उत्क्रमित हाईस्कूल पांती, रौल कोड 31098 पीएमश्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय व रौल कोड 31095 प्लस टू हाईस्कूल संडा (हुसैनाबाद) के परीक्षार्थी को शामिल किया गया है। इस परीक्षा के पहले दिन अंग्रेजी और दूसरी पाली में कला संकाय के हिन्दी (कोर) विषय में परीक्षार्थियों ने भाग लिया है। परीक्षार्थियों की कुल संख्या में मात्र 7 वाणिज्य जबकि सर्वाधिक विज्ञान संकाय में 522 जबकि इसी संकाय में पीएमश्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय के 333 परीक्षार्थी शामिल हैं। परीक्षार्थियों की उपस्थिति डाटा में जुटे सहायक शिक्षक सुमन कुमार सहित अन्य शिक्षकों ने बताया कि विज्ञान संकाय में अधिकांश परीक्षार्थी की संख्या के अपेक्षित अन्य संकाय में इनकी संख्या कम देखी गई है। इससे छात्रों को विज्ञान विषय के प्रति अधिक रुझान के संकेत मिलते हैं।

### गव्य विकास ने पलायन रोकने को बनाई कार्य योजना

**हैदरनगर।** जिला मन्त्र निकास पदाधिकारी पलामू ने ग्रामीण और पंचायत के गांवों से मजदूरों सहित अन्य लोगों को राज्य से बाहर पलायन रोकने को लेकर कार्य योजना तैयार करने में जुटी है। बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने बताया कि जिला गव्य पदाधिकारीबने पलायन रोकने के लिए संबंधित सर्वाधिक प्रभावित पंचायत से पांच ग्रामों की सूची उपलब्ध कराने को कहा दया है। उपरोक्त विषय के संबंध में कहना है पलायन को रोकने के लिए कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा प्रभावीं कार्य योजना तैयार कर रही है। उन्होंने सर्वे रिपोर्ट के हवाले से बताया कि पलामू जिला के 30 ग्राम पलायन की समस्या से अत्यधिक ग्रस्त है।

## सरकार द्वारा कृषकों से क्रय किया गया धान की एक मुश्त राशि भुगतान करने की मुख्यमंत्री से मांग की

**नवीन मेल संवाददाता**

- छह माह बीत गए अब तक कृषकों को पूरी राशि प्राप्त नहीं हो सकी है।
- कृषकों को झांसा में रखकर, सरकार उन्हें दलदल में फंसा रही है।
- किसानों ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि कृषकों के हित में इस पत्र की तिथि से 15 दिन के अन्दर किसानों के धान की राशि का भुगतान कराने की मांग की है।

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के डूमरहत्था समेत अन्य कई गांव के किसानों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी समेत संबंधित मंत्री व सचिव को लिखे पत्र में कहा है कि किसान काफी मेहनत से अनाज पैदा करता है। सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष धान की खरीद के बाद पैसा का भुगतान काफी विलंब से होता है। किसानों ने कहा कि उनकी बेटा बेटी की शादी बीमारी पढ़ाई लिखाई उसी पैसे के भरोसे होती है। सरकार धान तो खरीद लेती है मगर भुगतान इतना विलंब होता है कि वह टूट जाते हैं। डूमरहत्था के किसान प्रियरंजन सिंह का कहना है कि सभी कृषक सरकारी दर पर धान का बिक्री किये थे। सरकार द्वारा यह कह कर धान क्रय किया था कि 24 घंटे के अन्दर कृषकों के बैंक खाते में राशि का भुगतान कर दिया जायेगा। परन्तु छह माह बीत गए अब तक कृषकों को पूरी राशि प्राप्त नहीं हो सकी है। जिससे किसान सरकार से धान बेंच कर कर्ज में डूब गये है। कृषकों की आर्थिक स्थिति- बदहाल हो चुकी है। कृषक अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए साहुकारों से कर्ज लेने को विवश हैं। एक तरफ सरकार कृषकों की आय दुगुनी करने की बात करती है, दूसरी तरफ किसानों को साहुकारों के जाल में फंसने को मजबूर करती है। किसानों ने कहा कि कृषकों को झांसा में रखकर, सरकार उन्हें दलदल में फंसा रही है। सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत कोई भी सरकारी कार्य 15 दिन के अन्दर निष्पादित करने का प्रावधान है। फिर भी कृषकों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। सरकार कृषकों के साथ धोखा धड़ी कर रही है। कृषकों द्वारा विभागीय पदाधिकारी या मंत्री को लिखित देने के तिथि से 15 दिन के अन्दर कृषकों के किसी भी कार्य का निष्पादन नहीं किया जाता है, तो संवंधित मंत्री व विभागीय पदाधिकारी के विरुद्ध सेवा समाप्त की मांग करेंगे। किसानों ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि कृषकों के हित में इस पत्र की तिथि से 15 दिन के अन्दर किसानों के धान की राशि का भुगतान कराने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि विवश होकर कृषक राजभवन के समक्ष आमरण अनशन करने को बाध्य होंगे। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेवारी सरकार की होगी। पत्र की प्रतिलिपि मंत्री, खाद्य आपूर्ति एवं सार्वजनिक मामले, झारखंड सरकार, मंत्री, वित्त विभाग ,झारखण्ड सरकार, नेता प्रतिपक्ष, झारखष्ट विधानसभा, सचिव, खाद्य आपूर्ति विभाग, झारखण्ड सरकार, उपायुक्त पलामू, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, पलामू को भी दिया है।

## स्थापना के 15 साल बाद भी प्रखंड में अलग बाल विकास परियोजना नहीं

**मोहम्मदगंज।** स्थापना के 15 साल बाद भी इस प्रखंड में अलग बाल विकास परियोजना नहीं बनी है। ऐसी स्थिति में इस प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्रों का 20 किमी दूर हुसैनाबाद स्थित बाल विकास परियोजना से संचालन और नियंत्रण कैसे संभव होता है, अहम् सवाल बना हुआ है। जबकि हुसैनाबाद से अलग मात्र किमी पर ही स्थित हैदरनगर प्रखंड में इसकी स्थापना के 6 साल बाद ही 2013 से ही बाल विकास परियोजना अस्तित्व में आ गई है। मगर, पंसस ममता देवी और बीडीसी के साथ ही 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के इस बाबत प्रस्ताव देने के बाद भी अबतक भी हुसैनाबाद से अलग इस प्रखंड मुख्यालय में बाल विकास परियोजना की जरूरत पूरी नहीं की गई है। इसका लोगों को मलाल है। ऐसी स्थिति में इस प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन और नियंत्रण में समस्या के साथ ही विशेष मौकों पर सेविकाओं और सहायिकाओं के लिए बैठकों में शामिल होना जोखिम और परेशानी का सबब बताया जाता है।

# मौसम बना अनुकूल : लहलहा रही मूंग की फसल किसानों ने अच्छी पैदावार की उम्मीद जताई

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** गर्मा फसलों में महत्वपूर्ण मूंग फसल के अनुकूल मौसम की वजह से किसानों ने इसकी अच्छी पैदावार की उम्मीद जताई है। किसान रामजन्म राम और कृष्णा यादव ने कहा कि इस क्षेत्र में गर्मी के मौसम में लंबे अरसे से मूंग की खेती करना किसानों की शौक में शुमार हो गया है। इसकी बड़ी वजह उन्होंने अन्य क्षेत्रों की अपेक्षा बेहतर बिजली आपूर्ति को बताया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मुख्य नहर के लाइनिंग वर्क को लेकर लगातार दो-तीन वर्षों से भीमबराज में भारी जलसंग्रहण से सिंचाई कूप और बोरिंग का जलस्तर कम नहीं हो पाती है। इससे मूंग के फसल की नियमित रूप से सिंचाई संभव हो जाती है। नियमित सिंचाई के साथ ही कभी-कभी बारिश और हिट वेव व अप्रत्याशित रूप से तापमान में वृद्धि की वजह से मूंग फसल लहलहाती रही है।



इसे देखते हुए इसकी अच्छी पैदावार की उम्मीद की जा सकती है। उन्होंने बताया कि सिंचाई के संसाधन से संपन्न कई गांवों के किसानों ने घरों के आसपास जबकि अन्य वर्षों की तरह इस बार भी रामनगर के साथ ही शिलापर और बिचलाडीह के किसानों ने कोयल तटवर्ती खेतों में मूंग की बोवाई की है। इससे एक बड़े क्षेत्र में फैली हरियाली से हिट वेव के बीच आते-जाते लोगों के आंखों को सुकून भी मिलता है। बयार भी ठंडी लगती है। किसानों का कहना है कि रबी फसल के बाद खाली पड़ी खेत में गर्मी के सीजन में मूंग की खेती आमदनी के श्रोत के साथ ही किफायत में दाल की जरूरत भी पूरी कर रही है। बोवाई के 45 दिनों बाद फलियों में दाने लगने लगते हैं। जबतक झमाझम बारिश नहीं हो जाता है, तबतक 3-4 बार फलियों से दाने मिलते हैं। इसके डंठलों को भी खेतों से हटाने की जरूरत नहीं होती है। बल्कि बरसात के साथ खरीफ फसलों खासकर, धान उत्पादन को लेकर खेतों की जुताई के साथ सड़-गलकर मिट्टी में मिल जाते हैं। जो उर्वरक के रूप में खरीफ फसलों के लिए फायदेमंद साबित होती हैं। इस तरह से इसमें पूंजी निवेश घाटे का सौदा नहीं होती है। कुल मिलाकर एक दशक से अधिक समय से मूंग की खेती नगदी फसल के तौर पर किसानों के लिए फायदेमंद साबित हुआ है।

## जन शिकायत निवारण में उपायुक्त ने सुनी ग्रामीणों की समस्या, दिये उचित दिशा-निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक–एक कर उनकी समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। आज के जन शिकायत निवारण में कुल 11 आवेदन प्राप्त हुए जो मुख्य रूप से भूमि अधिग्रहण, जमीन



विवाद, रोजगार, कस्तुरबा गांधी विद्यालय में नामांकन से संबधित जुड़े आवेदन आये। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएँ को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े शब्दों में निदेशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए , समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करें।

## तुर्किए, स्विट्जरलैंड या वेटिकन में से एक जगह होगी बैठक

# यूक्रेन और रूस के बीच होगी सीधी वार्ता

वाशिंगटन/मॉस्को/कीव (हि.स.)

### शांति वार्ता से पहले ट्रंप की वैश्विक नेताओं से चर्चा, वेटिकन बना संभावित मेजबान



ट्रंप ने पुतिन से बातचीत करने से पहले जेलेंस्की, यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन, फ्रांसीसी राष्ट्रपति, इतालवी प्रधान मंत्री जियोर्जिया मेलोनी, जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज और फिनिश राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब से बातचीत की। ट्रंप ने कहा कि वेटिकन भी वार्ता की मेजबानी करने के लिए तैयार है।जेलेंस्की ने सोमवार को ट्रंप से दो बार बात की। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने सोमवार शाम प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि अगले दौर की वार्ता के लिए स्थान तय c नहीं हुआ है। मगर यह वार्ता तुर्किये, स्विट्जरलैंड या वेटिकन में से किसी एक स्थान पर होगी। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट कहना है कि राष्ट्रपति ट्रंप का लक्ष्य इस संघर्ष को समाप्त होते देखना है।

वर्षों से युद्ध में उलझे रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष विराम कराने के वैश्विक प्रयास कुछ हद तक कामयाब होते दिख रहे हैं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच कल चली दो घंटे की टेलीफोनिक बातचीत काफी हद तक सफल रही। पुतिन को ट्रंप काफी हद तक समझाने में सफल रहे। इस दौरान यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की बातचीत शुरू होने से पहले और खत्म होने के बाद तक ट्रंप के संपर्क में रहे। जेलेंस्की का कहना है कि युद्ध विराम पर अगले दौर की वार्ता तुर्किये, स्विट्जरलैंड या वेटिकन में से किसी एक स्थान पर हो सकती है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, रूस के राष्ट्रपति पुतिन कल राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई बातचीत के बाद यूक्रेन के साथ शांति समझौते पर बातचीत करने के लिए तैयार हो गए हैं। लेकिन उन्होंने व्यापक रियायतों की अपनी मांग दोहराई है।

ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर कहा कि दो घंटे तक चली कॉल बहुत अच्छी रही। अब रूस और यूक्रेन तुरंत युद्ध समाप्त करने की दिशा में बातचीत शुरू करेंगे। ट्रंप ने बताया कि पुतिन से वार्ता के बाद उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपति और यूरोपीय नेताओं से भी बात की है। हालांकि अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने दिन की शुरुआत में पुतिन की स्थिति पर सवाल उठाया था। उन्होंने कहा था कि उन्हें यकीन नहीं है कि व्लादिमीर पुतिन के पास युद्ध को समाप्त करने के लिए कोई रणनीति है। सीएनएन चैनल की खबर के अनुसार, पुतिन ने ट्रंप से फोन पर बातचीत के लिए सोची तट पर स्थित एक संगीत विद्यालय को चुना। ट्रंप ने अपने ओवल ऑफिस से बातचीत की। पुतिन ने अपनी टिप्पणियों में स्पष्ट किया कि वह हिंसा को समाप्त करने की अपनी अधिकतम मांगों से पीछे नहीं हट रहे हैं। पुतिन ने भी ट्रंप से हुई बातचीत को सार्थक बताया। ट्रंप ने कहा कि पुतिन शांति में रुचि रखते हैं।

ट्रंप ने पुतिन से बातचीत शुरू करने से पहले संवाददाताओं से कहा कि उन्हें और पुतिन को संघर्ष के समाधान पर चर्चा करने के लिए जल्द ही मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि युद्ध विराम की शर्तें यूक्रेन और रूस ही तय करेंगे। इसमें किसी की मध्यस्थता की जरूरत नहीं। ऐसा इसलिए कि दोनों को अपनी-अपनी स्थिति मालूम है। इससे पहले ट्रंप ने रविवार शाम यूरोपीय नेताओं से मॉस्को पर युद्ध विराम के लिए दबाव बनाने के तरीकों के बारे में बात की थी। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने कहा कि रूस यदि इसे गंभीरता से नहीं लेता तो नए प्रतिबंध लगाने चाहिए।

## वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती

# जब तक कोई ठोस मामला सामने नहीं आता कोर्ट इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकता : सीजेआई

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय में वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई जारी है। भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने आज वक्फ संशोधन अधिनियम को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं से कहा कि संसद द्वारा पारित कानून में संवैधानिकता की धारणा होती है और जब तक कोई ठोस मामला सामने नहीं आता, कोर्ट इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकतीं। सीजेआई गवई व जस्टिस एजी मसीह की पीठ वक्फ संशोधन अधिनियम को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है, जो बीते माह कानून बन गया। इससे पहले कोर्ट ने तीन मुद्दे तय किए थे – उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ, वक्फ परिषद व राज्य वक्फ बोर्डों में गैर-मुस्लिमों का नामांकन और वक्फ के तहत सरकारी भूमि की पहचान। केंद्र ने तब आश्वासन दिया था कि वह मामले का हल होने तक इन मुद्दों पर कार्रवाई करेगा। शीर्ष अदालत में जब सुनवाई शुरू हुई तो केन्द्र सरकार के वकील सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि केंद्र ने इन तीन मुद्दों पर अपना जवाब दाखिल कर दिया है। उन्होंने कहा कि हालांकि, याचिकाकर्ताओं की लिखित दलीलें अब कई अन्य मुद्दों तक हैं। मेरा अनुरोध है कि इसे केवल तीन मुद्दों तक ही सीमित रखा जाए।याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल व अभिषेक मनु सिंघवी ने इस पर आपत्ति जताई। सिंघवी ने कहा कि तत्कालीन सीजेआई (संजीव खन्ना) ने कहा कि हम मामले की सुनवाई करेंगे और देखेंगे कि क्या अंतरिम राहत दी जानी चाहिए। अब हम तीन मुद्दों तक सीमित रहने के लिए नहीं कह सकते। सुनवाई के दौरान तुषार मेहता ने कहा कि बेंच ने पहले तीन मुद्दे उठाए थे स्टे के लिए। हमने इन तीनों पर जवाब दाखिल किया था, लेकिन अब लिखित दलीलों में और भी मुद्दे शामिल हो गए हैं। सिर्फ तीन मुद्दों तक सुनवाई सीमित हो। कपिल सिब्बल ने इसका विरोध किया, सॉलिसिटर जनरल मेहता ने कहा कि शुरुआत में तीन बिंदु तय किए गए। हमने तीन पर जवाब दिए, लेकिन पक्षकारों ने इन तीन मुद्दों से भी अलग मुद्दों का जिक्र किया है।कोर्ट सिर्फ तीन हो मुद्दों पर फोकस रखे। कपिल सिब्बल ने विरोध करते हुए कहा कि हम तो सभी मुद्दों पर दलील रखेंगे। मंदिरों की तरह मस्जिदों में 2000-3000 करोड़ चंदे में नहीं आते। सिब्बल ने कहा कि पिछले अधिनियम में पंजीकरण की आवश्यकता थी और क्योंकि आपने पंजीकरण नहीं कराया- इसे वक्फ नहीं माना जाएगा।कई 100, 200 और 500 साल पहले बनाए गए थे। जब सीजेआई ने पूछा कि क्या पंजीकरण की आवश्यकता है? इस पर सिब्बल ने कहा कि यह था, लेकिन पंजीकरण न कराने पर कोई परिणाम नहीं था। सीजेआई ने कहा कि हम इसे रिकॉर्ड पर ले रहे हैं। 2013 के दौरान वक्फ बाय यूजर के लिए पंजीकरण आवश्यक नहीं था? क्या यह स्वीकार्य था? सिब्बल ने कहा कि हां, यह स्थापित प्रथा है। वक्फ बाय यूजर को पंजीकृत करने की आवश्यकता नहीं है।कपिल सिब्बल ने कहा कि 1954 के बाद वक्फ कानून में जितने भी संशोधन हुए, उनमें वक्फ प्रॉपर्टी का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य था। कोर्ट ने पूछा- क्या वक्फ बाय यूजर में भी पंजीकरण अनिवार्य था। सिब्बल ने हां में जवाब दिया। अदालत ने कहा- तो आप कह रहे 1954 से पहले उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ का पंजीकरण आवश्यक नहीं था और 1954 के बाद यह आवश्यक हो गया। वक्फ बाय यूजर को लेकर सिब्बल ने कहा कि मंदिरों में चढ़ावा आता है लेकिन मस्जिदों में नहीं। यही वक्फ बाय यूजर है। बाबरी मस्जिद भी ऐसी ही थी। 1923 से लेकर 1954 तक अलग अलग प्रावधान हुए, लेकिन बुनियादी सिद्धांत यही रहे।कपिल सिब्बल ने कहा कि वक्फ को दान दी गयी निजी संपत्तियों को केवल इसलिए छीना जा रहा है क्योंकि कोई विवाद है। इस कानून को वक्फ संपत्तियों पर कब्जा करने के लिए डिजाइन किया गया है। सिब्बल के तर्क पर अदालत ने कहा कि दरगाहों में तो चढ़ावा होता है। इस पर सिब्बल ने कहा कि मैं मस्जिदों की बात कर रहा हूं। दरगाह अलग है।सिब्बल ने कहा कि एक बार वक्फ हो गया तो हमेशा के लिए हो गया। सरकार उसमें आर्थिक मदद नहीं दे सकती। मस्जिदों में चढ़ावा नहीं होता, वक्फ संस्थाएं दान से चलती हैं। सिब्बल ने कहा कि कलेक्टर जांच करेंगे। जांच की कोई समय सीमा नहीं है। जब तक जांच रिपोर्ट नहीं आएगी तब तक संपत्ति वक्फ नहीं मानी जाएगी। सीजेआई ने पूछा कि क्या इससे धर्म का पालन करने पर रोक लग जाती है? इसके जवाब में सिब्बल ने कहा कि यह प्रावधान अनुच्छेद 25 का उल्लंघन है। संशोधन से वक्फ को सरकार ने अपने पास से लिया है। इसके बाद यदि कोई अनुसूचित जनजाति मुस्लिम है और वक्फ बनाना चाहता है, तो ऐसी संपत्ति वक्फ नहीं है और यह सीधे तौर पर अधिग्रहण है और अनुच्छेद 25 के तहत अधिकार छीन लिया जाता है।सिब्बल ने कहा कि मैं सरकार को क्यों दिखाऊं कि मैं एक मुसलमान हूं। इसका फैसला कौन करेगा और मैं 5 साल तक क्यों इंतजार करूं। यह अनुच्छेद 14, 25 और 26 का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि अब वक्फ बाय यूजर को हटा दिया गया है। इसे कभी नहीं हटाया जा सकता। यह ईश्वर को समर्पित है, यह कभी खत्म नहीं हो सकता। अब यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि केवल वही वक्फ बाय यूजर बचेगा जो रजिस्टर्ड है। कपिल सिब्बल की दलीलें सुनने के बाद सीजेआई बीआर गवई ने कहा कि खजुराहो में एक मंदिर पुरातत्व विभाग के संरक्षण में है, फिर भी लोग वहां जाकर पूजा-प्रार्थना कर सकते हैं। सिब्बल ने कहा कि नया कानून कहता है कि अगर कोई संपत्ति एएसआई संरक्षित है तो यह वक्फ नहीं हो सकती। सिब्बल ने कहा कि एक अन्य प्रावधान लाया गया है जिसमें वक्फ करने वाले का नाम और पता, वक्फ करने का तरीका और वक्फ की तारीख मांगी गई है, लोगों के पास यह कैसे होगा? 200 साल पहले बनाए गए वक्फ मौजूद हैं और अगर वे यह नहीं देते हैं तो मुतवल्ली को 6 महीने के लिए जेल जाना पड़ेगा।



● वक्फ के सभी मुद्दों पर दलील रखेंगे, मंदिरों की तरह मस्जिदों में 2000-3000 करोड़ चंदे में नहीं आते- कपिल सिब्बल

## कोई रिसीव करने तक नहीं आया

# चीन में पाकिस्तान के डिप्टी पीएम की जबरदस्त बेइज्जती!



**चीन।** चीन में पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री की बेइज्जती हुई है। इशाक डार के लिए प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया गया। डार को चीन का कोई मंत्री रिसीव करने नहीं आया। चीन के सरकारी ऑफीसर ने इशाक डार को रिसीव किया। आपको बता दें कि पाकिस्तान के डिप्टी प्राइममिनिस्टर इशाक डार चीन के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के तहत उनके देश के आतंकी शिविरों को निशाना बनाए जाने के बाद बीजिंग आने वाले पहले प्रमुख पाकिस्तानी अधिकारी हैं। यह हमला 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमलों में 26 लोगों की जान जाने के जवाब में किया गया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने एक प्रेस वार्ता में कहा कि चीन और पाकिस्तान सदाबहार रणनीतिक सहयोगी साझेदार हैं... डार की यह आगामी यात्रा पाकिस्तान सरकार द्वारा चीन-पाकिस्तान संबंधों के विकास को दी जाने वाली उच्च महत्ता को दर्शाती है।

## कोविड-19 की वापसी?

# सिंगापुर और हांगकांग में कोरोना के बढ़े मामले

**नई दिल्ली ।** मामलों में वृद्धि का कारण कमजोर होती प्रतिरक्षा और उभरते वायरस उत्परिवर्तन, विशेष रूप से जेएन.1 स्ट्रेन और उसके उप-वंश को माना जा रहा है। भारत में 12 मई से अब तक 164 नए मामले दर्ज किए गए हैं, जिससे देश में सक्रिय कोविड 19 मामलों की कुल संख्या 257 हो गई है। केरल, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में वर्तमान में सबसे अधिक मामले सामने आ रहे हैं। एशिया में एक बार फिर से कोरोना वायरस ने दस्तक दे दी है। कोरोना वायरस की दस्तक फिर से हो गई है। सिंगापुर और हांगकांग में कोविड 19 के मामलों में इजाफा हुआ है। भारत में इससे लोगों में डर पैदा हो गया है। कोरोना वायरस ने वर्ष 2020-21 में पूरे भारत और दुनिया भर में तबाही मचाई थी। इसकी कई खौफनाक यादें लोगों के मन में है। वहीं अब भारत के केरल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र में कोरोना वायरस के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। मुंबई में भी केईएम अस्पताल में दो कोरोना संक्रमित मरीजों की मौत हो चुकी है।

# पतन शुरू हो गया है, सोना, चांदी व बिटक्वाइन से खुद को बचाएं : रॉबर्ट कियोसाकी

ब्यूरो



● अगला संकट 1.6 ट्रिलियन डॉलर के स्टूडेंट लोन डेट मार्केट के पतन से शुरू हो सकता है

**नई दिल्ली।** रिच डैड पुअर डैड के बेस्टसेलिंग लेखक रॉबर्ट कियोसाकी ने दुनिया को संभावित वैश्विक वित्तीय संकट के बारे में कहा कि हर संकट इसलिए बड़ा हो जाता है क्योंकि उसकी मूल समस्याएं कभी हल नहीं होती हैं। कियोसाकी ने वित्तीय इतिहास के बड़े मौकों की ओर इशारा किया – 1998 में वॉल स्ट्रीट द्वारा हेज फंड एलटीसीएम का बेलआउट, 2008 में केंद्रीय बैंकों द्वारा वॉल स्ट्रीट का बेलआउट – और सवाल किया कि आगे क्या होगा। "2025 में, मेरे लंबे समय के मित्र जिम रिकाड्र्स पूछ रहे हैं: केंद्रीय बैंकों को कौन बचाने जा रहा है?" उन्होंने लिखा है। कियोसाकी के अनुसार, इन बढ़ती समस्याओं की शुरुआत 1971 में हुई, जब राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन ने अमेरिकी डॉलर को गोल्ड स्टैंडर्ड से हटा दिया। उन्होंने रिकाड्र्स के विचार को दोहराया कि अगला संकट 1.6 ट्रिलियन डॉलर के स्टूडेंट लोन डेट मार्केट के पतन से शुरू हो सकता है। कियोसाकी ने अपनी पुरानी सलाह दोहराते हुए कहा कि पारंपरिक बचत अब सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि खुद को बचाने का सबसे अच्छा तरीका "नकली फिएट मनी को बचाना नहीं है।" उन्होंने लिखा, "जैसा कि मैंने 25 साल पहले कहा था, रिच डैड पुअर डैड में, अमीर पैसे के लिए काम नहीं करते हैं और बचत करने वाले हारे हुए होते हैं। सरकारी बचाव का इंतजार करने के बजाय, कियोसाकी ने लोगों को मामलों को अपने हाथों में लेने की सलाह दी।

एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, "आप असली सोना, चांदी और बिटकॉइन बचाकर खुद को और अपने परिवार को सुरक्षित करें। कोई ईटीएफएस नहीं।" उन्होंने कड़ी चेतावनी के साथ अपनी बात खत्म करते हुए लिखा,"जिस क्रैश के बारे में मैंने 2012 में रिच डैड की भविष्यवाणी में चेतावनी दी थी, वह शुरू हो गई है कृपया ध्यान रखें। अपने आप को सुरक्षित रखें।

## इज़राइल का बड़ा कदम

# नेतन्याहू के इस कदम से हमास को मिलेगा ऑक्सीजन



**इजरायल।** दो महीने तक खाने पानी के सामान की सप्लाई बंद रहने के बाद आखिरकार गाजा के लोगों के लिए एक राहत की खबर आई। इजरायल ने फिलहाल गाजा में खाद्य सामग्री यानी फूड सप्लाई की इजाजत दे दी है। 2 मार्च से इजरायल ने गाजा में खाने पीने की चीजों के आने पर रोक लगा दी थी। इजरायल की तरफ से गाजा में लगातार हमले जारी हैं। दावा किया जा रहा है कि ये हमले हमास के ठिकानों पर किए जा रहे हैं। इजरायल की तरफ से ऐलान किया गया है कि तकरीबन दो महीने की नाकाबंदी के बाद वो गाजा में सीमित मात्रा में मानवीय सहायता की इजाजत देगा। खाद्य सुरक्षा को लेकर दुनियाभर के विशेषज्ञों की तरफ से अकाल की चेतावनी दिए जाने के बाद इजरायल ने ये फैसला लिया है।

## कर्नल सोफिया कुरैशी पर टिप्पणी मामला


# सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर मंत्री विजय शाह के खिलाफ एसआईटी का गठन

भोपाल (आईएएनएस)



सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर कैबिनेट मंत्री विजय शाह की विवादित टिप्पणी मामले में एसआईटी गठित कर दी गई है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर एमपी सीआईडी ने एसआईटी का गठन किया है, जिसमें आईजी प्रमोद शर्मा, डीआईजी कल्याण चक्रवर्ती, डिंडोरी एसपी वाहिनी सिंह को शामिल किया गया है। सीआईडी ने इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिए हैं। इस आदेश में कहा गया, "माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली द्वारा प्रकरण क्रमांक डायरी नंबर- 27093/2025 (कुंवर विजय शाह विरुद्ध उच्च न्यायालय, म.प्र. एवं अन्य) में पारित निर्णय दिनांक 19.05.2025 के पालन में जिला इंदौर (ग्रामीण) के थाना मानपुर के अपराध क्रमांक 188/25 धारा 152, 196 (1) (बी), 197 (1) (सी) भारतीय न्याय संहिता 2023 की विवेचना हेतु निम्नानुसार विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया जाता है। प्रमोद वर्मा, पुलिस महानिरीक्षक, सागर जोन, सागर। कल्याण चक्रवर्ती, उप पुलिस महानिरीक्षक, विशेष सशस्त्र बल, पुलिस मुख्यालय, भोपाल। वाहिनी सिंह, पुलिस अधीक्षक, जिला डिण्डोरी। उच्चतम न्यायालय के आदेश एवं प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रति संलग्न है। यह सुनिश्चित करें कि माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का अक्षरशः समय-सीमा में पालन किया जाए। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने विजय शाह के मामले में जांच करने के लिए एसआईटी गठन करने का आदेश दिया था। कुछ दिनों पहले मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी पर की विवादित टिप्पणी की थी।

# स्वतंत्र फिल्मों को चाहिए सरकार और समाज का साथ




अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी का मानना है कि स्वतंत्र फिल्में और निर्देशक भारत को प्रसिद्धि दिलाते हैं लेकिन जब फिल्म महोत्सव से इनकी घर वापसी होती है तो यहां उन्हें पर्याप्त समर्थन नहीं मिलता है। अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी का मानना है कि स्वतंत्र फिल्में और निर्देशक भारत को प्रसिद्धि दिलाते हैं लेकिन जब फिल्म महोत्सव से इनकी घर वापसी होती है तो यहां उन्हें पर्याप्त समर्थन नहीं मिलता है। 'इंडी' फिल्म या स्वतंत्र फिल्म एक फीचर फिल्म या लघु फिल्म है जिसका निर्माण प्रमुख फिल्म स्टूडियो प्रणाली के बाहर किया जाता है और इनका वितरण स्वतंत्र मनोरंजन कंपनियों द्वारा किया जाता है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी का मानना है कि अनुराग कश्यप, पायल कपाड़िया और नीरज घेवान की फिल्मों ने बॉलीवुड की बड़ी परियोजनाओं की तुलना में अंतरराष्ट्रीय बाजार में जगह बनाने में अधिक योगदान दिया है। सिद्दीकी के अनुसार, स्वतंत्र फिल्म निर्माता भारत के गली-मोहल्लों और कोनों के पात्रों को चित्रित करते हैं और सिर्फ प्रवासी समुदाय तक सीमित नहीं रहते। सिद्दीकी ने साक्षात्कार में कहा, ''यदि ऐसी (स्वतंत्र) फिल्मों को समर्थन मिले तो बहुत कुछ हो सकता है।

